# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 26 मई 2025





Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


# रूस-यूक्रेन युद्ध ने रोकी डीएपी की सप्लाई, सोसाइटियां खाली, चाहिए सवा दो लाख टन से ज्यादा, अभी तक पहुंची सिर्फ 44 हजार टन

सत्यम शर्मा ▶▶| राजनांदगांव

खास खबर

रूस-यूक्रेन विवाद की वजह से किसानों के सामने डीएपी खाद का संकट आ गया है। पिछले कुछ सालों में खेती करने वाले किसानों के बीच सर्वाधिक चर्चित खाद बन चुके डीएपी की मांग हर साल बढ़ रही है, लेकिन पिछले दो साल से किसानों को इस खाद के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इस बार हालात यह है कि मांग के मुकाबले दस फीसदी वितरण भी किसानों को नहीं हो पाया है। ऐसे में किसान अब विकल्प तलाशने की कवायद में जुट गए हैं। दरअसल, डीएपी का आयात रूस, जॉर्डन और इस्त्राइल से होता है और वहां हालात बिगड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश में खरीफ सीजन के दौरान लगभग किसान धान की खेती करते हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बेमेतरा के 102 में से 55 सोसाइटियों में डीएपी नहीं

बेमेतरा जिला प्रशासन ने राज्य शासन से 63370 मीट्रिक टन खाद की मांग की थी, लेकिन 34216 क्विंटल ही खाद मिली है। खाद के स्टॉक में डीएपी की मात्रा और भी कम है। जिले की 102 समितियों के माध्यम से खाद वितरण का काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जिले की 55 समितियों में डीएपी बिल्कुल नहीं है, इसके अलावा किसानों को समिति दूसरी खाद दे रही है, इसका किसान विरोध कर रहे हैं।

## मानसून करीब और खाद का संकट, किसानों को डीएपी का विकल्प दिया जा रहा



### मांग से आधा ही उत्पादन

एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार भारत में हर साल लगभग 100 लाख टन डीएपी की खपत होती है। ज सिका अधिकांश हिस्सा आयात से पूरा क िया जाता है। यही कारण है कि आयात प्रभावित होते ही संकट बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है। डीएपी के ल िए भारत की न र्भिरता आयात पर बढ़ रही है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय के मुताबिक साल 2019-2020 में हमने 48.70 लाख मीट्र कि टन डीएपी का आयात क िया था, जो 2023-24 में बढ़कर 55.67 लाख मीट्रिक टन हो गई थी, लेकिन पिछले एक साल में युद्ध के चलते आयात भी मांग अनुसार नहीं हो पाया है।

### प्रदेश को चाहिए 2.35 लाख टन डीएपी

मिली जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन के लिए प्रदेश के किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने के लिए 2.35 लाख टन भंडारण का टारगेट तय किया गया है। इसके मुकाबले अब तक 44626 टन का ही भंडारण हो पाया है। इसमें भी किसानों तक 17545 टन डीएपी खाद ही पहुंची है। पिछल साल के आंकड़े देखे को प्रदेश के किसानों को 30 सितंबर तक 215085 टन डीएपी खाद का वितरण किया गया था।

### डीएपी के विकल्प की तकनीकी सलाह

डीएपी संकट से जूझ रहे किसानों को राज्य सरकार द्वारा अब विकल्प के तौर पर तकनीकी सलाह दी जा रही है। राज्य सरकार के कृषि महकमे ने बकायदा पम्पलेट का वितरण शुरू किया है। इसमें किसानों को धान सहित अन्य फसलों में डीएपी की जगह अन्य उर्वरकों की जानकारी दी जा रही है।



### युद्ध से बढ़ा खाद संकट

भारत को डीएपी यानी डाई-अमोनियम फॉस्फेट का सबसे ज्यादा आयात रूस, जॉर्डन और इस्राइल से करना पड़ता है, लेकिन पिछले एक साल के दौरान दुनिया में दो बड़े युद्ध देखने को मिले। पहला रूस और यूक्रेन के बीच और दूसरा इस्राइल और ईरान के बीच। मतलब जिन दो बड़े देशों से सबसे ज्यादा डीएपी की सप्लाई होती है, वो युद्ध में रहे। इन युद्ध के चलते समुद्री मार्ग भी काफी अधिक प्रभावित हुआ। यह एक मुख्य कारण रहा कि भारत में डीएपी की कमी देखने को मिल रही है।

जून के पहले सप्ताह में छत्तीसगढ़-मप्र पहुंचने का अनुमान

# चार राज्यों में झूमकर आया मानसून महाराष्ट्र में भी समय से पहले दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र में पहुंच गया है। अगले तीन दिनों में इसके मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों तक पहुंचने की उम्मीद है। आईएमडी ने कहा कि मानसून रविवार को अरब सागर के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक, संपूर्ण गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी, तथा मिजोरम,मणिपुर और नगालैंड के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा से होकर गुजरती है।

आईएमडी ने कहा, मानसून के मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ अन्य भागों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इसके अलावा मानसून के अगले तीन दिनों के दौरान बेंगलुरु सहित कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, पश्चिम-मध्य और उत्तरी बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ और हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है। महाराष्ट्र ▶▶|शेष पेज 7 पर

## केरल के बाद कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में बारिश



*देश में मानसून की एंट्री समय से पहले ही हो गई है। इससे गर्मी की मार झेल रहे लोगों को काफी राहत मिली है। केरल के बाद कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में रविवार को मानसून ने दस्तक दे दी। रविवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, पुणे, कोल्हापुर सहित पहाड़ी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, छत्तीसगढ़ में भी बादल छाए रहें, वहीं कुछ स्थानों पर बारिश हुई।*

**नौतपा का पहला दिन राहत भरा**

**अगले तीन दिनों में कई राज्यों में बारिश का अनुमान**

### केरल के सभी जिलों में भारी बारिश

24 मई को मानसून की एंट्री के बाद से केरल के सभी जिलों में भारी बारिश जारी है। 25 मई को भी तेज हवा और बारिश जारी रही। इसके कारण कई पेड़ उखड़ गए, घर क्षतिग्रस्त हो गई, कई नदियों के उफान पर होने के चलते बांध ओवरफ्लो हो गए।

### 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने श के 21 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड में ओले गिरने और राजस्थान में धूल भरी आंधी-हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं, रविवार से नौतपा की भी शुरुआत हो गई, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान भीषण गर्मी होती है। नौतपा का पहला दिन कई राज्यों में राहतभरा रहा।

### इधर, दिल्ली में राहत के साथ आफत

दिल्ली में शनिवार रातभर हुई बारिश और आंधी ने उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत दी, लेकिन परेशानी भी बढ़ाई। विमान परिचालन बाधित हुआ, पेड़ एवं बिजली के खंभे उखड़ गए और कई इलाकों में जलभराव हो गया। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण पारे में भारी गिरावट आई और राष्ट्रीय राजधानी का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 6.9 डिग्री कम है। दिल्ली एयरपोर्ट के मुताबिक खराब मौसम के कारण 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मिंटो रोड, मोती बाग और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 के अलावा कई सड़कों पर पानी भर गया। छह घंटे में 81.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की और इस दौरान 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

**इन क्षेत्रों में पहुंचा मानसून :** मौसम विभाग ने कहा कि मॉनसून रविवार को अरब सागर, कर्नाटक, पूरे गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी और मिजोरम के कुछ हिस्सों, मणिपुर और नागालैंड के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। आईएमडी ने कहा, मॉनसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा से होकर गुजरती है।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में गूंजी दहाड़, कैमरे में कैद हुआ बाघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

*उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक सप्ताह पहले बाघ के पांव के चिन्ह मिलने के बाद 200 से ज्यादा कैमरा लगाए गए थे*

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से बड़ी खबर सामने आई है। यहां करीब ढाई साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर टाइगर की मौजूदगी दर्ज हुई है। इस बार बाघ की पहली स्पष्ट तस्वीर टाइगर रिजर्व के ट्रैप कैमरे में कैद हुई है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने की है। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले जंगल में दो भैंसों और हाल ही में एक बैल के शिकार की घटना के बाद टाइगर की मौजूदगी का ▶▶|शेष पेज 7 पर



### क्या कहते हैं वन अफसर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उदनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि लगभग ढाई वर्ष बाद बाघ की तस्वीर टाइगर रिजर्व की जंगल में लगाए गए कैमरे में कैद हुई है।यहां 200 से ज्यादा कैमरे लगाए गए है।

### उदंती सीतानदी में 200 से ज्यादा कैमरे लगाए गए

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पिछले दिनों बाघ के पग चिन्ह मिलने के बाद वन विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र मे अलर्ट घोषित कर दिया गया था। विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर ▶▶|शेष पेज 7 पर






निर्वाचन आयोग का ऐलान

# चार राज्यों में पांच सीटों पर 19 जून को उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर 19 जून को उपचुनाव होगा। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, गुजरात में दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा तथा केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी। गुजरात में कडी सीट पर उपचुनाव विधायक करसनभाई पुंजाभाई सोलंकी के निधन के ▶▶|शेष पेज 7 पर



### 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं चुनावी प्रक्रिया

चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन पांच सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनके लिए अधिसूचना कल यानी 26 मई को जारी की जाएगी। नामांकन का आखिरी तारीख 2 जून है। नामांकन की जांच 3 जून को की जाएगी। उम्मीदवारों के पास अपने नाम वापस लेने मौका 5 जून तक मिलेगा। इन सीटों पर सभी चुनावी प्रक्रिया 25 जून से पहले पूरी की जानी हैं।

घर छोड़ने के बाद दोबारा नहीं लौटा

# बसव कॉलेज के समय जेल गया और फिर वहां से निकलकर बना नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

हरिभूमि फॉलोअप

देश के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ नारायणपुर सीसी मेंबर बीआर दादा उर्फ बसव राजू नक्सल संगठन से जुड़ने से पहले जेल जा चुका था। झगड़े में छात्रा की मौत से जुड़े मामले में वह जेल गया और छूटने के बाद उसकी दशा और दिशा बदल गई। पिछले दिनों बसव को सुरक्षा बलों द्वारा मार गिराया गया। नक्सलवाद का ▶▶|शेष पेज 7 पर

*शव लेने आए भाई ने होनहार छात्र से नक्सलवाद से जुड़ने तक के सफर को हरिभूमि से किया साझा*





**सरकार की योजनाओं का करता था विरोध :** बसवराजू के दो भाई और हैं, जो गांव में खेती किसानी करते हैं और अपने जीवन यापन करते हैं। यहां सरकार के नियम कानून का पालन करते हैं, लेकिन वहीं बड़ा भाई बसवा राजू सरकार की योजनाओं का विरोध करता रहा। नक्सली संगठन का सबसे बड़ा महासचिव बना और छत्तीसगढ़-नारायणपुर नहीं, बस्तर समेत कई राज्यों में नक्सली विचारधारा को बढ़ावा दिया।

हरिभूमि न्यूजः भिलाई। सहकारी राशन दुकानों में खाद्य विभाग ने नया ई पास मशीन दी है। इस मशीन में उपभोक्ताओं का थम्ब ही नहीं स्क्रीन हो पा रहा है। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को राशन लेने के लिए कई बार आना पड़ रहा है। दुर्ग जिलेभर में 600 सहकारी राशन दुकानों में इस पास मशीनों भेजा गया है। इस मशीन के माध्यम से जिले के 4.98 लाख राशन कार्डधारियों को राशन बांटे जा रहे हैं।

## सरकारी दुकानों में भेजी गई है 600 नई ई-पास मशीन

**केस 1** मरोदा निवासी उपभोक्ता रामकुमार राशन दुकान से इस महीने का अब तक राशन नहीं ले पाए हैं। इस उपभोक्ता का अंगूठे का थम्ब ही नहीं लग रहा है। पूरे महीने में पांच बार राशन दुकान जा चुके हैं।

**केस 2** चंद्रनगर निवासी देवकी पांडेय को भी इस महीने का राशन नहीं मिल पाया है। उसके पास मोबाइल ही नहीं है। मोबाइल से आधार लिंक नहीं है। इसलिए अब लोक सेवा केंद्रों का चक्कर काट रही है।

**केस 3** रिसाली निवासी रमेशरी बाई उम्रदराज हो चुकी है। बीमार व असहाय है। इस वृद्धा को दुकानदार ने परिजनों के सहयोग से लोक सेवा केंद्र तक गए। वहां उनका मोबाइल नंबर लिंक करवाया गया।

# 4.96 लाख राशन कार्डधारियों का थम्ब स्क्रीन नहीं लग पाने के कारण खाद्यान्न से हो रहे वंचित

### जून में तीन महीने का देना है राशन

जून महीने में प्रत्येक उपभोक्ताओं को तीन महीने का एक साथ राशन बांटने के निर्देश भी मिल चुके हैं। दुकान संचालकों के लिए यह सोचनीय विषय हो गया है कि आखिर राशन एक साथ कैसे बांटेंगे। एक साथ राशन वितरण करने में समय भी ज्यादा लगेगा और ईपास मशीन में तकनीकी दिक्कत बनी हुई है। वहीं उपभोक्ताओं की परेशानी यह है कि एक महीने का राशन तो मिल नहीं पा रहा है तो तीन महीने का एक साथ राशन लेने के लिए ज्यादा भीड़ के बीच मशक्कत करनी पड़ेगी।



**उम्रदराज और असहायों के लिए बनी मुसीबतः** जिले में 5 हजार से ज्यादा हितग्राही ऐसे हैं जो उम्रदराज हो चुके हैं। वैसे ही दिव्यांग और असहाय हितग्राही भी हैं। हर सोसायटी में ऐसे हितग्राही हैं जो राशन दुकान नहीं आ पाते। ऐसे लोगों को राशन बांटना चुनौती बन गई है। दुकानदार बताते हैं कि ऐसे हितग्राहियों का आधार अपडेट व लिंक करवाने के लिए किराए से वाहन कर ले जा रहे हैं। बीमार लोगों के साथ भी यही दिक्कत है।

### आधार अपडेट करवाने लोकसेवा केंद्रों में चक्कर

राशन दुकानों में यह सूचना चस्पा कर दी गई है कि नई ईपास मशीन में तकनीकी समस्या चल रही है। इसलिए हितग्राहियों को अंगूठा लगाकर राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं से कहा गया है कि वे अपना आधार अपडेट करवा लें। साथ ही आधार को मोबाइल नंबर से लिंक भी करवाएं। इससे ओपीटी आएगी। इस सूचना के बाद उपभोक्ता लोक सेवा केंद्रों का अलग चक्कर काट रहे हैं, ताकि आधार अपडेट करवा सकें और मोबाइल नंबर भी लिंक हो जाए।

### मोबाइल से ओटीपी मांग रहे दुकानदार

कुमारी बाई, गौकरण वर्मा, सुरेश साहू, कलावती चंद्राकर आदि ने बताया कि वे इस महीने राशन लेने के लिए चार बार आ चुके हैं। हर बार अंगूठा का स्क्रीन ही नहीं हो रहा है। इसलिए इस महीने का राशन ही अब तक नहीं ले गए। दुकानदार अंगूठा नहीं लगने पर कहते हैं कि मोबाइल लेकर आओ। मोबाइल से ओटीपी आएगा। उसी ओपीटी के आधार पर राशन देंगे। इधर ज्यादातर उपभोक्ताओं के पास स्वयं का मोबाइल नहीं है। घर के किसी सदस्य के पास है भी तो वह अपनी ड्यूटी के लिए सुबह ही निकल जाता है।

## खबर संक्षेप



### नई गंजमंडी में बेच रहे थे ब्राउन शुगर, 50 पुड़िया के साथ दो गिरफ्तार

भिलाई। मोहन नगर थाना अंतर्गत नई गंजमंडी धमधा नाका क्षेत्र में ब्राउन शुगर बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा। उनके पास से 50 पुड़िया ब्राउन शुगर जब्त की गई। पकड़े गए आरोपियों में देवेन्द्र उर्फ मोन्टू पिता राजेश विश्वकर्मा, उम्र 31 साल और करन पिता महेंद्र रंगारी उम्र 23 साल शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। नशे के सौदागरों की पतासाजी की जा रही है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि नई गंजमंडी स्थित सब्जी मंडी के बाद 2 लोग ब्राउन शुगर बेच रहे हैं। इसके बाद आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### केवाइसी अपडेट करने का झांसा देकर 27 लाख की ठगी, 3 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** केवाइसी अपडेट करने का झांसा देकर एक व्यक्ति से बैंक खाते की जानकारी लेकर 26 लाख 74 हजार 701 रुपए लोन लेकर ठगी की गई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से सायबर थाना पुलिस ने ओडिशा नक्सल क्षेत्र में दबिश देकर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, सकरी निवासी जॉनसन एक्का को अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया और अपने आपको बैंक अधिकारी बताकर एकाउंट अपडेट करने को कहा। उसके बाद बातों में उलझाकर उन्हें आनलाइन केवाइसी अपडेट करने प्रक्रिया बताकर ओटीपी नम्बर ले लिया। उसके बाद श्री जॉनसन के बैंक खाते से 26 लाख 74 हजार 701 रुपए लोन लेकर ठगी कर ली गई थी। सायबर थाना पुलिस साइबर सेल के माध्यम से तकनीकी प्रार्थी के बैंक खाता, बैंक स्टेटमेंट व सायबर अपराध पोर्टल में किए रिपोर्ट का एटीआर रिपोर्ट के आधार खाताधारकों एवं मोबाइलधारकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। बैंक खाता धारकों की जानकारी, आनलाइन ट्रांजेक्शन व घटना से संबंधित तकनीकी जानकारी लेने के बाद पता चला कि आरोपी ओडिशा का है। आईजी डा. संजीव शुक्ला, एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सायबर थाना पुलिस ओडिशा जाकर वहां के पुलिस का सहयोग लेकर नक्सल क्षेत्र में दबिश दी और ठगी करने वाले 3 आरोपियों को पकड़ लिया।

#### पकड़े गए आरोपी

कृष्णा लूहा पिता बिबाना लुहा 42 साल ढिपापल्ली उलूंडा सोनेपुर, ओडिशा, गुलेख कुम्हार पिता लाला कुम्हार 40 साल ढिपापल्ली उलूंगा सोनेपुर, ओडिशा, पंकज कुमार खैतान पिता जगदीश प्रसाद खैतान 44 साल विवेकानंदपल्ली रेल्वे कालोनी प्लांट साईट राउलकेला सुंदरगढ़ ओडिशा

### घर में घुसे डकैत, चाकू के नोक पर दिया वारदात को अंजाम

# सात नकाबपोश परिवार को बंधक बना ले गए नकद व जेवरात सहित 18 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम चरौदा में देर रात सात नकाबपोश डकैतों ने चाकू की नोंक पर परिवार को बंधक बनाया फिर घर से करीब 8 लाख कैश और 10 लाख के जेवरात लेकर फरार हो गए। इस दौरान आरोपियों ने परिवार के मोबाइल फोन भी छीन लिए। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही देर रात से पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

■ छुरा के ग्राम चरौदा में बीती रात हुई डकैती

मिली जानकारी के मुताबिक चरौदा निवासी सूर्यकांत मित्तल किराना व्यवसायी हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार की दरमियानी रात पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था। रात करीब एक से डेढ़ बजे अज्ञात नकाबपोश चोर घर के पीछे से चैनल गेट तोड़कर वहां पहुंचे। बदमाशों ने सबसे पहले परिवार के सदस्यों को बंधक बनाया और दूसरे कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान चोरों ने धमकी दी कि अगर किसी ने शोर मचाया या पुलिस को सूचना दी तो जान से मार देंगे।

बताया गया कि चोर हथियारों के साथ बहुत ही सटीक योजना बनाकर आए थे। उन्होंने सभी मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए। इसके बाद घर की अलमारी में रखी नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। परिवार किसी तरह बंधक से मुक्त हुआ और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के आला अधिकारी, फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी जांच के लिए पहुंच गई।(पुलिस टीम फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ घटनास्थल की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। आशंका है कि चोरों ने घटना से पहले रेकी की होगी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव जैसे शांत इलाके में ऐसी घटनाएं होने से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने रात्रि गश्त, चेकिंग और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।



#### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट, अपहरण, धमकी और आपराधिक साजिश जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह चोरों के किसी पेशेवर गिरोह का काम है, जो काफी समय से इलाके में वारदात की फिराक में था। मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## बांध में डूबने से बच्ची की मौत, अगली सुबह सदमे में मौसी ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

रसेला से 6 किलोमीटर दूर ग्राम पलेमा में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार दोपहर को हुई एक दर्दनाक घटना ने एक नहीं बल्कि दो परिवारों की ज़िंदगी बदल दी। जहां 6 वर्षीय मासूम बच्ची की बांध में डूबने से मौत हो गई वहीं अगली ही सुबह उसकी मौसी ने आत्महत्या कर ली। इस दोहरी त्रासदी से गांव में मातम पसर गया है। बता दें की बच्ची सारिका ठाकुर, जो मूलतः पलेमा से लगे पास के गांव कामराज की रहने वाली थी, गर्मी की छुट्टियां मनाने अपनी नानी के गांव पलेमा आई हुई थी। शनिवार की दोपहर, सारिका अपनी 21 वर्षीय मौसी पानो सोरी के साथ पलेमा और कोड़ामाल गांव के बीच स्थित झुलनमारी बांध में घोंघी (जल-जंतु) बिनने गई थी। पानो अपनी भांजी सारिका को लेकर बांध पहुंची थी। दोनों अलग-अलग जगहों पर घोंघी बिनने में व्यस्त थीं। मासूम सारिका फिसलकर गहरे पानी में चली गई। उसे तैरना नहीं आता था। जब तक पानो की नज़र पड़ी, तब तक बच्ची डूब चुकी थी। उसने चीख-पुकार की, गांव वाले मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्ची का शव बाहर निकाला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बच्ची की सांसें थम चुकी थीं।

■ बच्ची की मौत के बाद से गुमसुम थी मौसी, खुद को दे रही थी दोष





## महिला की बेरहमी से हत्या, दो पड़ोसी गिरफ्तार, अंधविश्वास बना जानलेवा कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

जादू- टोना के शक पर पड़ोस में रहने वाले लोगों ने एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में दो पड़ोसियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी श्याम यादव ने थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराया उसकी बुआ पद्मा यादव वार्ड क्र. 13 खरोरा स्थित अपने घर में अकेली रहती है। 25 मई को दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे सूचना प्राप्त हुई कि वह मृत अवस्था में पड़ी हुई है। जिस पर प्रार्थी अपनी बुआ के घर जाकर देखा तो उसकी बुआ पद्मा यादव के सिर, सीना, व हाथ पैर में चोट के निशान थे, कंधे के पास बोल्डर पत्थर खून लगा हुआ पड़ा था तथा थोड़ी दुर में टूटा हुआ डण्डा पड़ा हुआ था। आरोपी द्वारा बोल्डर पत्थर व डण्डा से मारकर पद्मा यादव की हत्या कर दिया गया था। आरोपियों ने बताया कि मृतिका उनके ही जमीन को उनके दादाजी से सस्ते दाम में खरीदकर घर बनाकर अकेली रहती थी। आरोपियों को शक था कि मृतिका पद्मा यादव जादू टोना करती है एवं नींबू मिर्ची फेंकती है। आरोपियों के पत्नियों का गर्भपात भी हुआ था।

■ पकड़े गए आरोपी राजू यादव, जीवन यादव दोनों निवासी थाना खरोरा जिला रायपुर




### करेंगुट्टा हिल्स में सैकड़ों आईईडी मौजूद

# ऑपरेशन समाप्त होने के बाद भी करेंगुट्टा हिल्स ग्रामीणों के लिए अब भी प्रतिबंधित

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

नक्सलियों के खिलाफ फोर्स द्वारा चलाए गए अब तक के सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन से घबराए नक्सलियों ने करेंगुट्टा हिल्स में शरण लेने के लिए हजारों की संख्या में आईईडी प्लांट कर पिछले कुछ वर्षों में पूरे पहाड़ पर कब्जा कर लिया था। वहीं क्षेत्र के दर्जनभर से अधिक गांव के लिए फरमान जारी कर पहाड़ की ओर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। 21 अप्रैल से 11 मई 2025 के बीच 21 दिन तक नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। फोर्स के प्रति ग्रामीणों में विश्वास बढ़ा है। इस आपरेशन के समाप्त होने के बावजूद अब भी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए सैकड़ों की संख्या में आईईडी लगे हुए हैं। ग्रामीण इस इलाके में न तो आखेट के लिए जा पा रहे है और न ही वनोपज सग्रंह के लिए। एक तरह से आपरेशन समाप्त होने के बाद भी करेंगुट्टा हिल्स ग्रामीणों के लिए प्रतिबधिंत क्षेत्र है। लेकिन यह अधिक दिनों तक नहीं रह सकेगा। पूरे इलाके को आईईडी मुक्त करने के बाद ग्रामीण पुनः इस इलाके में आखेट व वनोपज सग्रंह के लिए जा सकेगें। करेंगुट्टा हिल्स के करीब छग के बीजापुर जिले का पुजारी कांकेर, गलगम, उदलापल्ली, चिनाउटलापल्ली, भीमारग, मल्लेपेट्टा, गुंजेपाल के अलावा तेलगांना के आधा दर्जन गांव आते हैं।



### 12 सौ वर्ग किमी की सर्चिंग पूरी, जारी रहेगा ऑपरेशन

नक्सलियों के खिलाफ करेंगुट्टा हिल्स में चलाए गए अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन के दौरान 12 सौ वर्ग किमी की सर्चिंग पूरी कर ली गई है। इस दौरान 450 से अधिक आईईडी व 818 नग बीजीएल सेल बरामद कर नष्ट किया जा चुका है। हम दावा नहीं कर रहे है कि पूरी तरह इलाके को आईईडी व नक्सलमुक्त कर लिया गया है। लेकिन आगे भी हमारी नियमित प्रक्रिया और इलाके में ऑपरेशन व सर्चिंग जारी रहेगी। जल्द ही पूरे इलाके को माओवादियों से मुक्त कर लिया जाएगा। इसके लिए हम प्रयासरत है। बहुत जल्द क्षेत्र के ग्रामीण पूर्व की तरह इन इलाकों में वनोपज सग्रंह व आखेट के लिए आ जा सकेंगे।

-सुंदरराज पी, आईजी बस्तर

### नम्बी व नीलम सराय वॉटरफॉल ग्रामीणों के लिए आस्था का प्रतीक

करेंगुट्टा हिल्स से लगा नम्बी व नीलम सराय वॉटरफॉल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है। नक्सलियों के शरणस्थली बनने से पूर्व तक पर्यटक भी इस वॉटरफॉल में आने जाने लगे थे। नक्सलियों की शरणस्थली बनने के बाद इन वॉटरफॉल में भी ग्रहण लग गया है। अब ग्रामीणों को इंतजार है कि कब नक्सलियों के कब्जे से पूरे इलाके को आईईडी मुक्त कर लिया जाएगा। जिसके बाद पूर्व की तरह पर्यटक व ग्रामीण इन इलाकों में जा सकेंगे। अब तक सुरक्षाबलों ने करेंगुट्टा हिल्स से माओवादियों की 4 तकनीकी इकाइयों को नष्ट किया है जिनका उपयोग नक्सलियों द्वारा बीजीएल सेल, देशी हथियार, आईईडी और अन्य घातक हथियारों के निर्माण के लिए किया जा रहा था।

### डेढ़ माह पहले कोसाबाड़ी से लापता हो गई थी

# पुलिस ने परिजन के नार्को से पहले कराई पॉलीग्राफ जांच

हरिभूमि न्यूज : लोरमी

डेढ़ माह पहले कोसाबाड़ी से लापता बच्ची के मामले में पुलिस ने परिजन की नार्को जांच से पहले पॉलीग्राफ एवं अन्य जांच कराई है। ग्राम कोसाबाड़ी में डेढ़ माह पहले अपनी मां के साथ सोते समय रहस्यमयी ढंग से लापता हो गई थी। 10 मई को घर से लगभग आठ सौ मीटर दूर स्थित कंचनपुर के श्मशान घाट के नीचे खेत में एक मानव कंकाल मिलने की बाद पुलिस की जांच को नई दिशा मिली। मानव कंकाल के अवशेष को सिम्स से रायपुर जांच के लिए भेजा गया है। डॉक्टरों ने मानव कंकाल को एक 8 वर्ष से कम उम्र की बच्ची का अवशेष बताया है। मानव कंकाल एवं अवशेष बरामद होने के बाद पुलिस ने स्थानीय न्यायालय से बच्ची के परिजन के तीन सदस्यों का नार्को परीक्षण कराने की अनुमति मांगी थी। न्यायालय से अनुमति मिलने से पहले पुलिस ने परिजन का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया और अब उनका ब्रेन टेस्ट व नार्को टेस्ट कराने की तैयारी चल रही है। मानव कंकाल के अवशेष के साथ परिजन का डीएनए टेस्ट के लिए सैम्पल लिए रायपुर एफएसएल लैब भेजा है।



### नहीं मिली डीएनए रिपोर्ट

लापता बच्ची के परिजन की डीएनए रिपोर्ट नहीं आई है। परिजन की पॉलीग्राफ जांच कराई गई है। इसके बाद ब्रेन व नार्को टेस्ट होगा। डॉक्टरों ने मानव कंकाल को आठ वर्ष से कम उम्र की बच्ची का अवशेष होने की जानकारी दी है। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

-नवनीत पाटिल, एसडीओपी

### माता-पिता व भाभी की होगी जांच

पुलिस के अनुसार मामले में लापता बच्ची की मां पुष्पा सहित तीन सदस्यों पिता जनक एवं रिश्ते में भाभी रितु का नार्को परीक्षण कराने न्यायालय से अनुमति ली है। इससे पहले उनका पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जा चुका है। अब ब्रेन टेस्ट व नार्को के लिए तिथि निर्धारित होना बाकी हैं। 10 मई को मामले में मानव कंकाल मिलने एवं एक अंडरवियर की बरामदगी के बाद पुलिस के उच्चधिकारियों ने परिजन का नार्को टेस्ट व डीएनए मिलान कराने फैसला लिया। अहम सुराग मिलने से मामले में पुलिस जांच को सफलता मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि मामले सीबीआई की टीम से आवश्यक सहायता ली जा सकती है।

### फेसबुक लाइव में लाखों लोगों ने उनके कार्य को सराहा

# मंत्री ओपी चौधरी पहुंचे खेत, जमीन में बैठकर किया भोजन, बताए खेती के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मोर खेती की कड़ी में रविवार को वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी अपने खेत पहुंचे। जहां उन्होंने फेसबुक में लाइव आकर देसी स्टाइल में जमीन पर बैठकर भोजन किया। इसके बाद अपने फॉलोवर्स को खेती के गुर बताए। इस दौरान लाखों लोगों ने उनके इस कार्य को सराहा और लाइक्स, कमेंट्स के माध्यम से उनका अभिवादन किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी की बात ही निराली है। अपने व्यस्त जीवन में समय निकाल कर कभी-कभी वो अपने खेत पहुंचते हैं, जहां वो कई सालों से खेती कर रहे हैं। यहां पहुंच कर वो फेसबुक लाइव के माध्यम से अपने फॉलोअर्स को खेती करने के तरीके, उनके फायदे और फसलों के बचाव को लेकर तरीके बताते हैं। उनका यह स्टाइल उन्हें राजनीति से परे एक अलग ही दुनिया में ले जाता है, जिसे देखने के लिए एक साथ लाखों लोग उनके फेसबुक लाइव से जुड़ जाते हैं। काफी दिनों बाद रविवार को भी मंत्री ओपी चौधरी अपने गांव स्थित खेत पहुंचे। जहां उन्होंने फेसबुक लाइव आकर सबसे पहले जमीन में बैठ कर भोजन किया। इसके बाद फॉलोवर्स को खेती की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अपने सालों के खेती के अनुभव को भी लोगों के सामने साझा किया।



### फसलों को लू से बचाने लगाए हैं सन का पौधा

वित्त मंत्री ओपी ने कहा कि लीची नारियल को लू से बचाने के लिए चारों तरफ बांस लगाए गए हैं, ताकि तेज धूप से वो बच सकें। इसके अलावा खेत में भी फसलों के चारों तरफ सन के पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में उनका अनुभव रहा है कि 15 मई से 15 जून तक बहुत तेज गर्मी पड़ता है। यही कारण है कि उनके द्वारा सन का पौधा लगाया गया है, जबकि नारियल, लीची आम सहित अन्य फसलों को लू से बचा सके। फेसबुक लाइव के अंत में उन्होंने फॉलोअर्स को जय हिंद, जय भारत, जय छत्तीसगढ़ के जयघोष के साथ लाइव पर विराम लगाया।

रायपुर

सोमवार, 26 मई 2025

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 23, अंक : 308
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 34.7
न्यून. 25.9

## 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था, किचन भी अलग



रायपुर के एयरपोर्ट पर शराब बेचने वाला रेस्टोरेंट शानदार क्वालिटी का होगा। यहां एक समय में अलग-अलग 50 लोगों के बैठने की व्यवस्था के साथ किचन भी अलग होगा। यहां 24 घंटे पीने का साफ पानी, रिसेप्शन और लॉउंज होगा। खास बात ये भी है कि रेस्टोरेंट में शराब परोसने के लिए एक ही काउंटर होगा। पीने वाला ग्राहक हल्के भोजन के साथ मदिरापान कर सकेगा, लेकिन यहां से सीलबंद शराब की बोतल की बिक्री नहीं होगी। मजे की बात ये भी है, विमानतल पर आने और जाने वाले यात्रियों के साथ विमानपत्तन के अधीन कर्मी भी यहां पी सकेंगे। सरकार की कोशिश ये भी है कि यहां बार रेस्टोरेंट के साथ ही शराब बिक्री के लिए अलग से दुकान खोली जाए, जहां से सीलबंद बोतलों की बिक्री होगी।

# रायपुर एयरपोर्ट पर छलकेंगे जाम, पीने के साथ होगा खाने के लिए रेस्टोरेंट भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर


रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन (एयरपोर्ट) पर यात्रियों और आगंतुकों के लिए पीने-पिलाने के साथ शानदार भोजन की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। राज्य सरकार के आबकारी विभाग ने एयरपोर्ट पर यह इंतजाम करने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के तहत हवाई अड्डे में शराब बिक्री के लिए लाइसेंस देने का नियम बनाया है। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो अगले महीने यानी जून से एयरपोर्ट पर शराब की बिक्री शुरू होगी। आबकारी प्रशासन के उच्च पदस्थ सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि एयरपोर्ट पर जून से ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पीने की व्यवस्था वाला छत्तीसगढ़ का पहला एयरपोर्ट

राज्य गठन के बाद ये पहला अवसर है, जब प्रदेश के किसी एयरपोर्ट पर रेस्टोरेंट में भोजन के साथ पीने-पिलाने की व्यवस्था होने जा रही है। छत्तीसगढ़ के किसी भी एयरपोर्ट पर अब तक ये इंतजाम नहीं हो पाया है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि देश के बड़े शहरों में जिस प्रकार विमानतल पर शराब बेची जा जाती है, वैसे ही रायपुर में भी करने की तैयारी है।

### छत्तीसगढ़ का पहला एयरपोर्ट जहां ये इंतजाम होगा

आने-जाने वालों के साथ विमानतल कर्मी भी पी सकेंगे



### इस नियम से होगा बार-रेस्टोरेंट का संचालन

*विमानपतन रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) एयरपोर्ट के अंदर स्थित रेस्टोरेंट को जिसके पास रेस्टोरेंट एवं बार संचालन के लिए एयरपोर्ट ऑथारिटी का अनापति प्रमाणपत्र हो, को ही दिया जाएगा। यह रेस्टोरेंट ऐसी जगह पर होगा, जहां विमानतल परिसर के भवन के अंदर रेस्टोरेंट में आगंतुकों, ग्राहकों को भोजन या हल्के भोजन के साथ लाइसेंस क्षेत्र में पीने के लिए विदेशी शराब बेची जाएगी।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड

चेन्नई 230/5 VS गुजरात 147/10
83 रन से जीता चेन्नई
57 रन : डेवाल्ड ब्रेविस
प्लेयर ऑफ द मैच

हैदराबाद 278/3 VS कोलकाता 168/10
110 रन से जीता हैदराबाद
105* रन : हेनरिक क्लासेन
प्लेयर ऑफ द मैच

आज के मैच
मुंबई VS पंजाब
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### गंगा घाट पर पिता और पुत्र समेत तीन डूबे

**रायबरेली।** रायबरेली के डलमऊ में गंगा घाट पर अस्थि विसर्जन के लिए गए पिता-पुत्र समेत एक ही परिवार के तीन सदस्य गंगा नदी में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान चंद्र कुमार कौशल (60), बालचंद्र कौशल (42) और उनके बेटे आर्यन (17) के रूप में हुई है।



### एसीपी कार्यालय की छत गिरी, एसआई की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में रविवार तड़के सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय की छत गिरने से उसके मलबे में दबकर एक उप निरीक्षक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। लगातार बारिश और आंधी के कारण लोनी के अंकुर विहार स्थित एसीपी कार्यालय की छत अचानक गिर गई और कमरे में



### पत्नी की हत्या के बाद पति ने ट्रेन के आगे कूदा

**देवरिया।** देवरिया के माथापार गांव में रविवार को एक युवक ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के बाद सलेमपुर-बरहज रेलखंड पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी के शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की।



### कंटेनर से टकराई बेकाबू कार, चार की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव जिले में बांगरमऊ इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार के बेकाबू होकर आगे जा रहे कंटेनर से टकराने से चार लोगों की मौत हो गयी। लखनऊ से आगरा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ट्रक में पीछे से जा टकरायी तथा टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आधा हिस्सा कंटेनर के नीचे घुस गया और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए।



## एनडीए के मुख्यमंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री ने चेताया

# ऑपरेशन सिंदूर पर 'कड़वे बोल' से बाज आने की नसीहत, सेना के शौर्य को सराहा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की एक दिवसीय बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' और जाति जनगणना पर प्रस्ताव पारित हुए। नई दिल्ली में हुई इस बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पार्टी नेताओं को बेवजह की बयानबाजी से बचने की हिदायत दी।*

**'ऑपरेशन सिंदूर' और 'जाति जनगणना' पर प्रस्ताव हुए पारित**

**एनडीए शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों बैठक में रहे मौजूद**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति गणना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है। इसके तहत वे हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है, जिसमें स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता भी दुनिया ने देखी है।

नई दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। इसमें कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री भी उपस्थित थे। इस बैठक में एनडीए शासित ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सशस्त्र बलों- पीएम मोदी की प्रशंसा का प्रस्ताव पारित

बैठक में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पेश तथा शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा समर्थित प्रस्ताव में कहा गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' से भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रस्ताव में मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि उन्होंने सशस्त्र बलों का हमेशा समर्थन किया है और 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवादियों एवं उनके प्रायोजकों को करारा जवाब दिया है।

### हम जाति की राजनीति नहीं करते : नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, 'आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सीएम सम्मेलन हुआ। इस बैठक में हमारे 20 सीएम और 18 डिप्टी सीएम मौजूद थे। 2 प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर पर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किया गया और हमारी सेना के काम की बहुत प्रशंसा की गई और सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की बहुत सराहना की गई।

### नक्सलवाद पर भी हुई चर्चा

*भाजपा अध्यख नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया है कि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना है। बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई। नक्सलवाद को लेकर जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को बताया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कैसे किया है।*

### इन्होंने कही थीं आपत्तिजनक बातें

**विजय शाह :** मप्र के मंत्री विजय शाह ने 12 मई को इंदौर में महू के पास एक कार्यक्रम में कहा था कि भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदारों को 'अपनी ही बहन' का इस्तेमाल कर सबक सिखाया है।

**राम चंद्र जांगड़ा :** राज्यसभा सदस्य राम चंद्र जांगड़ा ने 24 मई को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा था कि आतंकी हमले में अपने पतियों को खोने वाली महिलाओं में उस समय 'वीरांगनाओं' वाला जज्बा नहीं था।

**प्रोफेसर अली खान :** अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने पोस्ट के एक अंश में लिखा है, दो महिला सैनिकों द्वारा अपने निष्कर्षों को पेश करने का नजरिया महत्वपूर्ण है, लेकिन नजरिए को जमीनी हकीकत में बदलना चाहिए, नहीं तो यह सिर्फ पाखंड (हिपोक्रेसी) है।

# छग के 'बस्तर मॉडल' ने लूटी वाहवाही, पीएम और मुख्यमंत्रियों ने कहा- अनुकरणीय

**मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में बस्तर के नवाचारों की खुलकर सराहना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर



राजधानी दिल्ली स्थित अशोक होटल में आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन मॉडल, नवाचारों और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने विशेष पहचान बनाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रस्तुत बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने प्रस्तुतीकरण की शुरुआत राज्य में सुशासन की संस्थागत पहल से की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 'सुशासन एवं अभिसरण विभाग' का गठन कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। 'अटल मॉनिटरिंग पोर्टल' जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से योजनाओं की निगरानी की ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 'बस्तर मॉडल' रहा प्रभावशाली

*बैठक में जिन राज्यों को अपनी योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवसर मिला, उनमें छत्तीसगढ़ का 'बस्तर मॉडल' बेहद प्रभावशाली रहा। जनभागीदारी, संस्कृति और विकास के इस अनोखे मेल ने सभी को प्रभावित किया। बैठक में सुझाव दिया गया कि जनभागीदारी व सांस्कृतिक जुड़ाव पर आधारित ऐसे मॉडल्स को अन्य राज्यों में भी अपनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इन पहलों को अनुकरणीय बताते हुए सुझाव दिया कि ऐसे नवाचार, जो समाज की जड़ों से जुड़ते हों और विकास की दिशा तय करते हों, उन्हें विस्तार दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के 'बस्तर मॉडल' को जिस तरह सराहा गया, उसने यह स्पष्ट किया कि जनसहभागिता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और विकास के समन्वय से किस तरह दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी बदलाव की मजबूत नींव रखी जा सकती है।*

### बस्तर पंडुम उत्सव से मिला मंच


मुख्यमंत्री ने बताया कि बस्तर पंडुम उत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ ने न केवल आदिवासी संस्कृति, लोककलाओं और परंपराओं को संरक्षित किया, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय मंच भी प्रदान किया। इस आयोजन में 7 जिलों के 32 विकासखंडों की 1,885 ग्राम पंचायतों के 1,743 सांस्कृतिक दलों और 47,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लोकनृत्य, गीत-संगीत, हाट-बाजार, पकवान प्रतियोगिताएं जैसे विविध रंगों से सजा यह उत्सव ▶▶|शेष पेज 7 पर

# भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**तीसरे नंबर पर आना लक्ष्य:** भारत ने एक और कीर्तिमान स्थापित कर दिया- हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था



### 2025-26 में भारत की जीडीपी 4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान

भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने लेटेस्ट डेटा में इस बात की पुष्टि की है। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि कुल मिलाकर वैश्विक और आर्थिक माहौल भारत के अनुकूल है। उन्होंने कहा, मैं जब बोल रहा हूं, तब हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ा है। उन्होंने कहा, केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं और अगर हम अपनी योजना और सोच पर कायम रहते हैं, तो ढाई-तीन ▶▶|शेष पेज 7 पर

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में भारत की जीडीपी 4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि जापान की जीडीपी $4.186 ट्रिलियन रहने का अनुमान है। यानी भारत अब जापान से आगे निकल चुका है। भारत की विकास दर 2025 में 6.2% और 2026 में 6.3% रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है।

***भारत को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का वरदान मिला***

***प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया***

### दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी

| रैंक | देश | GDP (USD ट्रिलियन में) |
|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | $30.51 |
| 2 | चीन | $19.23 |
| 3 | जर्मनी | $4.74 |
| 4 | भारत | $4.19 |
| 5 | जापान | $4.19 |
| 6 | ब्रिटेन | $3.84 |
| 7 | फ्रांस | $3.21 |
| 8 | इटली | $2.42 |
| 9 | कनाडा | $2.23 |
| 10 | ब्राजील | $2.13 |

**भारत की ग्रोथ बनी रहेगी तेज :** आईएमएफ ने भारत की विकास दर को भी वैश्विक औसत से बेहतर बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत की अनुमानित ग्रोथ रेट 6.2% और 2026 6.3% रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि यह स्थिर वृद्धि दर ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग और निजी खर्च की वजह से बनी हुई है। हालांकि, वैश्विक व्यापार तनाव और अनिश्चितता इसके लिए जोखिम बने रहेंगे।

**10 सदस्यीय टीम तलाश करती रही**

## पिकनिक मनाने के दौरान डेम में डूबे रेलवे विभाग के जेई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने कोटा कोरी डेम गए रेलवे विभाग के जेई नहाते समय डूब गए, जिससे हड़कंप मच गया। एसडीआरएफ की टीम डेम में उनकी तलाश में लगी हुई है। देर रात तक उनका पता नहीं चल पाया था। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, अम्बिकापुर निवासी सत्येंद्र सिंह ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रोते बिलखते रहे परिजन

श्री सिंह के डेम में डूबने की खबर मिलते ही परिजन व बड़ी संख्या में रेलवे विभाग के अधिकारी कर्मचारी कोरी डेम पहुंच गए। पत्नी बच्चे व परिजन रोते बिलखते श्री सिंह को डेम से बाहर निकालने गुहार लगाते रहे।

## राम मंदिर में कोहली-अनुष्का



**अयोध्या।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रविवार को भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और भगवान श्री रामलला के दर्शन-पूजन किए।

**झारखंड से रायपुर आ रहा था परिवार**

## हाईवा के पीछे घुस गई कार चालक समेत तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झारखंड से राजधानी लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। हाईवे 53 पर बिना संकेतक खड़ी हाईवा में कार टकरा गई। हादेस में परिवार के बुजुर्ग और वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना में दंपत्ति और उनका पुत्र घायल है। रविवार-सोमवार ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इनकी हो गई मौत

हादसे मे चंदन के पिता अवध किशोर पाण्डेय 69 वर्ष, माता चित्रलेखा पाण्डेय 65 वर्ष एवं चालक ईश्वर ध्रुव 34 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। चंदन एवं उनकी पत्नी खुशबू कुमारी और 6 वर्ष का बेटा ध्रुव अभिषेक गंभीर रुप से घायल हो गए।

**रायपुर के लिए लगाएगी अतिरिक्त फेरा**

# 6 महीने के भीतर फ्लाई बिग ने तीसरी बार बदला शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

अब सरगुजावासियों को मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा से सप्ताह में तीन दिन ही हवाई सफर की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। छह महीने के भीतर उड़ान सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाई बिग ने पांच दिन की जगह तीन दिन फ्लाइट चलाने का नया शेड्यूल जारी किया है। फ्लाई बिग शुक्रवार से नए शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट चला रही है लेकिन शुरूआत के दो दिन भी कंपनी स्वयं द्वारा जारी शेड्यूल का पालन नहीं कर सकी।

उड़ान योजना के तहत 19 दिसम्बर 2024 को दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट से बहुप्रतीक्षित उड़ान सेवा की शुरूआत की गई थी। सेवा प्रदाता फ्लाई बिग ने सप्ताह में तीन ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी फ्लाइट



### जारी किया है नया शेड्यूल

डीजीसीए की अनुमति से फ्लाई बिग ने नया शेड्यूल जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट का संचालन होगा तथा अम्बिकापुर से रायपुर के लिए फ्लाइट अतिरिक्त फेरा लगाएगी।

-**सुशील श्रीवास्तव,** डायरेक्टर, मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा

### ऐसे चलेगी फ्लाइट

फ्लाई बिग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार सुबह 8.30 बजे प्लेन रायपुर से अम्बिकापुर के लिए रवाना होगी तथा 9.40 बजे अम्बिकापुर पहुंचेगी। प्लेन अम्बिकापुर से बिलासपुर के लिए सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी तथा 10.50 बजे बिलासपुर पहुंचेगी पुनः 11.15 बजे अम्बिकापुर के लिए रवाना होगी तथा दोपहर 12 बजे पहुंचेगी। नए शेड्यूल के अनुसार प्लेन दोपहर 12.35 बजे रायपुर के लिए रवाना होगी तथा 1.45 बजे पहुंचेगी फिर अपरान्ह 2.10 बजे अम्बिकापुर के लिए रवाना होगी तथा 3.20 बजे पहुंचेगी।

### शुरुआत में ही बाधित हुआ सफर

फ्लाई बिग ने शुक्रवार से नए शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट का संचालन शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मौसम खराब होने के कारण रायपुर से फ्लाइट सुबह 11.57 बजे अम्बिकापुर के लिए रवाना हुई और दोपहर 1 बजे अम्बिकापुर पहुंची। प्लेन दोपहर 1.20 बजे बिलासपुर के लिए उड़ान भरी लेकिन मौसम खराब होने के कारण बिलासपुर नहीं उतरी तथा रायपुर चली गई। शाम में अम्बिकापुर का मौसम खराब होने के कारण प्लेन रायपुर से अम्बिकापुर के लिए रवाना नहीं हो सकी। प्रथम दिवस पायलट की व्यवस्था करने में काफी समय लग गया जिसके कारण फ्लाइट विलम्ब से रवाना हुई।

# वृंदावन की किसने की थी खोज और कब हुई थी स्थापना? जानिए इससे जुड़ी रोचक बातें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कई प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर हैं। लेकिन, भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा और वृंदावन की बात सबसे अलग है। मथुरा और वृंदावन में हर दिन हजारों श्रृद्धालु आते हैं। मथुरा और वृंदावन के हर एक मंदिर का अलग महत्व है। मथुरा का श्री कृष्ण जन्मभूमि और वृंदावन का बांके बिहारी मंदिर सबसे ज्यादा प्रसिद्ध हैं। वृंदावन में बांके बिहारी जी के अलावा राधा वल्लभ और राधा रमण मंदिर भी बेहद प्रसिद्ध हैं।

मथुरा और वृंदावन हिंदू संस्कृति और इतिहास से जुड़े एक प्राचीन शहर हैं। इन दोनों शहरों की गिनती यूपी के सबसे धार्मिक शहरों में होती है। वृंदावन की स्थापना 16वीं और 17वीं शताब्दी में की गई थी। मान्यताओं के मुताबिक, चैतन्य महाप्रभु ने 1515 में वृंदावन की खोज की थी। चैतन्य महाप्रभु ने अपने शिष्यों को भी वृंदावन भेजा था और भक्ति का विस्तार करने के लिए कहा था।

## मथुरा और वृंदावन के हर एक मंदिर का अलग महत्व



### श्रीकृष्ण ने लोगों को पढ़ाया प्रेम का पाठ

वृंदावन में ही भगवान श्रीकृष्ण ने रास रचा और लोगों को प्रेम का पाठ पढ़ाया। वृंदावन में स्थित रंगमहल मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी की पलंग लगाई जाती है। मान्यता है कि राधारानी के श्रृंगार का सामान रखकर मंदिर बंद कर दिया जाता है। जब दरवाजे खोले जाते हैं, तो सभी सामान अस्त -व्यस्त मिलते हैं। वृंदावन में प्रेम मंदिर, श्री पर्यावरण बिहारी जी का मंदिर, श्री राधारमण मंदिर, श्री राधा दामोदर मंदिर, राधा श्याम सुंदर मंदिर, गोपीनाथ मंदिर, गोकुलेश मंदिर, श्री कृष्ण बलराम मंदिर, पागलबाबा का मंदिर, रंगनाथ जी का मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, अक्षय पात्र, और वैष्णो देवी मंदिर जैसे कई मंदिर हैं।



### ब्रज की मिट्टी लाना होता है शुभ

वृंदावन को वृंदा (तुलसी) का वन भी कहा जाता है, क्योंकि यहां पर तुलसी के बहुत ज्यादा पौधे हैं। माना जाता है कि वृंदावन से लौटते समय ब्रज की मिट्टी लाना शुभ होता है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक, मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, जबकि गोकुल में भगवान श्रीकृष्ण ने बाललीला की थी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, बड़े होने पर वृंदावन उनकी लीला की भूमि बन गई।

## रोचक खबरें

## बुजुर्ग के पेट से निकाली 8125 पथरियां डॉक्टरों की भी फटी रह गई आंखें



गुरुग्राम। 70 वर्षीय व्यक्ति के पेट से 8 हजार से अधिक पत्थर (गाल स्टोन) निकाले गए। डॉक्टरों की टीम ने ने गॉल स्टोन (पथरी) निकाले। यह अब तक का पहला मामला है, जिसमें इतनी बड़ी मात्रा में किसी व्यक्ति के पेट से पथरी निकाली गई हो। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पूरे ऑपरेशन में 60 मिनट लगे, लेकिन पेट से निकली गॉल स्टोन (पथरी) को गिनने में 6 घंटे से ज्यादा का समय लग गया. मामला हरियाणा के गुरुग्राम का है। जानकारी के अनुसार, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने एक दुर्लभ सर्जरी कर 70 वर्षीय मरीज के पित्ताशय से 8,125 स्टोन्स (पथरियाँ) सफलतापूर्वक निकालकर मरीज को पिछले लंबे समय से हो रही पीड़ा और बेचैनी से राहत दिलाई. मरीज कई वर्षों से पेट के दर्द, बीच-बीच में बुखार आने, भूख न लगने और कमजोरी की शिकायत से जूझ रहे थे और उन्हें सीने में भी भारीपन महसूस हो रहा था। इस ऑपरेशन के दौरान 10 सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने एक घंटे के अंदर इस ऑपरेशन को सफल बनाया। मरीज शुरुआत में इलाज को लेकर अनिच्छुक थे। लेकिन, जब उनका दर्द लगातार बढ़ता गया और उनके नियंत्रण से बाहर हो गया, तो उन्हें नाजुक हालत में फोर्टिस गुरुग्राम लाया गया. यहां भर्ती करवाने पर उनके पेट का तत्काल अल्ट्रासाउंड किया गया, जिसमें उनके पित्ताशय में काफी भारीपन दिखायी दिया।

### 60 मिनट की सर्जरी

वाइस प्रेसीडेंट एंड फैसिलिटी डायरेक्टर यश रावत ने बताया कि यहां पर चुनौतीपूर्ण मामले को संभाला गया और करीब घंटे भर चली सर्जरी के दौरान मरीज के पेट में पित्ताशय की थैली से पथरी निकालकर उनकी वर्षों पुरानी तकलीफ को दूर किया गया। लेकिन, सर्जरी के बाद और भी लंबा काम बाकी था क्योंकि सपोर्ट टीम को मरीज के पित्ताशय से निकाली गईं गॉलस्टोन्स की गिनती करनी थी। सर्जरी के बाद घंटों बैठकर टीम ने इस गिनती में पाया कि यह आंकड़ा आश्चर्यजनक रूप से 8,125 था।

## गटर में घुसते ही शख्स पहुंच गया दूसरी दुनिया! अंदर का नजारा उड़ा देगा होश

बर्लिन। दुनिया में कई ऐसी रहस्यमयी और अनछुई जगहें हैं, जो अब भी लोगों की नजरों से छिपी हुई हैं। वहीं, जब कोई इन जगहों की खोज करता है, और तस्वीरों और वीडियो के जरिए उनके किस्से-कहानियों को दुनिया के सामने लाता है तो वो केवल रोमांच ही नहीं, बल्कि मानवीय जिज्ञासा को भी जीवंत करता है। जर्मन कंटेंट क्रिएटर कार्स्टन रॉबर्ट ऐसी ही दिलचस्प खोजों के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने एक सीवर लाइन के भीतर की रहस्यमय दुनिया से पर्दा उठाकर नेटिजन्स को चौंका दिया है। रहस्यमयी गुफाओं, बंकरों या पुराने ढांचों की खोज से हमें न सिर्फ अतीत की झलक मिलती है, बल्कि यह भी पता चलता है कि वक्त के साथ चीजें कितनी बदल गई हैं और पीछे क्या-क्या छूट गया है। कार्स्टन ने अपने कैमरे ने द्वितीय विश्व युद्ध के समय के एक छिपे हुए अंडरग्राउंड हॉस्पिटल का भयावह दृश्य कैद किया! सोचिए, मंद रोशनी वाले गलियारे, दीवारों पर भूतिया भित्तिचित्रऑपरेटिंग लाइट के नीचे अकेला स्ट्रेचर, अनगिनत कमरे और फर्श पर बिखरे हुए एक भयानक अतीत के अवशेष।



## महिला ने एनर्जी ड्रिंक के बार कोड का ही बनवाया टैटू, स्कैनर पर करता है काम!

बर्न। शरीर पर टैटू बनाने आज के कला के रूप में मशहूर हो चुका है। लोग अब तो अक्सर बहुत ही अनोखा टैटू बनवाने की फिराक में रहते है। कई बार तो कुछ टैटू इतने अजीब होते हैं कि केवल इसी बात के लिए मशहूर हो जाते हैं कि वे कितने अजीब हैं। एक महिला ने भी अपने फेवरेट एनर्जी ड्रिंक के लिए अपनी दीवानगी को टैटू के रूप में अनोखे तरीके से दिखाया है। उसने अपने शरीर पर मशहूर ड्रिंक रेड बुल के कैन का बारकोड टैटू बनवाय है। यह टैटू न सिर्फ़ अनोखा है, बल्कि बल्कि एक और खास वजह से वायरल हो गया है। यह सेल्फ-चेकआउट मशीन पर भी काम करता है। स्विट्जरलैंड की इस महिला का नाम ड्यू है। ड्यू ने बताया कि वह लंबे समय से बारकोड टैटू बनवाने के बारे में सोच रही थी। पहले उसने ब्रोकोली या कुछ मज़ेदार चीज़ का टैटू बनवाने का विचार किया। लेकिन, बाद में उसने रेड बुल को चुना। उसने कहा, 'मैंने ऊर्जा के बारे में सोचा और रेड बुल का टैटू बनवाने का फैसला किया।' इस टैटू में एक कीड़ा बारकोड को काटता हुआ दिखता है। रोचक बात ये है कि यह डिज़ाइन ड्यू की बहन के एक छोटे से चित्र पर आधारित है। ड्यू ने इस टैटू पर 600 डॉलर यानी करीब 51 हजार रुपए से ज़्यादा खर्च किए थे। इस तरह के टैटू के बारे में संभावना यही होती है कि ये काम नहीं करता है। खुद टैटू बनवाने वाले कलाकार ने ड्यू को चेतावनी दी थी कि बारकोड शायद काम न करे। लेकिन, ड्यू ने इसे आज़माने का फैसला किया।लेकिन, सबसे हैरानी की बात तब हुई जब अगले दिन ड्यू ने अपने टैटू को काम पर सेल्फ-चेकआउट मशीन पर स्कैन किया। आश्चर्यजनक रूप से, टैटू ने काम किया।



## मान्यता

### भूतों या दिव्य शक्तियों ने मिलकर एक रात में मंदिर को बनाया

# एक रात में बनकर तैयार हुए थे ये मंदिर, कहानी जानकर होंगे हैरान

भोपाल। भारत में कई बेहद प्रसिद्ध मंदिर हैं। इनमें कुछ मंदिर किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। कुछ मंदिर सैकड़ों साल पुराने हैं और हर मंदिर के निर्माण से जुड़ी एक अलग कहानी है। आज हम आपको अपनी खबर में ऐसे ही कुछ मंदिरों के बारे में बताएंगे, जिनका निर्माण सिर्फ एक रात में हुआ था। इनके निर्माण के पीछे की कहानी भी बड़ी ही दिलचस्प है।

**भूतों ने किया था निर्माण :** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर एक प्राचीन शिव मंदिर है, जिसका नाम है ककनमठ। इस मंदिर का निर्माण कच्छवाहा वंश के राजा कीर्ति सिंह के शासनकाल में किया गया था। यह मंदिर सिर्फ एक रात में बनकर तैयार हुआ है। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण भोलेनाथ के गण यानी भूतों ने किया था। इस मंदिर की खास बात यह है कि इसका निर्माण पूरी तरह से पत्थरों से हुआ है और यह इस तरीके से रखे गए हैं कि उनके बीच संतुलन बना हुआ है। इन पत्थरों को बड़े से बड़े आंधी-तूफान भी हिला नहीं सकते हैं।



### दिव्य शक्तियों ने मिलकर मनाया मंदिर

उत्तर प्रदेश के वृंदावन में गोविंद देव जी का मंदिर है। यह मंदिर भी करीब से देखने पर अधूरा सा ही लगता है। कहा जाता है कि यह मंदिर भी एक रात में ही बनकर तैयार हुआ है। मान्यता है कि भूतों या दिव्य शक्तियों ने मिलकर एक रात में इस मंदिर को बनाया है। कहा जाता है कि सुबह होने से पहले ही किसी ने चक्की चलानी शुरू कर दी, जिसकी आवाज से मंदिर का निर्माण करने वाले काम पूरा किए बिना ही चले गए।

### पिथौरागढ़ का शिव मंदिर

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में शिव जी का एक मंदिर है, जिसे हथिया देवाल के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि एक हाथ वाले शिल्पकार ने एक रात में ही इस मंदिर का निर्माण कर दिया था। हालांकि, रात होने और जल्दी बनाने के चक्कर में यहां शिवलिंग का अरघा विपरीत दिशा में बना दिया गया था। इस वजह से यहां शिवलिंग की पूजा नहीं की जाती है।

### दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 32 किलोमीटर दूर भोजपुर में एक पहाड़ी पर स्थित भोजेश्वर मंदिर है। इस शिव मंदिर का निर्माण परमार वंश के मशहूर राजा भोज द्वारा करवाया गया था। हालांकि, यह मंदिर अधूरा ही है, लेकिन इसका निर्माण अधूरा क्यों छोड़ा गया, इस बात का इतिहास में कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण एक ही रात में होना था, लेकिन छत का काम पूरा होने के पहले ही सुबह हो गई, इसलिए काम अधूरा रह गया। इस मंदिर कि विशेषता इसका विशाल शिवलिंग है जो एक ही पत्थर से निर्मित दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग है।



### बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर

झारखंड के देवघर में स्थित शिव मंदिर को कौन नहीं जानता है। बाबा बैद्यनाथ धाम एक विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा ने यहां सिर्फ एक रात में मंदिरों का निर्माण किया है। इस मंदिर के प्रांगण में माता पार्वती का मंदिर है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण कार्य होते-होते सुबह हो गई, जिसकी वजह से मंदिर अधूरा रह गया।

## ये है दुनिया का सबसे छोटा देश रहते हैं सिर्फ 27 लोग, समंदर के बीच दो खंभों पर है बसा




लंदन। क्षेत्रफल के हिसाब से रूस दुनिया का सबसे बड़ा देश है, तो वहीं चीन सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। लेकिन क्या आपको पता है दुनिया का सबसे छोटा कौन सा है, जहां सिर्फ 27 लोग रहते हैं। दुनिया का सबसे छोटा देश इंग्लैंड के पास स्थित है जिसका नाम सीलैंड है। इंग्लैंड के सफोल्क बीच से करीब 10 किमी की दूरी पर यह देश स्थित है। यह देश एक किले पर बसा है जो खंडहर हो चुका है।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने इस किले का निर्माण कराया था। ब्रिटेन ने बाद में इस किले को खाली कर दिया। तभी से सीलैंड पर अलग-अलग लोगों का कब्जा रहा है। इस देश को माइक्रो नेशन कहा जाता है। करीब 13 साल पहले 9 अक्टूबर 2012 को रॉय बेट्स नाम के एक शख्स ने अपने आपको सीलैंड का प्रिंस घोषित किया था। बेट्स की मौत के बाद से इस पर उनके बेटे माइकल का राज है।

### वेटिकन सिटी का क्षेत्रफल 0.44 स्क्वैयर

बताया जाता है कि जब सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को इस देश के बारे में जानकारी मिली, तो लोग यहां रहने वाले लोगों की मदद के लिए आगे आए थे। उन्होंने खूब चंदा दिया। इससे यहां के लोगों को आर्थिक सहायता मिली। इसके बाद यहां के लोगों की अजीवका चलने लगी। अब यहां पर लोग घूमने के लिए जाते हैं जिसकी वजह से यहां लोगों की कमाई भी होने लगी है। इस माइक्रो नेशन के पास खुद का हेलीपैड भी है। गैरमान्यता प्राप्त देशों में सीलैंड भले ही सबसे छोटा देश माना जाता है, लेकिन वेटिकन सिटी दुनिया का सबसे छोटा देश है। यूरोपीय देश वेटिकल सिटी, इटली की राजधानी रोम के बीचों बीच बसा है जिसका क्षेत्रफल 0.44 स्क्वैयर किमी यानी आधा किलोमीटर से भी कम है।

## वैज्ञानिकों ने किया कमाल, इंसान की सू-सू से बना दी बीयर, बाजार में बेचने की तैयारी!

स्टॉकहोम। इंसान की पेशाब के कई उपयोग होते हैं। कुछ लोग उसे खुद की पेशाब को पीना चिकित्सा के तौर पर मानते है। वहीं, वैज्ञानिक ऐसी तकनीक बना चुके हैं, जिनसे इंसान खुद की पेशाब से पानी बना कर सकता है और उसे पी सकता है। इस तकनीक का इस्तेमाल स्पेस में, रेगिस्तान आदि में किया जा सकता है, जहां पानी उपलब्ध नहीं होता है। लेकिन, क्या पेशाब का इस्तेमाल बियर बनाने में हो सकता है? जी हां. अब वैज्ञानिकों ने इसे मुमकिन कर दिखाया है। स्वीडन में एक अनोखा और चौंकाने वाला प्रयोग किया गया है, वहां वैज्ञानिकों ने मानव पेशाब का उपयोग करके पर्यावरण-अनुकूल बीयर बनाने की दिशा में कदम उठाया है। इतना ही नहीं, इसके व्यावसायिक उत्पादन पर भी काम कर चल रहा है।



### पहले जमा की बहुत सारी पेशाब

स्वीडिश यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज के शोधकर्ताओं ने वालपुर्गिस नाइट उत्सव के दौरान पोर्टालूज यानी चलित शौचालयों से 20,000 लीटर पेशाब इकट्ठा किया। यह उत्सव हर साल 30 अप्रैल और 1 मई की रात को मनाया जाने वाला एक ईसाई त्यौहार है। इस पेशाब का शोधकर्ताओं ने खास तौर पर इस्तेमाल किया, जिससे बीयर बन सकी।



### प्राकृतिक और टिकाऊ है पेशाब से बनी खाद

अजीब बात इस बीयर को तैयार करने के लिए बहुत ही अधिक मात्रा में पेशाब जमा करना है। वालपुर्गिस नाइट उत्सव स्वीडन में एक बड़ा आयोजन है, जहां हजारों लोग जश्न मनाने के लिए इकट्ठा होते है। इस दौरान मोबाइल शौचालयों से पेशाब इकट्ठा करना एक अनोखी पहल थी। पेशाब को खाद में बदलने की यह तकनीक न केवल अपशिष्ट को उपयोगी संसाधन में बदलती है, बल्कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता को भी कम करती है। साथ ही पेशाब से बनी खाद प्राकृतिक और टिकाऊ है।

## कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच 'वुहान लीक' थ्योरी पर सामने आई नई रिसर्च



बीजिंग। दुनियाभर में पांच साल पहले तबाही मचाने वाली कोरोना महामारी ने एक बार फिर दस्तक दी है। भारत की राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों में कोरोना वायरस के नए केस सामने आए हैं। भारत के अलावा पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर में भी कोविड के मामलों में अचानक तेजी आई है। कोरोना की इस नई लहर के बीच एक अहम रिसर्च सामने आई है। ये रिसर्च उस दावे का जवाब देने की कोशिश करती है, जिसमें कहा जाता है कि कोरोना वायरस चीन के वुहान स्थित लैब में तैयार हुआ और एक दुर्घटना की वजह से पहले जानवरों और फिर दुनियाभर के इंसानों में फैल गया।

### वुहान की लैब में नहीं बना था कोविड-19

एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अपने अध्ययन में पाया है कि कोविड-19 वुहान की लैब में नहीं बना था। बल्कि यह वायरस दक्षिण पूर्व एशिया में चमगादड़ों की आबादी में स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ और फिर इंसानी आबादी तक पहुंचा। इस अध्ययन ने उस लैब-लीक थ्योरी को नकार दिया है, जिसका समर्थन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक कर चुके हैं।

### क्या कहती है नई रिसर्च

एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के अध्ययन में कोविड-19 की उत्पत्ति के लैब लीक थ्योरी के खिलाफ मजबूत आनुवंशिक प्रमाण मिले हैं। रिसर्च में अमेरिका, यूरोप और एशिया के 20 संस्थानों के विशेषज्ञों ने मिलकर 167 चमगादड़ कोरोना वायरस के जीनोम का विश्लेषण किया।

### चमगादड़ों से फैला कोरोना वायरस

रिसर्च के लेखक जोनाथन पेकर ने कहा कि आंकड़े स्पष्ट रूप से बताते हैं कि सार्स-सीओवी-2 का जनक वुहान से हजारों किलोमीटर दूर चमगादड़ों में घूम रहा था। ये वुहान से 2,700 किलोमीटर से अधिक दूर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अवैध व्यापार नेटवर्क के माध्यम से संक्रमित जानवरों के आवागमन के कारण वायरस मानव आबादी के करीब आया। इसके बाद इसने इंसानी आबादी में एक बड़ा नुकसान किया। एरिजोना विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी माइकल वोरोबे ने बताया कि यह पैटर्न नया नहीं है। सार्स-सीओवी-1 वायरस भी पाम सिवेट और रेकून कुत्तों के जरिए चमगादड़ मूल से बहुत दूर दिखा। यह पैटर्न सार्स-सीओवी-2 के साथ दोहराया गया।

## अजीबोगरीब

### स्थानीय लोग मानते हैं कि मैलेंड्रो ने किया है अच्छा काम

# इस देश में की जाती है अपराधियों की पूजा, चढ़ाई जाती है शराब

काराकास। दुनिया में शायद ही कोई इंसान हो जो अपराधियों को पसंद करता हो। समाज में इस तरह के लोगों से कोई रिश्ता नहीं रखना चाहता है, लेकिन दुनिया में एक ऐसा देश हैं, जहां पर अपराधियों की पूजा की जाती है। यहां पर लोग अपराधियों की भगवान की तरह पूजा करते हैं। आपको यह सब जानकर थोड़ा अजीबोगरीब लग रहा होगा, लेकिन यही सच्चाई है।

दरअसल, लैटिन अमेरिका के वेनेजुएला में लोग अपराधियों की पूजा करते हैं। इस देश में मर चुके अपराधियों की मूर्ति बनाकर उनकी पूजा करते हैं। स्पेनिश भाषा में इन अपराधी देवताओं को सैंटोस मैलेंड्रोस कहा जाता है। प्राचीन समय के सभी बदनाम अपराधियों की छोटी-छोटी मूर्तियों को एक स्थान पर रखा गया है, जिसके दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।



### रॉबिनहुड वाली रही है अपराधियों की छवि

वेनेजुएला में जनता के बीच इन अपराधियों की छवि रॉबिनहुड वाली रही है। यह सभी अपराधी अमीर लोगों की दौलत लूटकर गरीबों के बीच बांट देते थे। यहां पर लोग इन अपराधियों की पूजा इसलिए करते हैं, क्योंकि इन्होंने किसी की हत्या नहीं की। सिर्फ अमीरों को लूटा और गरीबों पर लुटाया। स्थानीय लोग मानते हैं कि मैलेंड्रो ने अच्छा काम किया है, जिसके लिए इन्हें कुछ इनाम दिया जाना चाहिए। अगर, इनकी पूजा-अर्चना नहीं की जाएगी तो यह हमसे नाराज हो जाएंगे। जिस तरह से हमारे भारत में किसी मन्नत के पूरा होने पर चढ़ावा चढ़ाया जाता है, ठीक उसी तरह वेनेजुएला के सैंटोस मैलेंड्रोज को भी चढ़ावा चढ़ाया जाता है।

### मैलेंड्रो से परेशान लोग मांगते हैं मन्नत

अगर वेनेजुएला में कोई इंसान किसी बात से परेशान है, तो वो मैलेंड्रो से मन्नत मांगता है। काम हो जाने के बाद इन सैंटोस मैलेंड्रो को चढ़ावा में शराब चढ़ाया जाता है। लोगों की मान्यता है कि ये खुश होकर उन्हें वरदान देते हैं और उनका काम बन जाता है। यहां पर लोग इस बात की सलाह देते हैं कि इन अपराधियों को चढ़ावे में ज्यादा शराब नहीं दी जानी चाहिए। वरना, ये काम छोड़कर जश्न मनाने में मशगूल हो जाएंगे। बेहतर होगा कि इन्हें चखने भर के लिए बीयर दी जाए, ताकि लोगों का काम भी बन सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का 122वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है।

# बस्तर के बच्चे पढ़ाई के साथ खेल में भी कर रहे कमाल आतंकवादियों और नक्सलियों को जड़ से करेंगे खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर/बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में तेजी से खत्म किए जा रहे नक्सलवाद को लेकर कहा कि उनकी सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि घोर नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ के बस्तर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में जनजीवन सामान्य होने लगा है और नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या फिर सरेंडर कर रहे हैं।

### काटेझरी में पहली बार पहुंची बस तो बजे ढोल-नगाड़े

पीएम ने कहा, 'बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची तो वहां के लोगों की खुशी का ठिकाना न रहा। जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था। यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में और इस गांव का नाम है काटेझरी।

## मन की बात में पीएम मोदी ने किया छत्तीसगढ़ का जिक्र

### सीएम साय के नेतृत्व की जमकर की सराहना

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि जिस दंतेवाड़ा में कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब के बारे मे जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों में साइंस का पैशन है और वो खेलों में भी कमाल कर रहे हैं।



**बस्तर के बच्चों में छुपी है अनोखी प्रतिभा :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मन की बात में हम छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ओलंपिक्स और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब पर चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का पैशन है। वो स्पोर्ट्स में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने देश को तिरंगे में रंग दिया

आपरेशन सिंदूर ने पूरे देश को देशभक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा कि देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रहीं हैं। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े हैं। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वालंटियर्स बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए।

### 'सेनाओं ने पराक्रम से देश का सिर ऊंचा'

मोदी ने कहा ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ आक्रोशित और एकजुट है।

## कोरिया के सोनहनी शहद की गूंज दिल्ली तक, मन की बात में पीएम मोदी ने सराहा

**बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 122 वीं कड़ी में छग के कोरिया जिले में तैयार किए जा रहे शुद्ध जैविक शहद सोनहनी की विशेष सराहना की। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि यह शहद न केवल किसानों की मेहनत का प्रतीक है, बल्कि भारत की वैश्विक पहचान को भी मजबूती दे रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कोरिया जिले के किसानों ने सोनहनी नाम से जो जैविक शहद तैयार किया है, वह अब जेम पोर्टल सहित अनेक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। यानी गांव की मेहनत अब ग्लोबल हो रही है।



प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि आज देश के विभिन्न राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और अरुणाचल प्रदेश में हजारों महिलाएं और युवा हनी उद्यमी बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि शहद की गुणवत्ता और शुद्धता को बनाए रखने के लिए स्टार्टअप द्वारा एआई और डिजिटल तकनीक की सहायता ली जा रही है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से लोकल उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि जब भी शहद खरीदें, तो कोशिश करें कि किसी लोकल किसान या महिला उद्यमी से खरीदें। उस हर बूंद में भारत की मेहनत और उम्मीद घुली होती हैं।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में तूफान-बारिश से 20 की मौत



**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार शाम को तेज तूफान और भारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए। पंजाब सरकार ने बताया कि तूफान इतना शक्तिशाली था कि इसने सड़क और हवाई यातायात को बाधित कर दिया, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया और बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

### पति की हत्या करने वाली पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

**जम्मू।** उधमपुर के चेनानी इलाके में पति की हत्या कर शव को बैग में रखकर फेंकने के आरोप में एक महिला सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके अलावा हत्या में भूमिका के आरोप में एक अन्य महिला और उसके बेटे को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक बैग में शव मिला था। इसकी पहचान चुलना-पंचरी निवासी रवि कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने कुमार की पत्नी निशा देवी, उसकी रिश्तेदार कांता देवी और उसके बेटा जोगिंदर को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया।



### मणिपुर में प्रदर्शनकारियों व सुरक्षाबलों के बीच झड़प

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी इंफाल में राजभवन का घेराव करने जा रहे प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच रविवार को झड़प हो गई। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि पांच प्रदर्शनकारियों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शनकारी सरकारी बस से राज्य का नाम हटाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। मणिपुर की अखंडता पर समन्वय समिति द्वारा बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के आह्वान पर प्रदर्शनकारी एकत्र हुए।


### लालू ने बड़े बेटे को दिया 'वनवास'... क्या छोटे के 'राजतिलक' का रास्ता हो गया अब साफ?

# तेजप्रताप को 6 साल के लिए आरजेडी से निकाला, 'रिलेशनशिप' पर किया था पोस्ट

**तेज प्रताप के निष्कासन से पार्टी में आंतरिक संघर्ष की संभावना**

एजेंसी ▶▶| पटना

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को दिल पर पत्थर रखकर छह साल का वनवास दे दिया। लालू यादव ने ऐसा काम कर दिया, जो कोई पिता नहीं करता है। लेकिन, तेज प्रताप यादव ने आखिरकार लालू को यह करने को मजबूर कर दिया। बिहार की राजनीति और आगामी चुनाव को देखते हुए एक बड़ा घटनाक्रम है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले क्या यह राष्ट्रीय जनता दल में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आने के संकेत हैं? ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या सचमुच में तेज प्रताप यादव अब पार्टी और परिवार से बाहर हो गएहैं? क्या तेजस्वी यादव का लालू यादव के बाद आरजेडी का असली बॉस बनने का रास्ता साफ हो गया? तेज प्रताप यादव का वीडियो और फोटो अनुष्का यादव के साथ वायरल होने के बाद लालू यादव ने यह कदम तेजस्वी यादव के भविष्य की राजनीति के लिए कितना फायदा पहुंचाएगा? क्या मां राबड़ी देवी और मीसा भारती सहित कई बहनें इस फैसले से खुश हैं?



### अनुष्का के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था तेजप्रताप ने

तेज प्रताप यादव ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 साल से रिलेशन में हैं। लालू प्रसाद यादव ने इस वीडियो को पार्टी और परिवार की प्रतिष्ठा के खिलाफ माना और तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया।

लालू प्रसाद यादव ने तेजप्रताप के रिलेशनिशप के ऐलान वाले वीडियो को पार्टी और परिवार की प्रतिष्ठा के खिलाफ माना और तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया।



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले क्या यह राष्ट्रीय जनता दल में एक बड़ा राजनीतिक भूचाल आने का संकेत हैं?

### लालू बोले- मैं लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती

लालू ने कहा कि इस प्रकार का आचरण पार्टी के नैतिक मूल्यों के खिलाफ है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। मैं लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। अपने निजी जीवन का भला -बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम हैं। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतएव उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

## ओवैसी बोले- पाक है आतंकवाद का जनक थरूर ने कहा- भारत ने दिया सटीक जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आतंकवाद पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों में पहुंच गए हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार देर रात न्यूयॉर्क पहुंचा। यहां थरूर ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को आतंकी ठिकानों पर हमला कर नपे-तुले और संतुलित तरीके से जवाब दिया। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल बहरीन पहुंचा। यहां ओवैसी ने पाकिस्तान की पोल खोलते हुए कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री है, वह आतंकियों का जन्मदाता है और अब भारत ने आतंकियों, उनके ठिकानों और उनको संरक्षण देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।



### भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा : थरूर

अमेरिका पहुंचे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, भारत ने स्पष्ट संदेश दिया कि वह आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा, वह जवाब देगा। हालांकि, साथ ही उसने बहुत ही सटीक और विशिष्ट लक्ष्यों पर हमले कर यह भी संदेश दिया कि यह एक लंबे युद्ध की शुरूआत नहीं है, बल्कि यह केवल प्रतिशोध की कार्रवाई है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि भारत ने पाकिस्तान को जैसा जवाब दिया, वो बिल्कुल ठीक था।

### देश की एकता के लिए हम सब साथ : ओवैसी

ओवैसी ने बहरीन में कहा, हमारे देश में एकमत है। हमारे राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब बात देश की एकता की आती है तो हम सभी एक साथ खड़े हैं। आतंकवादी समूह निर्दोष लोगों की हत्या को सही ठहराने के लिए धर्म का गलत इस्तेमाल करते हैं। इस्लाम आतंकवाद की निंदा करता है और कुरान स्पष्ट रूप से कहता है कि एक निर्दोष व्यक्ति को मारना पूरी मानवता को मारने के समान है।

## 'हिंदू समाज की एकता से शक्तिशाली और धर्मनिष्ठ बनेगा भारत' : भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा है कि भारत को इतना शक्तिशाली बनाया जाए सैन्य ताकत और आर्थिक रूप से कि दुनिया की कई ताकतें मिलकर भी उसे जीत न सकें। उनका कहना है कि केवल ताकत से कुछ नहीं होगा, बल्कि शक्ति के साथ-साथ सद्गुण और धर्मनिष्ठा भी जरूरी है। अगर शक्ति के साथ नैतिकता न हो तो वह अंधी ताकत बन सकती है जो हिंसा फैला सकती है। यह इंटरव्यू आरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में छपा है। यह बातचीत बंगलूरू में हुई संघ की शीर्ष बैठक के बाद ली गई थी।

**आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बयान**



### भारत का ताकतवर बनना जरूरी

मोहन भागवत ने कहा, 'हमारी सीमाओं पर बुरी ताकतें लगातार सक्रिय हैं। हमें मजबूरी में ताकतवर बनना पड़ेगा ताकि हम अपनी रक्षा खुद कर सकें। हम दूसरों पर निर्भर नहीं रह सकते।' उन्होंने दैनिक संघ प्रार्थना का जिक्र करते हुए कहा, 'हम प्रार्थना करते हैं: 'अजय्यं च विश्वस्य देहि मे शक्ति' यानी ऐसी शक्ति दो कि हम विश्व में अजेय बनें।'

### बांग्लादेश के हिंदुओं का उदाहरण

उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कहीं भी अगर हिंदुओं पर अत्याचार होता है, तो उनके लिए काम किया जाएगा लेकिन अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए। भागवत ने बताया कि बांग्लादेश में जब हाल में हिंदुओं पर अत्याचार हुआ, तो भारत में लोगों ने जिस तरह नाराजगी जाहिर की, वह पहले कभी नहीं देखा गया। 'अब बांग्लादेश के हिंदू भी कहने लगे हैं कि हम भागेंगे नहीं, अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे।'

### ओडिशा के कुलडीहा में पांच शिकारी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| बालासोर

ओडिशा के कुलडीहा क्षेत्र के एक जंगल से पांच शिकारियों को एक देशी बंदूक, धनुष और तीर के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को जब शिकारी कथित तौर पर जंगल के अंदर लगाए गए एक ट्रैप कैमरे को चुराने की कोशिश कर रहे थे और उनकी तस्वीरें अन्य कैमरे में कैद हो गईं।

ट्रैप कैमरे वन्यजीवों की तस्वीरों को कैद करने के लिए लगाए जाते हैं। उस सूचना के आधार पर वन अधिकारियों की एक टीम ने चेम चाला बीट हाउस के पास एक इलाके में छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पांच शिकारियों में से चार बालासोर जिले के औपाड़ा क्षेत्र के हैं और एक पड़ोसी मयूरभंज का है। आगे की जांच जारी है।

## रूस ने यूक्रेन पर किया 367 ड्रोन व मिसाइलों से हमला, 13 की मौत

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस ने बीती रात यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 367 ड्रोन और मिसाइलें देश के विभिन्न शहरों पर दागी गईं। इस भीषण हमले में 13 लोगों की जान चली गई, जिनमें जाइटॉमिर में तीन बच्चे भी शामिल हैं। कई दर्जन लोग घायल हुए हैं। हमले की चपेट में कीव, खारकीव, मायकोलाइव, टर्नोपिल और खमेलनित्सकी जैसे बड़े शहर आए। इसे अब तक का युद्ध का सबसे बड़ा हवाई हमला माना जा रहा है। यूक्रेन की वायु सेना ने 266 ड्रोन और 45 मिसाइलें मार गिराईं, लेकिन इसके बावजूद कई अपार्टमेंट इमारतों और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचा है।

**यूक्रेन पर रूस का बड़ा हवाई हमला**



### रूस ने मार गिराए यूक्रेन के 95 ड्रोन

दूसरी ओर, रूस ने दावा किया कि उसने सिर्फ चार घंटों में 95 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए, जिनमें से 12 मॉस्को के पास थे। यह संघर्ष थमता नहीं दिख रहा है। इस हमले के बीच यूक्रेन ने 30 दिनों के संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा है, ताकि शांति वार्ता की राह खुल सके। हिंसा के बीच दोनों देशों ने 1,000-1,000 बंदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया भी पूरी की है।

### अमेरिका पर भड़के जेलेंस्की

यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका की कमजोर प्रतिक्रिया की आलोचना की और रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाने की अपील की है।

### कर्नाटक सहकारी समिति के निदेशक बहाल, ताश खेलने पर हटा दिया था पद से

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मनोरंजन के लिए ताश खेलना नैतिक पतन नहीं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली





सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सहकारी समिति के निदेशक के चुनाव मामले में अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि सट्टेबाजी और जुए के बिना मनोरंजन के लिए ताश खेलना नैतिक पतन नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जुआ खेलते पकड़े जाने पर सहकारी समिति के निदेशक पद से हटाए गए पदाधिकारी को बहाल करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि कर्नाटक के गवर्नमेंट पोर्सिलेन फैक्टरी इंपलाइज हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के निदेशक मंडल में निर्वाचित हनुमंतरायप्पा वाईसी पर बिना किसी सुनवाई के कथित तौर पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जब वे कुछ लोगों के साथ सड़क किनारे बैठकर ताश खेलते पकड़े गए।

### ताश खेलने का मतलब जुआ खेलना नहीं : न्यायमूर्ति

पीठ ने कहा कि हमें नहीं लगता कि हनुमंतरायप्पा के खिलाफ लगाए गए आरोपों में नैतिक पतन शामिल है क्योंकि नैतिक पतन तब माना जाएगा जब कोई कार्य भ्रष्टता के साथ किया गया हो। पीठ ने कहा कि हनुमंतरायप्पा आदतन जुआरी नहीं थे। ताश खेलने के कई रूप हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि हर तरह से ताश खेलने से नैतिक पतन होता है। खासकर जब इसे मनोरंजन के तौर पर खेला जाता है। हमारे देश के अधिकांश हिस्सों में जुआ या शर्त के बिना सरल तरीके से ताश खेलना एक गरीब आदमी के मनोरंजन का स्रोत माना जाता है।

### निर्धारित कार्यकाल पूरा करने दिए निर्देश

शीर्ष अदालत ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले के साथ-साथ कर्नाटक सहकारी समिति अधिनियम, 1959 के तहत अधिकारियों द्वारा पारित आदेश को रद्द किया जाता है और सरकारी पोर्सिलेन फैक्टरी कर्मचारी आवास सहकारी समिति लिमिटेड के निदेशक मंडल में हनुमंतरायप्पा का चुनाव तब तक बहाल किया जाता है जब तक वह अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं कर लेते।

### यह है मामला

हनुमंतरायप्पा वाईसी सबसे अधिक वोट हासिल करके को कर्नाटक के गवर्नमेंट पोर्सिलेन फैक्टरी इंपलाइज हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के निदेशक चुने गए थे। चुनाव हारने वाले रंगनाथ बी ने चुनाव को लेकर शिकायत की थी कि हनुमंतरायप्पा को जुआ खेलने के मामले में नैतिक पतन के अपराध का दोषी ठहराया गया था। इसके बाद कर्नाटक सहकारी सोसायटी ने उनके चुनाव को रद्द कर दिया गया। उच्च न्यायालय ने भी उनके निर्वाचन को रद्द करने के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद हनुमंतरायप्पा ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

**हनुमंतरायप्पा सर्वाधिक मतों से चुने गए**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हनुमंतरायप्पा को सहकारी समिति के निदेशक मंडल में सर्वाधिक मतों से चुना गया था। उनके निर्वाचन को रद्द करने की सजा उनके द्वारा किए गए कथित कदाचार की प्रकृति के अनुपात में ठीक नहीं है। कोर्ट ने सहकारी समिति के निदेशक पद से हनुमंतरायप्पा को हटाने के निर्णय को बरकरार रखने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को खारिज करते हुए उन्हें पुनः बहाल करने का आदेश दिया।

## अमृतसर में शिअद पार्षद हरजिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में रविवार को शिरोमणि अकाली दल के पार्षद हरजिंदर सिंह बहमन की 3 बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपियों ने इस वारदात को शहर के एक गुरुद्वारे के पास अंजाम दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बहमन को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

- **पहले हुए हमले में बच गए थे, जांच में जुटी पुलिस**



**से हुई यह वारदात? :** सहायक पुलिस उपायुक्त हरपाल सिंह रंधावा ने बताया कि अकाली पार्षद अमृतसर के छेहरटा में एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह घर से बाहर निकले, बाइक सवार नकाबपोशों ने उन पर गोलियां चला दीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

## चिंतन

# दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए गर्व

जिसका इंतजार था, वो खबर आ ही गई। भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी भारत से आगे हैं। अगर हम वर्तमान वृद्धि दर बनाए रखने में कामयाब रहते हैं तो 2028 तक भारत जर्मनी की 4.9 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत की जीडीपी 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2028 तक 5.58 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसके बाद केवल अमेरिका 30.57 ट्रिलियन डॉलर और चीन 19.231 ट्रिलियन डॉलर ही भारत से आगे रहेंगे। नीति आयोग के सीईओ बी.वी. आर सुब्रह्मण्यम ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उसकी विकास दर और आम आदमी के जेब का हिसाब-किताब बताती है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ के आंकड़ों के अनुसार, भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है, जो जापान की अनुमानित जीडीपी 4.186 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है। भारत की यह उपलब्धि मजबूत घरेलू मांग, अनुकूल जनसांख्यिकीय रुझानों और नीतिगत सुधारों के कारण है। भारत की अर्थव्यवस्था 6-7 प्रतिशत की एनुअल ग्रोथ रेट बनाए हुए है। दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इससे न केवल देश में रोजगार के संसाधानों में इजाफा होगा बल्कि भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी-20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। यूएन की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत दुनियाभर में सबसे तेज गति से विकास कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल न केवल चीन बल्कि अमेरिका और यूरोप को पीछे छोड़ देगी। भारत की अर्थव्यवस्था इस साल 6.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। चीन की अर्थव्यवस्था 4.6, अमेरिका की 1.6, जापान की 0.7 और यूरोप की 1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। असल में भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं ने खास असर दिखाया है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने निवेश को आकर्षित किया और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया है। युवा आबादी और तकनीकी प्रगति ने वैश्विक मंच पर देश की स्थिति को मज़बूत किया है। यह बात सही है कि हम विकास की लंबी छलांग लगे रहे हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो सोचने पर मजबूर करता है। 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर रहा, जो दिखाता है कि देश में कुपोषण और भूख अभी भी गंभीर समस्याएं हैं। आय असमानता और बेरोजगारी की दर भी चिंता का विषय बनी हुई है। ऑक्सफैम की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1 फीसदी सबसे अमीर लोग देश की 50 प्रतिशत से अधिक संपत्ति के मालिक हैं। यह आंकड़ा असमानता की गहरी खाई को दिखाता है। अगर इन तथ्यों पर ध्यान नहीं दिया गया तो विकास की इस रफ्तार का अंतिम छोर पर खड़े आम आदमी को कोई लाभ नहीं होगा।

## वट सावित्री व्रत विशेष

श्वेता गोयल



# वट की छांव में सौभाग्य और समृद्धि का संकल्प

वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का 26 मई को एक दुर्लभ और अत्यंत पुण्यदायक संयोग बन रहा है। यह योग वर्षों में कभी-कभी बनता है और धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो इसे 'सोमवती अमावस्या' कहा जाता है और ऐसे अवसर को विशेष फलदायी तथा मनोकामना पूर्ति करने वाला माना जाता है। इस दिन का व्रत, पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान न केवल जीवन में सौभाग्य, संतान सुख और समृद्धि लाते हैं बल्कि यह पारिवारिक कल्याण के लिए भी अत्यंत प्रभावशाली होता है। वट सावित्री व्रत और सोमवती अमावस्या का संयोग एक अत्यंत दुर्लभ अवसर है, जिसे श्रद्धा और विधिपूर्वक मनाने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन किए गए व्रत, पूजा और उपाय अनेक बाधाओं का निवारण करते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भारतीय संस्कृति में वट सावित्री व्रत का अत्यंत पावन महत्व है। यह व्रत विवाहित स्त्रियों द्वारा अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की स्थिरता के लिए किया जाता है। धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में इसका उल्लेख विशेष रूप से किया गया है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग में माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लिए थे। यह व्रत नारी शक्ति, संकल्प और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। वट वृक्ष, जिसे 'अक्षयवट' भी कहा जाता है, उस अद्भुत स्थल का प्रतीक बन गया है, जहां यह चमत्कारी घटना घटित हुई थी। अतः इस दिन वट वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। व्रत के दिन महिलाएं प्रातःकाल स्नान करके शुद्ध वस्त्र धारण करती हैं और निर्जल या फलाहार व्रत का संकल्प लेती हैं। वट वृक्ष के नीचे जाकर उसकी पूजा करती हैं, जल अर्पित करती हैं, रोली, चंदन, चावल से तिलक करती हैं और वृक्ष की जड़ों में कच्चा सूत लपेटकर सात बार परिक्रमा करती हैं। यह परिक्रमा हमेशा दक्षिणावर्त दिशा में की जाती है क्योंकि वामावर्त परिक्रमा को अशुभ माना गया है। परिक्रमा करते समय महिलाएं वट सावित्री कथा का श्रवण करती हैं, जिसमें माता सावित्री की तपस्या, उनकी निष्ठा, धैर्य और पतिव्रता धर्म का वर्णन होता है। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि नारी संकल्प शक्ति से किसी भी संकट को पार कर सकती है। इस व्रत के दौरान सोलह श्रृंगार करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। यह श्रृंगार न केवल बाह्य सौंदर्य का प्रतीक होता है बल्कि सौभाग्य और मनोकामना पूर्ति का सूचक भी है। महिलाएं सिंदूर, चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी, आलता आदि से स्वयं को सजाती हैं और पति के सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। श्रृंगार की यह परंपरा इस व्रत को और अधिक आकर्षक बनाती है तथा महिलाओं के मन में एक नवीन ऊर्जा का संचार करती है और यह दिन नारी सशक्तिकरण एवं पारिवारिक जीवन में संतुलन और सौहार्द का प्रतीक बन जाता है। इस बार की विशेषता यह है कि वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या के दिन पड़ रहा है। सोमवती अमावस्या का योग जब वट सावित्री व्रत के साथ आता है तो इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार सोमवती अमावस्या का व्रत करने से पितृ दोष समाप्त होता है, पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और घर में सुख-शांति का वास होता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी को पीले रंग की 11 कौड़ियां अर्पित करनी चाहिएं। यदि पीली कौड़ियां न मिलें तो सफेद कौड़ियां हल्दी से रंगकर अर्पित की जा सकती हैं। इस उपाय से धन संबंधित समस्याओं का समाधान होता है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी प्रकार यदि वैवाहिक जीवन में तनाव है या पति-पत्नी के बीच मनमुटाव बना रहता है तो इस दिन वट वृक्ष के नीचे दीपक जलाकर माता लक्ष्मी की पूजा करें, प्रणम्य मंत्रों का जाप करें और पांच-पांच मीठे नींबू वट वृक्ष को अर्पित करते हुए 11 बार परिक्रमा करें। इस उपाय से वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बढ़ता है और पारिवारिक तनाव दूर होता है। यह व्रत नारी सशक्तिकरण और पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। जिस प्रकार सावित्री ने अपने पति के लिए मृत्यु के देवता यमराज से संघर्ष करके उन्हें पुनर्जीवन दिलाया, उसी प्रकार आज की नारी भी अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रयत्नशील रहती है। यह व्रत स्त्रियों को यह प्रेरणा देता है कि श्रद्धा, संकल्प और निष्ठा से किसी भी कठिन परिस्थिति को बदला जा सकता है। यह दिन महिलाओं को उनकी शक्ति, करुणा और श्रद्धा का पुनः स्मरण कराता है, जिससे वे अपने जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ सकें।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विजन

चेतस सुखाड़िया

# विद्यार्थी परिषद में व्यक्तित्व का निर्माण

> विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास। कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम, बैठक, अभ्यास मंडल, अभ्यास वर्ग, अधिवेशन यह सब उपक्रम से एक दिशा में चलने वाले कार्यकर्ताओं की श्रृंखला खड़ी होती है जिसके आधार पर लाखों छात्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ते हैं। ऐसे ही विद्यार्थी परिषद एक कार्यकर्ता अधिष्ठित जन आंदोलन की तरह विकसित हुआ। हमारे यहां कार्यकर्ता एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में आता है, वहीं धीरे-धीरे कार्यकर्ता के स्वरूप में कार्यकर्ता विकास की प्रक्रिया में जुड़ जाता है। कार्यकर्ता विकास का मतलब एक वाक्य में कहा जाए तो कह सकते हैं कि कार्यकर्ता की विवेक बुद्धि का विकास।

कार्यकर्ता को सही जीवन दृष्टि प्रदान करना ही कार्य की सफलता है। अपने प्रमुख कार्यकर्ता को किसी एक कार्यकर्ता ने कहा कि आप दंगा, लड़ाई-झगड़ा, मारपीट या अन्य कोई शारीरिक काम मुझे बताइए परंतु यह कंधे के ऊपर के हिस्से का काम मत बताइये, बहुत तकलीफ होती है। मन में बड़ी अस्वस्थता होती है। प्रमुख कार्यकर्ता ने उस कार्यकर्ता से कहा कि देखो भाई, हमारा काम ही युवा विद्यार्थियों को सामाजिक स्थिति के बारे में अस्वस्थ करने का है, समाज की विषम परिस्थितियों के बारे में उसके मन में पीड़ा उत्पन्न करने का है। सामाजिक वेदना से जोड़ने का है। समाज की परिस्थितियों के बारे में उनके मन में पीड़ा होगी, तभी आगे चलकर सामाजिक उत्थान के किसी ना किसी काम में अपने आप को लगाएगा। आचार्य चाणक्य कहते थे कि जब हम अपने स्वयं की पीड़ा सहते हैं तो हमारा बल बढ़ता है और जब किसी और की पीड़ा सहते हैं तो हमारा आत्मबल बढ़ता है। विद्यार्थी परिषद का कार्य यही है। एक छात्रा कार्यकर्ता से बातचीत करते हुए किसी ने उसको पूछा कि विद्यार्थी परिषद में काम करने से तुम्हें क्या मिला तो उसने कहा पहले भिखारी सामने आता था तो थोड़ा असहज होती थी, घृणा होती थी लेकिन आज मन में प्रश्न उठता है कि इसकी स्थिति ऐसी क्यों है? पहले गंदा बच्चा देखती थी तो मुझे मन में तिरस्कार उत्पन्न होता था। आज उस बच्चे को गोद में उठा सकती हूं, उठाती भी हूं। यह परिवर्तन विद्यार्थी परिषद के कारण हुआ। पिछले दिनों हमने अखिल भारतीय स्तर पर सामाजिक अनुभूति नाम का कार्यक्रम पूरे देशभर में किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थी परिषद के हजारों कार्यकर्ताओं ने देश के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र में जाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्या, उनके प्रश्नों, उनके जीवन को समझने का प्रयास किया और साथ ही भारत के जनजीवन को एक सामान्य व्यक्ति के रूप में अनुभव करने का भी प्रयास किया। सबसे बड़ी बात है कि जिस सामाजिक संवेदना की अनुभूति हम हमारे कार्यकर्ताओं को कराना चाहते थे उसमें हम कई हद तक सफल हुए। समाज के प्रति उनके मन में एक संवेदना के भाव के साथ, वास्तव में ऐसे समाज जो पीड़ित, पतित, शोषित व वंचित है और पिछड़े वर्गों के साथ हमारे समाज के जनजाति बंधुओं के साथ स्वाभाविक ही मिलना हुआ, परिचय हुआ।

एक गांव में अपने कार्यकर्ता की एक वृद्ध महिला से मिले दो बेटे में से एक बेटे की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। दूसरे बेटे की शादी हो गयी थी, वह अलग रहता था। आज वह महिला लोगों के कपड़े प्रेस करके अपना गुजारा





चला रही है। बड़े बेटे की विधवा पत्नी बीमा योजना की और विधवा पेंशन के सारे पैसे लेकर घर छोड़कर चली गई थी। उसी बूढ़ी मां ने सर्वे में गए कार्यकर्ताओं को पूछा कि आप इतनी धूप में आए हैं, आप लोगों ने कुछ खाना खाया है या नहीं? अपने कार्यकर्ताओं को उन्होंने खाना खिलाया, जब उनके घर की स्थिति व गरीबी देखकर एक रोटी खाकर वह कार्यकर्ता खड़े हो रहे थे तो बूढ़ी मां ने जबरदस्ती उनको बिठाकर ठीक से भोजन करवाया और कहा कि आप आराम से भोजन करो, मैं किसी आशा अपेक्षा से आपको यह भोजन नहीं करवा रही हूँ। ऐसे ही सामाजिक अनुभूति के दौरान एक और अनुभव - एक गांव में अपने ही बेटे ने अपनी बूढ़ी मां को घर के बाहर निकाल दिया था। आज भी वह बूढ़ी मां गांव के चौराहे के पास एक टूटी -फूटी झोपड़ी में रहती है और भीख मांग कर अपना जीवन यापन करती है। ग्रामीण सर्वे के दौरान अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता उनको मिलने के लिए गई तब अपनी आपबीती सुनाते हुए वह वृद्ध मां कई समय तक रोती रही, अपने पास पर्स में रखे हुए कुछ पैसे लेने के लिए जब अपनी छात्रा कार्यकर्ता ने उन्हें आग्रह किया तो बड़े ही आग्रह के बाद उन्होंने उसे स्वीकृत किया। छात्रा कार्यकर्ताओं को अपने मन से भरपूर आशीर्वाद दिया और कहां कि तुम मेरी इस छोटी सी टूटी-फूटी कुटिया में आई तेरा और मेरा कोई भी संबंध नहीं है, न कोई परिचय है, न खून का कोई रिश्ता है फिर भी मेरी वेदना को आपने समझा। अनुभूति के दौरान ऐसे ही कई अनुभवों के कारण अपनी एक छात्रा कार्यकर्ता जिसकी पॉकेट मनी करीबन 4000 रुपये मासिक थी और मां को समझा-बुझाकर जो मिल जाते थे वह अलग। ऐसी छात्रा ने जब सामाजिक अनुभूति में गांव की व्यवस्था देखी, गांव की शिक्षा देखी, गांव के बच्चे देखे, गांव में चल रही नशावृत्ति देखी तो व्यथित हो गई। मेरे देश में, मेरे शहर के नजदीक के किसी एक गांव में ऐसी स्थिति है तो दूरदराज क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या होगी? उसी समय मन ही मन उस छात्रा ने संकल्प लिया कि अपनी पॉकेट मनी से कम से कम 50 प्रतिशत इन गरीब, पीड़ित, शोषित लोगों के बीच में कार्य करने के लिए, उनके उत्थान के लिए, उनके विकास के लिए खर्च करूंगी और आज वह कार्यकर्ता उस दिशा में कार्यरत भी है। विद्यार्थी परिषद का कार्य ही विजन देने का है। विद्यार्थी कार्यकर्ताओं के विजन को व्यापक बनाने का है। मित्रों, विद्यार्थी परिषद में हमें सामूहिक रूप से और व्यक्तिगत रूप से विजन तो मिलता ही है और वही विजन हमारे अंदर संक्रमित होते हुए हमारा मिशन बनता है, जिसके आधार पर हमारा वर्तन और व्यवहार और एक्शन बनता है। वास्तव में हमारे विजन को संतुलित करने का प्रयास विद्यार्थी परिषद में होता है। ऐसा हम सभी अनुभव करते होंगे। महिला विषयक दृष्टिकोण आज भी सहज रूप से समानता का नहीं है। 1990 के दशक में देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन से माहौल बिगड़ रहा था। परिषद ने सामंजस्य बनाने का आह्वान किया। उस समय प्रमुख नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन काफी प्रयास के बाद बढ़ नहीं पाया। विद्यार्थी परिषद में हमने छात्र-छात्रा कार्यकर्ता को समान समझा। एक अधिवेशन में एक महिला पत्रकार ने कहा कि छात्र संगठनों में छात्राओं का सबसे ज्यादा सहभाग विद्यार्थी परिषद में ही है, हमारा महिला विषयक दृष्टिकोण यह सम्यक है। परिषद में हर स्तर पर छात्राओं को बड़ी संख्या में तथा महत्वपूर्ण दायित्वों पर सहभागी करते हुए सामाजिक जीवन मे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जाति, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकात्मता के लिए विद्यार्थी परिषद ने निरंतर प्रयास किए। परिषद कार्यकर्ताओं ने समरसता के भाव के साथ अपनी सामाजिक निष्ठा को परिश्रम पूर्वक व्यवहार में लाकर कई बार ऐसे विघटनकारी व जातिवादी शक्तियों को परास्त किया है।

(लेखक अभाविप मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।


# ज्ञान का अभिषेक



संकलित
## दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

# समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए।संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### नशा बनाता है हैवान

नशा किस तरह किसी व्यक्ति को हैवान बना देता है, इसके बारे में हम खबरों के जरिए भी जानते हैं। इन खबरों में इनसानियत को शर्मसार करने की हरकतों या अपराध का जिक्र होता है। कभी नशे की खातिर कोई अपनी मां की, कोई बाप की, कोई भाई की तो कभी किसी और की हत्या कर देता है। नशा बल-बुद्धि, शरीर और परिवार के लिए घातक होता है। नशा इनसान को हैवान भी बना देता है, हैवानियत के कारण नशेड़ी इनसान अपने घर-परिवार के सदस्यों के साथ, यहां तक कि अपने बच्चों के साथ भी क्रूरता भरा व्यवहार करने से गुरेज नहीं करता है। मां-बाप अपने बच्चों को लाड़ प्यार से पाल कर उनके भविष्य के लिए सुनहरे सपने संजोते हैं, लेकिन जब कोई बच्चा बचपन या जवानी की दहलीज पर पांव रखते ही नशे के दलदल में धंसना शुरू होता है, तो उन्हें बड़ी परेशानी होती है। *- विनय पटेल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### विकास की गति पर जोर



मैंने विकास की हमारी गति को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और यह तय किया कि डबल इंजन वाली सरकार का लाभ लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचे। स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने के बारे में बात की।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारतीयों की ताकत



भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने सही कहा है, यह ऐतिहासिक उपलब्धि 1.4 अरब भारतीयों की ताकत, लचीलापन और एकता का प्रमाण है।

-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### शहद उत्पादन में वृद्धि



आज से 10-11 साल पहले भारत में शहद उत्पादन एक साल में करीब 70-75 हज़ार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन हो गया है। यानि शहद उत्पादन में 60% की वृद्धि हुई है।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### पुंछ में सब एक समान




पुंछ में पाकिस्तानी हमलों से प्रभावित मंदिर, गुरुद्वारा और मदरसे में गया। यहां हर धर्म के लोग साथ रहते हैं, साथ दुख सहते हैं। हमें बांटने और तोड़ने की कोशिश करने वाले कभी सफल नहीं होंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# अमरीका के साथ परमाणु समझौता नहीं करेगा ईरान



ईरान ने स्पष्ट कहा है कि अगर अमेरिका उसके यूरेनियम संवर्धन को रोकना चाहता है तो उसके साथ कोई परमाणु समझौता नहीं होगा। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने इटली की राजधानी रोम में ईरान और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर से पहले सरकारी आईआरआईबी टीवी के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमारे बीच अभी भी बुनियादी मतभेद मौजूद हैं। अमेरिकी पक्ष ईरान में यूरेनियम संवर्धन में विश्वास नहीं करता है। अगर यह उनका उद्देश्य है, तो कोई समझौता नहीं होगा। अराघची ने अमरीकी अधिकारियों की हाल की उन मांगों के संदर्भ में यह टिप्पणी की, जिसमें कहा गया था कि वह चाहता है कि ईरान अपनी धरती पर यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से रोक दे। उन्होंने कहा कि यदि वह चाहते हैं कि ईरान परमाणु हथियारों की ओर न बढ़े, तो यह हासिल कियाजा सकता है। हम परमाणु हथियार नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 2015 में ईरान और कई अन्य देशों के बीच हस्ताक्षरित परमाणु समझौता अब प्रभावी नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि समझौता खत्म हो गया है तथा औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाने वाला समझौता फिर से शुरू किया जा सकता है।

## ऑफ बीट

# ऐसा जीवाणु जो अस्पताल के प्लास्टिक पर रहता है निर्भर




हाल के वर्षों में सूक्ष्मजीव विज्ञानियों ने विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम एक ऐसे जीवाणु की खोज की है, जो भविष्य में प्लास्टिक के निपटान के लिए अधिक टिकाऊ मार्ग की ओर संकेत करता है। ये 'प्लास्टिक खाने वाले' सूक्ष्मजीव एक दिन लैंडफिल और महासागरों में जमा कचरे के पहाड़ों को कम करने में मदद कर सकते हैं। गलत वातावरण में, वे गंभीर समस्याएं पैदा कर सकते हैं। अस्पतालों में टांके (खास तौर पर घुलने वाले टांके), घाव की ड्रेसिंग और प्रतिरोपण जैसी चीजों में प्लास्टिक का व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। तो क्या अस्पतालों में पाए जाने वाले जीवाणु प्लास्टिक को तोड़कर खा सकते हैं? हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि अस्पतालों में पाए जाने वाले कुछ जीवाणु जैसे कि स्यूडोमोनास एरुगिनोसा, प्लास्टिक को विघटित करने में सक्षम हो सकते हैं। पी एरुगिनोसा जीवाणु के कारण हर साल दुनिया भर में लगभग 5,59,000 लोगों की मौत होती है और इनमें अधिकतर संक्रमण अस्पतालों में फैलता है। वेंटिलेटर पर रहने वाले अथवा सर्जरी या जलने से खुले घाव वाले मरीजों को पी एरुगिनोसा संक्रमण का विशेष खतरा होता है। साथ ही, कैथेटर वाले मरीजों को भी पी एरुगिनोसा संक्रमण का खतरा होता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## टीवी मसाला



# 'नॉयनतारा' सीरियल में दिखेगी भूत-प्रेतों की कहानी

**नई दिल्ली।** जल्द ही एक सीरियल 'नॉयनतारा' में एक लड़की की कहानी दिखाई जाएगी, वह शादी करके नए घर में आती है तो उसका सामना एक नहीं, कई भूतों, आत्माओं से होता है। उसके ससुराल का भूतों से क्या नाता है? इसी उलझन को नॉयनतारा सुलझ जाएगी। इस सीरियल में लीड रोल में श्रुति बिष्ट, अर्जुन चक्रवर्ती और नारायणी शास्त्री हैं। इससे पहले भी कई हॉरर सीरियलों ने दर्शकों को डराया है। सीरियल 'जादू तेरी नजर-डायन का मौसम' भी एक सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इस सीरियल में डायन की कहानी को दिखाया गया है। सीरियल में खुशी दुबे, जियान खान, अदिति शर्मा और अंतरा बिस्वास (मोनालिसा) जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आए। यह सीरियल कई बार टीआरपी लिस्ट में भी शामिल होता है। सीरियल 'नजर' भी एक हॉरर, सुपरनेचुरल थ्रिलर सीरियल है। इसके दो सीजन आ चुके हैं। पहला सीजन 2018 में दर्शकों को देखने को मिला था। पहले सीजन में मोनालिसा, नियति फतनानी और हर्ष राजपूत लीड रोल में थे। इस सीरियल में डायन के रोल में मोनालिसा नजर आईं। दूसरा सीजन 2020 में प्रीमियर हुआ, इसमें मोनालिसा और श्रुति शर्मा लीड रोल में दिखीं। यह सीरियल हॉरर फैंटेसी के साथ रोमांटिक ड्रामा भी था। पिछले साल यह सीरियल दर्शकों को देखने को मिला। इसके पहले सीजन में नकिया हाजी, विभव रॉय ने लीड रोल निभाए। दूसरे सीजन में सुमित सिंह और रेयांश वीर चड्ढा ने लीड रोल निभाए थे। इसकी कहानी में एक परिवार के छिपे हुए डरावने राज सीरियल की लीड एक्ट्रेस के सामने आते हैं। 'कयामत की रात' साल 2018 का एक हिट सुपरनेचुरल, हॉरर ड्रामा सीरियल था। इसमें लीड रोल में करिश्मा तन्ना, निर्भय वाधवा और विवेक दहिया नजर आए। सीरियल में मधुरिमा तुली भी अहम किरदार निभाती दिखीं। इस सीरियल में प्यार, पुनर्जन्म की कहानी के साथ भूत वाला एंगल भी शामिल था। साल 2022 में एक सीरियल 'पिशाचिनी' भी दर्शकों को देखने को मिला। इस सीरियल में नायरा बैनर्जी, जिया शंकर और हर्ष राजपूत लीड रोल निभाते दिखे। सीरियल की कहानी एक लड़की रानी है, जो असल में एक पिशाचिनी है। वह एक परिवार से बदला लेना चाहती है। इसी कहानी के साथ सीरियल आगे बढ़ता है और दर्शकों को डराने में कामयाब रहता है।

# भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं 'बिब्बो'

**नई दिल्ली।** बिब्बो, जिनका असली नाम इशरत सुल्ताना था, भारतीय और पाकिस्तानी सिनेमा की एक मशहूर एक्ट्रेस, सिंगर और म्यूजिक कंपोजर थीं। बिब्बो का जन्म 1906 में हुआ था। बिब्बो 1930 और 1940 के दशक की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी से दर्शकों का दिल जीता।

**सिनेमा में शानदार सफर:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिब्बो ने अपने कॅरियर की शुरुआत 1933 में अजंता सिनेटोन लिमिटेड के साथ की। उन्होंने एम.डी. भवानी और ए.पी. कपूर जैसे निर्देशकों के साथ काम किया। 1930 के दशक में वह देविका रानी, दुर्गा खोटे और सुलोचना जैसी अभिनेत्रियों के साथ टॉप की लीडिंग लेडी थीं। उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि 1939 में आई फिल्म 'गरीब के लाल' के एक गाने में उनका नाम शामिल किया गया, जिसमें लिरिक्स थे- 'तुझे बिब्बो कहूं के सुलोचना।' वह भारतीय सिनेमा की पहली महिला संगीत निर्देशक थीं।

**बेहतरीन एक्ट्रेस और शानदार सिंगर :** बिब्बो ने 1931 से 1947 तक भारतीय सिनेमा में कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'मायामच्छिंद्र', 'वासुदेव', और 'सीता' शामिल हैं। वह न सिर्फ एक्टिंग बल्कि गायकी



और म्यूजिक कंपोजिंग में भी माहिर थीं। उनकी मधुर आवाज और अभिनय ने उन्हें उस दौर की सबसे खास कलाकार बनाया। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के बाद बिब्बो पाकिस्तान चली गईं। वहां भी उन्होंने कुछ फिल्मों में काम किया, लेकिन उनका भारतीय सिनेमा जैसा जादू दोबारा नहीं चला। फिर भी, वह दोनों देशों के सिनेमा में अपनी छाप छोड़ गईं।

**बिब्बो का योगदान :** बिब्बो अपनी निजी जिंदगी को सुर्खियों से दूर रखती थीं। उनकी सादगी और काम के प्रति समर्पण ने उन्हें हमेशा सम्मान दिलाया। बिब्बो उस समय की उन गिनी-चुनी अभिनेत्रियों में से थीं, जिन्होंने सिनेमा में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उस दौर में एक्टिंग को महिलाओं के लिए अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बिब्बो ने अपने टैलेंट से इस सोच को चुनौती दी।

# कान्स फिल्म फेस्टिवल से खाली हाथ लौटा भारत, होमबाउंड ने किया निराश

**पेरिस।** फ्रांस में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जो 13 मई से लेकर 24 मई तक चला। इस समारोह में देश-दुनिया के दिग्गज कलाकारों ने भाग लिया और अपना जलवा बिखेरा। इतना ही नहीं, कान्स फिल्म फेस्टिवल में उल्लेखनीय फिल्में और ऐतिहासिक उपलब्धियां भी प्रदर्शित की गईं, जिसमें कई फिल्मों और कलाकारों ने अवॉर्ड जीता। भारतीय निर्देशक नीरज घेवन की 'होमबाउंड' को कान्स में काफी सराहना मिली थी, इस कारण दर्शकों को इससे काफी उम्मीद थी।

***अवॉर्ड के मामले में भारत पीछे :*** कान फिल्म फेस्टिवल में भारत की ओर से नीरज घेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग के दौरान उसे स्टैंडिंग अवेशन मिला था और लगभग नौ मिनट तक लगातार हॉल में तालियां बजी थी। ईशान खट्टर, विशाल जेठिया और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म अवॉर्ड पाने की होड़ में आगे दिख रही थी, लेकिन फिल्म अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में ही पिछड़ गई और इसे खाली हाथ लौटना पड़ा। इसके अलावा बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' से भी भारत को उम्मीदें थीं, लेकिन इसे भी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। इस बार पुरस्कार के मामले में भारत कान्स में सबसे पीछे रहा।




| अवॉर्ड का नाम | विजेता का नाम |
|---|---|
| पाम डी'ओर | जाफर पनाही |
| ग्रैंड प्रिक्स | जोआचिम ट्रायर |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | क्लेबर मेंडोंका फिल्हो |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | वैगनर मौरा |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | नादिया मेलिटि |
| जूरी पुरस्कार | ओलिवियर लैक्स और माशा शिलिंस्की |
| सर्वश्रेष्ठ पटकथा | जीन-पियरे और ल्यूक डार्डेन |
| कैमरा डी'ओर | हसन हादी |
| अन सर्टेन रिगार्ड | हैरिस डिकिंसन |
| ग्रैंड प्राइज | रत्चापूम बूनबंचचोक |

### इराक ने जीता पहला पुरस्कार

78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इराक के लिए काफी खास रहा, क्योंकि उसने अपना पहला पुरस्कार हासिल किया। हसन हादी को उनकी फिल्म 'प्रेसिडेंट्स केक' को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फीचर फिल्म के लिए कैमरा डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवॉर्ड की घोषणा होते ही, वहां मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर जश्न मनाया। इसके अलावा ईरान के फिल्म निर्माता जफर पनाही को 'इट वॉज जस्ट एन एक्सीडेंट' के लिए पाम डी'ओर पुरस्कार मिला।

## जिंदगी में सब कुछ मिला, पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी होने नहीं दिया

# असल जिंदगी में हीरो थे सुनील दत्त, प्लेन क्रैश में टूटी टांग, पर पहले बचाई दूसरों की जान

*नई दिल्ली। सुनील दत्त वो 'हीरो' थे, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे। वो रियल लाइफ हीरो थे अपनी बीवी नरगिस के लिए, अपने बेटे संजय दत्त के लिए और अपनी जनता के लिए, जिनसे उन्हें बहुत लगाव था। उन्हें जिंदगी में सब कुछ मिला, नाम , पैसा, शोहरत और रुतबा... पर कभी भी इन्हें खुद पर हावी नहीं होने दिया और सबसे नरम दिल एक्टर कहलाए। मेरे नाम पर कोई मूर्ति या सड़क नहीं होनी चाहिए, मेरे चेहरे वाला कोई डाक टिकट या मेरे नाम पर कोई संगठन नहीं होना चाहिए। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे मेरे काम के लिए याद रखें... ये शब्द थे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से सबसे नरम दिल कहे जाने वाले एक्टर सुनील दत्त के। जिन्होंने अपनी जिंदगी परिवार, सिनेमा और आम जनता के नाम कर दी। आप शायद ही जानते होंगे कि एक बार लोगों की जान बचाते-बचाते वो खुद अपनी जान गंवाने वाले थे। आइये आज 'संडे सिनेमा' में उस 'हीरो' के बारे में जानते हैं, जो असल जिंदगी में भी हीरो थे।*

### 5 साल की उम्र में पिता की मौत, मुस्लिम ने बचाई जान



सुनील दत्त का असली नाम बलराज रघुनाथ दत्त था। इनका जन्म 6 जून 1929 को खुर्द, पंजाब (अब पाकिस्तान में है) में पंजाबी हिंदू फैमिली में हुआ था। उनकी मां का नाम कुलवंती देवी दत्त था। सुनील जमींदारों के परिवार से थे। उनके एक छोटे भाई सोम दत्त और छोटी बहन राज रानी बाली हैं। सुनील के पिता की मौत तब हुई, जब वो 5 साल के थे। सुनील जब 18 साल के हुए, तब भारत का विभाजन हुआ और पूरे देश में हिंदू-मुस्लिम हिंसा भड़क गई थी। सुनील के पिता के एक मुस्लिम दोस्त याकूब ने उनके पूरे परिवार की जान बचाई थी और और उन्हें भारत भेजने में मदद की थी। परिवार यमुना नदी के तट पर पूर्वी पंजाब (अब हरियाणा में) के यमुनानगर जिले में स्थित छोटे से गांव मंडौली में बस गया।

***पढ़ाई-लिखाई :*** सुनील दत्त कॉलेज जाने से पहले कुछ समय के लिए अपनी मां के साथ लखनऊ के अमीनाबाद बाजार मोहल्ले में रहने लगे। फिर वे बॉम्बे (अब मुंबई) शिफ्ट हो गए। वहां उन्होंने जय हिंद कॉलेज से पढ़ाई की और बेस्ट ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग डिवीजन में नौकरी की। उन्होंने 1954 में इतिहास (ऑनर्स) में आर्ट्स में ग्रेजुएशन किया था।

### 'मदर इंडिया' फिल्म ने बदल दी थी तकदीर

सुनील को बीआर चोपड़ा की 'एक ही रास्ता' (1956) और महबूब खान की 'मदर इंडिया' (1957) से स्टारडम मिला था। 'मदर इंडिया' 50 के दशक की सबसे सफल फिल्म होने के साथ-साथ ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर बन गई थी। न्यूकमर होने के बावजूद सुनील ने विलेन के रोल को स्वीकार किया और इस फिल्म ने उन्हें 'बॉलीवुड का पहला खलनायक' बना दिया। इस मूवी को कई यूरोपी भाषाओं में डब किया गया, जैसे- स्पेनिश, फ्रेंच और रूसी। ग्रीस, स्पेन और रूस में फिल्म सक्सेसफुल रही। रिलीज होने के कम से कम 10 साल बाद भी इसे अल्जीरिया जैसे देशों में दिखाया जाता रहा। इसने कई अवॉर्ड अपने नाम किए।

### कर्ज में डूब गए, नहीं किया समझौता




इस तरह से सुनील का एक्टिंग का सफर आगे बढ़ता रहा। 60 के दशक में वो करियर के पीक पर थे। उन्होंने 'पड़ोसन' में कॉमिक रोल करके अपने फैंस को चौंका दिया था। 1969 में राजेश खन्ना के सुपरस्टार बनने के बाद सुनील के करियर का ग्राफ लुढ़कने लगा था। उन्होंने एक्टिंग के अलावा डायरेक्शन में हाथ आजमाया। पर उनकी 'रेशमा और शेरा' बुरी तरह फ्लॉप हुई। तब सुनील 60 लाख रुपये के कर्ज में डूब गए थे। उन्हें अपनी कार बेचनी पड़ी।

### ऐसे इंडस्ट्री में आए थे बलराज दत्त, बन गए सुनील दत्त

*डायरेक्टर रमेश सहगल ने सुनील दत्त को फिल्म इंडस्ट्री में लाने में अहम भूमिका निभाई, जो उस समय रेडियो शो 'लिप्टन की महफिल' होस्ट करते थे। रमेश की सुनील से मुलाकात साल 1953 में हुई थी, जब सुनील 'शिकस्त' फिल्म की रिपोर्टिंग कर रहे थे। सुनील की आवाज और पर्सनैलिटी से प्रभावित होकर रमेश ने उन्हें अपकमिंग प्रोजेक्ट का ऑफर दिया। दिलचस्प बात ये है कि सुनील ने वो ऑफर ठुकरा दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी मां से वादा किया था कि वो पहले अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे, लेकिन फिर उनका मन बदल गया और वे रमेश की फिल्म में एक्टिंग करने चले गए। चूंकि उस समय इंडस्ट्री में बलराज साहनी जाने-माने एक्टर थे, इसलिए रमेश ने उन्हें सुझाव दिया कि उन्हें एक नया स्क्रीन नाम अपनाना चाहिए और फिर उनका नाम 'सुनील दत्त' रखा।*

# ब्लू स्टोन से सजे गाउन में बिखेरा जलवा

एजेंसी ▶▶ पेरिस




बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने बीती रात कान में अपना शानदार डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल गाउन में पहली बार कान की रेड कार्पेट पर उतरने वाली आलिया का कान से दूसरा लुक भी सामने आया है। इस बार आलिया ब्लैक ड्रेस में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती नजर आई हैं। अपने दूसरे लुक में आलिया नीले रंग की ज्वेलरी से सजे जेम स्टडेड अरमानी प्रिवी गाउन में नजर आईं।

आलिया के इस लुक को रिया कपूर ने स्टाइल किया था। आउटफिट आलिया भट्ट को काफी स्लीक लुक दे रहा था। गाउन के ऊपरी भाग में ब्लू कलर के जेमस्टोन लगाए गए हैं और बाकी के गाउन को छोटे-छोटे चमकदार स्टोन्स से सजाया गया है। आलिया भट्ट ने इस ब्यूटिफुल गाउन के साथ मैचिंग कलर के ब्लूस्टोन इयर रिंग्स पहने थे। इसके साथ ही आलिया ने मैचिंग हेडपीस पहना था और एक डायमंड रिंग भी पहनी थी। इस दौरान एक्ट्रेस ने नो मेकअप लुक कैरी करने का तय किया था, जिसमें उन्होंने न तो कोई बोल्ड लिपस्टिक लगाई और न ही हाई कलर टोन लिया। इससे पहले आलिया भट्ट ने आइवरी-न्यूड शिआपरेली ड्रेस में कान की रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू किया। पीच कलर के फ्लोरल डिजाइन गाउन में आलिया बेहद खूबसूरत नजर आईं। कान में अपने डेब्यू के लिए आलिया ने इटैलियन डिजाइनर एल्सा शिआपरेली के डिजाइन किए गए गाउन को पहना।



# जारी है फिल्म 'रेड 2' का जलवा वीकेंड में बढ़ा कलेक्शन...

**मुंबई।** अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म 'रेड 2' सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज हुई थी। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को राजकुमार गुप्ता के डायरेक्ट किया है।

मूवी में अजय और रितेश की एक्टिंग ने हर किसी का दिल जीता। फिल्म की कहानी को क्रिटिक्स के भी बेहतरीन रिव्यू मिले हैं। 'रेड 2' को रिलीज हुए 25 दिन हो गए हैं। फिल्म के रिलीज के इतने दिनों बाद भी ये शानदार कमाई कर रही है। इसी बीच अब 'रेड 2' के चौथे शनिवार के कलेक्शन सामने आ चुके हैं। शनिवार को घरेलू बॉक्स पर 1.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। ऐसे में अब इसका टोटल कलेक्शन 159.70 करोड़ रुपए हो चुका है। 'रेड 2' के सामने अब राजकुमार राव की 'भूल चूक माफ' और सुनील शेट्टी की 'केसरी वीर' खड़ी है। इसके बावजूद 'रेड 2' ने शनिवार को शानदार कमाई की और सुनील शेट्टी की फिल्म को भी पछाड़ दिया।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# हर लड़की को शादी के लिए कह रहा था

**नई दिल्ली।** जहां गौहर खान 'बिग बॉस 7' की विनर रही थीं, वहीं साजिद खान इसके 16वें सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आए थे। पर कभी दोनों रिलेशनशिप में थे। कभी गौहर खान और साजिद खान की सगाई हुई थी, और शादी होने वाली थी। पर बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। साजिद खान ने बताया था कि वह और गौहर खान एक साल तक रिलेशनशिप में रहे। उन दोनों की सगाई भी हुई थी, जिसे मीडिया ने कवर किया था। साजिद ने ब्रेकअप के लिए अपनी गलतियों को जिम्मेदार ठहराया था। 'मेरा कैरेक्टर बहुत ढीला था। मैं बहुत लड़कियों के साथ बाहर घूम रहा था, उन्हें झूठ बोल रहा था। कभी कुछ ऐसी बदतमीजी नहीं की, लेकिन हर लड़की को 'आई लव यू' और 'विल यू मैरी मी?' बोलता था। अब तक मेरी कोई 350 शादी होनी चाहिए थी, लेकिन नहीं हुई। मुझे यकीन है कि मैं जितनी भी लड़कियों के साथ जिंदगी में था, कहीं ना कहीं वो मुझे थोड़ी मिस भी कर रही होगी और थोड़ी गाली भी देती होंगी।'



## शैतान की दुनिया से कुछ नया लेकर आईं

**मुंबई।** काजोल ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें अपनी नई फिल्म का टीजर शेयर किया है। इस टीजर पर लिखा है, 'शैतान की दुनिया से'। काजोल की फिल्म 'मां' 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू और बांग्ला भाषा में भी यह फिल्म रिलीज होगी। फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता जैसे कलाकार भी हैं। यह एक हॉरर, सुपरनेचुरल ड्रामा फिल्म है। इसमें काजोल लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म को अजय देवगन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म 'मां'के डायरेक्टर विशाल फुरिया हैं। विशाल हॉरर जॉनर की फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं, हाल ही में उनकी एक हॉरर फिल्म 'छोरी 2' रिलीज हुई। पिछले दिनों अपनी फिल्म 'मां' की रिलीज से पहले काजोल को कोलकाता के दिव्य दक्षिणेश्वर काली मंदिर में देखा गया।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

## सारे सिस्टम के लिए एक 'संवेदनशील सिस्टम' की बड़ी मिसाल

### श्रीनगर बॉर्डर पर तैनात जवान की महीने भर की बेटी के दिल में छेद

# तबीयत बिगड़ी तो रात में खुल गया जिला स्वास्थ्य कार्यालय, 3 घंटे में दस्तावेज तैयार कर मुंबई भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

शनिवार की रात स्वास्थ्य विभाग के लिए किसी इमरजेंसी अलर्ट से कम नहीं थी। सरकारी अवकाश होने के बावजूद रात 8 बजे से 11 बजे तक जिला स्वास्थ्य कार्यालय खुला रहा। कारण था-आर्मी के जवान की एक महीने की मासूम बच्ची की जान बचाना, जिसे दिल में छेद की गंभीर बीमारी थी। कुछ ही घंटों में दस्तावेज तैयार हुए और बच्ची को परिजनों के साथ मुंबई इलाज के लिए रवाना कर दिया गया। मामला अधारताल निवासी राहुल कुशवाहा की एक माह की बेटी आराध्या का है। बच्ची के पिता भारतीय सेना में पदस्थ हैं और वर्तमान में श्रीनगर बॉर्डर पर तैनात हैं।

मुंबई के डॉक्टरों से बातचीत कर व्यवस्था सुनिश्चित की गई



### रात में ही अस्पताल पहुंचा पूरा स्टाफ

बच्ची की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसकी मां और दादा रामायण कुशवाहा डीईआईसी कार्यालय पहुंचे। चूंकि शाम 5 बजे के बाद कार्यालय बंद हो चुका था, ऐसे में उन्होंने फोन पर डीईआईसी जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला से संपर्क किया। शुक्ला घर लौट रहे थे, लेकिन जैसे ही उन्हें मासूम की हालत की जानकारी मिली, वे तुरंत वापस कार्यालय पहुंचे। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा को भी सूचना दी गई, और वे भी रात को कार्यालय पहुंचे। कुछ ही देर में पूरा स्टाफ कार्यालय बुलाया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आराध्या के इलाज के लिए सभी दस्तावेज तैयार किए गए। रात में ही डॉक्टरों से संपर्क हुआ, और रेलवे टिकट की भी व्यवस्था कर बच्ची को परिवार समेत मुंबई के नारायणा अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

### मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत होगा इलाज

जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला ने बताया कि बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी। समय की संवेदनशीलता को समझते हुए पूरी टीम ने तीन घंटे के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कीं। मुंबई के डॉक्टरों से बातचीत कर व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने बताया कि आराध्या का पूरा इलाज मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत निःशुल्क किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के जन्मजात विकृतियों जैसे दिल में छेद, कटे होंठ, पैरों का टेढ़ापन, नेत्र विकार आदि का इलाज निःशुल्क किया जाता है।

### ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

**आगरा।** ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर रहीं। पर्यटन विभाग को केरल से एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें ताजमहल को आरडीएक्स से उड़ाने की बात कही गई थी। मेल मिलते ही सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डाग स्क्वाड और पुरातत्व विभाग की टीमों ने ताजमहल परिसर में तीन घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि यह ईमेल फर्जी निकला। साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर ताजमहल के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर सतर्कता बढ़ा दी गई। पर्यटकों को पेन तक ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी गई।



### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मकवाना ने कहा


# जातिगत गणना विभाजनकारी नहीं, सामाजिक न्याय बढ़ेगा

हरिभमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने जातिगत गणना से समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि एकत्र किए गए आंकड़े नीतिगत निर्णय लेने में आधार के रूप में काम आएंगे। इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। हाशिए पर पड़े पिछड़े समुदायों के उत्थान में मदद मिलेगी। एनडीए सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना को शामिल किए जाने का मकवाना ने स्वागत कहा है। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं तक आनुपातिक पहुंच सुनिश्चित को सकेगी।



### समाज में खाई पैदा होने के आरोपों को खारिज किया



#### यूपीए सरकार ने कभी जारी नहीं किया

यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना करवाई थी, जो 1931 के बाद से देश भर में जाति के आंकड़े एकत्र करने की पहली कोशिश थी। हालांकि, 2011 की जनगणना के जातिगत आंकड़े कभी भी पूरी तरह से जारी या उपयोग नहीं किए गए। मकवाना ने कहा कि इससे जाति के आधार पर कोई विभाजन पैदा नहीं होगा। बल्कि, इससे सामाजिक न्याय मजबूत होगा।

#### इससे बाबा साहेब के सपने पूरे होंगे

उन्होंने कहा कि यह पिछड़ी जातियों का उत्थान करेगा और एससी के लिए बाबासाहेब आंबेडकर के सपने के सभी तीन पहलुओं सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक को मजबूत करेगा। इससे मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के लाभार्थियों को बेहतर तरीके सुविधाएं दी जा सकेंगी।

#### डेटा संग्रह में हमारी कोई भूमिका नहीं

उन्होंने कहा किडेटा संग्रह में हमारी कोई भूमिका नहीं है। लेकिन डेटा सामने आने के बाद, आयोग की यह सुनिश्चित करने में भूमिका होगी कि अनुसूचित जातियों को अनुपात के आधार पर उनका उचित हिस्सा मिले। इस लिहाज से, यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसकी सराहना करते हुए एनसीएससी अध्यक्ष ने कहा कि जाति जगणना पीएम नरेंद्र मोदी के समाज के अंतिम व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

### शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में गैस रिसी

## लोगों में मची अफरा-तफरी मरीजों को लेकर भागे लोग

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर



यूपी के शाहजहांपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर की ओटी में केमिकल गिरने के बाद गैस फैलने से भगदड़ मच गई। मरीज और तीमारदार सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। भगदड़ के दौरान एक गंभीर मरीज के मरने की बात सामने आई थी, लेकिन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किसी की मौत की बात से इनकार कर दिया है। घटना रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे की है। ट्रामा सेंटर की ओटी में उपकरणों को सैनेटाइज किया जा रहा है। इस दौरान फॉर्मलिन केमिकल जमीन में गिरने से गैस पैदा हुई होगी। एसी-पंखे से गैस फैली थी। इस दौरान ऑक्सीजन रिसाव की अफवाह से हड़कंप मच गया। गंभीर मरीज समेत तीमारदार बाहर की ओर दौड़ पड़े। अस्पताल में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया।

## विकसित भारत के विजन को साकार करने मिलकर काम करने की जरूरत : बिरला

हरिभमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के दृढ़ संकल्प और आतंकवाद के विरुद्ध कड़े रुख पर जोर देते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत के सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता और वीरता की सराहना की। बिरला ने सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबली समारोह में उपस्थित विशिष्ट लोगों को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि चैंबर ने दशकों से क्षेत्र और राष्ट्र के आर्थिक और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

लोक सभा अध्यक्ष के तौर पर झारखंड की अपनी पहली यात्रा पर आए बिरला ने रांची के बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और बिरसा मुंडा संग्रहालय भी गए। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्य मंत्री अर्जुन मुंडा और संसद सदस्य बिद्युत बरन महतो और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

#### कौशल विकास का उपयोग से विकास संभव

बिरला ने झारखंड की धरती को नमन करते हुए कहा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां से देश को भगवान बिरसा मुंडा और जमशेदजी टाटा जैसे महानुभाव मिले। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आजादी के 100 साल पूरे होने पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा विजन है और विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए हमें मिलकर काम करना चाहिए तथा प्रौद्योगिकी, प्रतिस्पर्धा और कौशल विकास का उपयोग करना चाहिए जो इस मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### कटनी में मंदिर के सामने बनी दीवार को लेकर बवाल

## दीवार तोड़ने पहुंचे विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ता पुलिस का लाठीचार्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के रेलवे स्टेशन पर शनिवार को उस वक्त तनाव की स्थिति बन गई, जब विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता यहां श्रीराम मंदिर के सामने बनी दीवार को तोड़ने के लिए हथौड़े लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए पहुंचे और दीवार को तोड़ने लगे। मौके पर मौजूद आरपीएफ और जीआरपी के साथ कोतवाली पुलिस दीवार तोड़ रहे कार्यकर्ताओं से हथौड़े छीनने लगी, लेकिन फिर भी कार्यकर्ता नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का इस्तेमाल करते हुए लाठीचार्ज कर दिया। इससे आक्रोषित कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए और रेलवे स्टेशन के बाहर ही धरने पर बैठ गए और जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। बताया जा रहा है कि साल 2015-16 में रेलवे द्वारा मंदिर के सामने यह दीवार बनाई गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन और पूजा में असुविधा हो रही थी। इसे हटाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Bhilai- 6267575723

Appointment
आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, फिल्ड अधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, सिटी ऑफिस, 434 चतुर्थतल प्रोगेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर छत्तीसगढ़ 7746000016, 7747000019, 7747000016, 7746000019.(RO-074)

आवश्यकता

आवश्यकता है- आनंदम सिटी एल एस स्मार्ट 6265807009 काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी चार अंको में योग्यतानुसार (RO-6851)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- बंगलो में कार्य हेतु अनुभवी घरेलु नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष, योग्यताः 10वी पास, वेतन 20000/- से 30000/- अनुभवी उम्मीदवार ही संपर्क करें:- 9109972720. (RO-6947)

टीचर

आवश्यकता है- लेडी इंचार्ज, रिशेप्सनिष्ट, कम्प्यूटर टीचर एवं साइंस, मैथ्स, एसएसटी, इंगलिश, एकाउंट, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 28.05.2025 प्रातः 9:30बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855. (RO-6979)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

प्रचार कार्य

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ में नवबोध प्रकाशन की किताबों के प्रचार कार्य हेतु स्नातक लड़कों की। (मासिक वेतन+ रहना, खाना, पेट्रोल, बाईक मेंटेनेंस खर्च) संपर्क- दुर्ग- 9755845276, राजनांदगांव - 6264313203, धमतरी- 9644033457, बेमेतरा- 8889745219, कांकेर- 8770732495, बालोद- 9201967001, गरियाबंद- 8965043034, महासमुंद- 7509441877, मुंगेली- 9993727517, जगदलपुर- 9098118268, कवर्धा- 7898948892, रायपुर ऑफिस- 7471145007, 7471145009. (RO-819)

टेलीकॉलर/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट- 02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्निशियन- 2, ऑफिस बॉय- 1 सम्पर्कः- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-6944)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- फार्मासिस्ट, OT टेक्नीशियन, ड्रेसर, कंपाउंडर, ड्राइवर, मेडिकल स्टोर में काम करने वाला लड़का अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क- 9300734153, 0771-2994153.(RO-505)

आवश्यकता है- होम्योपैथिक दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की एवं ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क करें 900910 8903.(RO-506)

ऑफिसर/टेलीकॉलर

आवश्यकता है- बजाज फाइनेंस में कलेक्शन हेतु कलेक्शन ऑफिसर एवं टेली कॉलर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- A-37 ऑक्सीजोन गार्डन के सामने रवि नगर पंडरी रायपुर फोन 9826166613. (RO-6948)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- आर एस होंडा सेजबहार में डोर टू डोर मार्केटिंग के लिए लड़का एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें।- 8085067364, 7089999459.(RO-6950)

ऑपरेटर/लेबर

आवश्यकता है- अरवा राईस मिल ( कोढ़ा मिल ) चलाने हेतु ऑपरेटर एवं लेबर(5-6) की आवश्यकता है। स्थान - ऊरला, रायपुर संपर्क - 7987970711, 7987974445.(RO-07)

कुक/कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- घर में रह कर खाना बनाने एवं ऑफिस में कंप्यूटर ऑपरेटर लड़की/ महिला की आवश्यकता है। वेतन 5000/10000 प्रतिमाह संपर्क करे। मोबाइल न 9826949552. (RO-6949)

टीम लीडर/फील्ड कार्य

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई क्षेत्र में आवश्यकता हैं ,(1 ) टीम लीडर ( फीमेल) पद - 03, (2 ) टेलिकॉलर (फीमेल) पद 05 कंप्यूटर की जानकारी ,बैंकिंग व कलेक्शन क्षेत्र में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता (3 ) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद -10 , (4 ) ऑफिस बॉय पद 2 मेल : egenesis.2023@gmail.com contact : 9589049626 ,9329208862 हेड ऑफिस :- ई-जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स ,4 /16 दक्षिण गंगोत्री ,सुपेला ,भिलाई (आरो नं.- SP/917)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किताब दुकान में सेल, दुकान कार्य हेतु परमानेंट पार्ट / फुल टाइम युवक / लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। 4 से 5 अंको में । जैन बुक डिपो, सदर बाजार। 9425205244.(RO-398)

व्याख्याता/ऑपरेटर

आवश्यकता है- महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय रामनगर भिलाई में व्याख्याता विज्ञान, गणित एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। संपर्क करें- मो.- 6261443664, 8109653738. (आरो नं.- 756)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/- प्रतिमाह। रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें। पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222.(RO-06)

कुक/ड्रायवर

आवश्यकता है- हॉस्टल में आवश्यकता हैं। खाना बनाने हेतु कुक, एवं ड्राइवर , नशा मुक्त एकल व्यक्ति महिला/पुरुष, रहने खाने की सुविधा, driving license जरूरी , अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता। जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका रायपुर. 9425206595.(RO-7376)

कम्प्युटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर लड़का या लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735.(RO-401)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

अन्य

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती भारतीय वनविभाग को कंपनी द्वारा जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-887)

आवश्यकता है- नौकरी छत्तीसगढ़ के सभी एयरपोर्ट पर लड़कों की अनपढ़ से 12 वी पास ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्रायवर, सुपरवाइजर, वेतन- 22500/- से 55000/- रहना+खाना +चिकित्सा फ्री 09013968764.(RO-907)

Property
प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोलप्लाज़ा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्वसुविधायुक्त प्लाट – विकसित क्लोज़्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। संपर्कः- 7247006610, 7247006609.(आरो न.- 7183)

प्लॉट बेचना है - बेचना है रायपुर रोड, हाईकोर्ट के सामने, मेन रोड से 50 मीटर अन्दर, एयरपोर्ट रोड, में 50×200 वर्गफीट, व्यावसायिक, डायवर्सन, बाउन्ड्रीवाल, कार शोरूम, आटोमोबाईल, होटल एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु उपयुक्त प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें- 9300310774. (RO-37827)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

गोडाऊन

बेचना है- 4600' जमीन 4000' टिनशेड युक्त गोडाऊन बेचना है, GE रोड से 50 मीटर अंदर वंदना ऑटो के पास विवेकानंद आश्रम रायपुर। संपर्क करे- 9685444823, 9827935215.(RO-0003)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CLASSIFIED RATE CARD
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

समस्या का स्थाई समाधान केवल आयुर्वेद में
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण जन्य रोग है हेपाटाइटिस (ABC) या हर्पिस रोग स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना खुजली, लाल होना, रुबेला, या सिफलिस, गोनेरिया (सूजाक), HIV (AIDS) रोग है।
● समस्त प्रकार के लाईलाज चमड़ी रोग सोरायसिस सिर एवं शरीर से ताँबे रंग के छिलके, रूसी, जोड़ों में दर्द, उँगलियो का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।
● समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग ध्यान रहें पुरुष के प्रकृति जन्य (इंद्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं है। सावधान!
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साईंटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

*मोदी सरकार के कार्यकाल में देशभर में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। चाहे वह हाईवे हों, एक्सप्रेस-वे या स्मार्ट कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स, देश के हर कोने को जोड़ने के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं चलाई हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में यह विकास और तेज हुआ है, जिसे आम जनता ने भी सराहा है लेकिन इन उपलब्धियों के साथ-साथ टोल टैक्स को लेकर जनता के बीच असंतोष भी सामने आया है।*

# '100 किमी पर 50 या 3,000 का सालाना पास' अब टोल पर चलेगी आपकी मर्जी

## बार-बार की झंझट से बचने सालाना पास योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

टोल टैक्स के संबंध में लोगों का मानना है कि सरकार द्वारा वसूला जाने वाला टोल टैक्स अधिक है, जिससे लंबी दूरी तय करने में बड़ी लागत लगती है। इसी जनभावना को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार अब नई टोल टैक्स नीति लाने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि, इस नई नीति के जरिए सरकार लोगों को बड़ी राहत देने की तैयारी में है।

**उपभोक्ता को मिलेंगे कई ऑप्शन :** सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार वाहन चालकों को टोल टैक्स भुगतान के लिए कई विकल्प देने की तैयारी कर रही है। इसका उद्देश्य यात्रा को और अधिक सुलभ, किफायती और लचीला बनाना है, ताकि हर वर्ग के यात्रियों को उनकी यात्रा की आवश्यकता और बजट के अनुसार विकल्प मिल सकें। यदि आप ज्यादा यात्रा नहीं करते तो आपके लिए पे-एज़-यू-गो मॉडल रहेगा। इसमें हर 100 किमी पर 50 रुपए का भुगतान करना होगा।

सरकार एक ऐसी योजना ला रही है, जिसके तहत वाहन मालिक साल में एक बार रुपए 3,000 का भुगतान कर सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और राज्य एक्सप्रेसवे पर अनलिमिटेड यात्रा कर सकेंगे। इसमें बार-बार फास्टैग रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं होगी।

### पुराना फास्टैग रहेगा मान्य

इस नई नीति में पुराने फास्टैग उपयोगकर्ताओं को कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ या खाता परिवर्तन नहीं करना होगा। वर्तमान फास्टैग से ही आप इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। सरकार 30,000 रुपए का लाइफटाइम फास्टैग प्लान लाने वाली थी लेकिन मीडिया सूत्रों के मुताबिक अब इस प्लान को रद्द कर दिया गया है।



### जनता को क्या लाभ होगा?

- सफर होगा ज्यादा किफायती
- टोल भुगतान की प्रक्रिया होगी आसान
- ट्रैफिक में कमी आएगी
- ईंधन और समय दोनों की बचत

### रिचार्ज के लिए कितना होगा ग्रेस पीरियड?

बदले गए नियमों के तहत टोल प्लाजा से पास करने के बाद आपके पास अपने फॉस्टैग को रिचार्ज करने के लिए मैक्सिमम 60 मिनट का वक्त होगा। अगर आप इस पीरियड में अपना फास्टैग रिचार्ज नहीं कराएंगे तब आपको पेनल्टी के तौर पर डबल चार्ज देना होगा.इसका मतलब ये हुआ कि अगर आपने टोल प्लाजा से निकलते वक्त 50 रुपए ही टोल भरा हो और आपका लो-बैलेंस हो, तब आपको 60 मिनट में ही इस स्टेटस को ठीक करना होगा, वरना आपको डबल चार्ज यानी 100 रुपए देना होगा।

### फास्टैग ऐप पर आएगा नोटिफिकेशन

नए नियम के अनुसार जैसे ही आपका फास्टैग लो-बैलेंस कैटेगरी में जाएगा, वैसे ही आपको 10 मिनट के अंदर एसएमएस के अलावा फास्टैग ऐप पर नोटिफिकेशन भी आएगा. इस तरह आपके पास 60 मिनट में ही फास्टैग को रिचार्ज कराने की जिम्मेदारी होगी।
टोल प्लाजा पर पहुंचने से पहले ब्लैकलिस्ट हो जाए फास्टैग तो इस स्थिति में आपका पेमेंट टोल प्लाजा पर होगा ही नहीं, वह डेक्लाइन कर जाएगा और आपको कैश में डबल टोल देना पड़ सकता है।

### 10 सेकेंड वेटिंग हुई तो नहीं देना होगा टोलटैक्स

नए बदलाव के बाद टोल प्लाजा के लिए भी नियम कड़े किए गए हैं। अगर आपको टोल प्लाजा पर 10 सेकेंड से ज्यादा वक्त लगता है, तो आपके लिए टोल टैक्स फ्री होगा। मतलब फास्टैग से कोई पैसा नहीं कटेगा। अब एक और नियम फिक्स कर दिया है कि एक गाड़ी पर एक ही फास्टैग लिंक होगा। ये एक ही गाड़ी के साथ लिंक रहने वाले अलग-अलग फास्टैग की समस्या को खत्म करेगा।

### 100 मीटर से लंबी लाइन नहीं

इसी नियम के साथ टोल प्लाजा पर कितनी लंबी लाइन हो सकती है, ये भी तय कर दिया गया है। अब से टोल प्लाजा पर 100 मीटर से लंबी लाइन नहीं हो सकती है। ये ऊपर वाले नियम का ही एक्सटेंशन है। अगर वेटिंग लाइन 100 मीटर से लंबी है, इसका मतलब है कि टोल प्लाजा से 10 सेकेंड में एक कार पास नहीं कर रही है। इसलिए फिर टोल प्लाजा पर कारों को फ्री में पास करना होगा।

## जैकेट के शेष

### रूस-यूक्रेन युद्ध ने...

पिछले कुछ सालों में किसान धान की खेती को बेहतर करने के लिए डीएपी का भरपूर उपयोग करने लगे हैं। यही कारण है कि यूरिया के बाद डीएपी की ही सर्वाधिक मांग भी रहती है। भारत देश डीएपी खाद को लेकर पूरी तरह से आयात पर निर्भर रहता है। ऐसे में पिछले कुछ महीनों में बनी स्थिति के बाद देश में डीएपी खाद का पर्याप्त आयात नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के हिस्से में भी कटौती की है। जिसका सीधा असर अब खेती में भी दिखने लगा है।

### चार राज्यों में झूमकर...

में तटीय कोंकण और मुंबई में पिछले दो दिनों से मानसून से पहले भारी बारिश हो रही है। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शनिवार को केरल में दस्तक दी। वर्ष 2009 के बाद से ऐसा पहली बार है जब मानसून इतनी जल्दी केरल पहुंचा है। साल 2009 में मानसून 23 मई को केरल पहुंचा था। सामान्य तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून तक केरल में दस्तक देता है तथा आठ जुलाई तक पूरे देश में पहुंच जाता है। मानसून 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू कर देता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस लौट जाता है। यह आमतौर पर सात जून के आसपास महाराष्ट्र और 11 जून को मुंबई पहुंचता है।

### उदंती सीतानदी टाइगर...

अंदाजा लगाया जा रहा था। वन विभाग ने घटना को गंभीरता से लेते हुए रिजर्व क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाए थे। जिससे यह दुर्लभ तस्वीर सामने आई। गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2022 में आखरी बार टाइगर को देखा गया था, लेकिन तब उसकी कोई तस्वीर नहीं मिल पाई थी। वन अमले ने बाघ की मूवमेंट को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है।

### उदंती सीतानदी में...

पग चिन्ह का प्लाटस्टर मोड़ माप लिया था। साथ ही बाघ की तस्वीर कैद करने के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में 200 से ज्यादा कैमरे लगाए गए है। इसी कैमरे में बाघ की तस्वीर कैद हुई है।

### चार राज्यों में पांच...

कारण आवश्यक हो गया है। राज्य में विसावदर सीट पर उपचुनाव मौजूदा सदस्य भयानी भूपेंद्रभाई गंडूभाई के इस्तीफे के कारण हो रहा है। केरल में पी.वी. अनवर के इस्तीफे की वजह से नीलांबुर सीट पर उपचुनाव होगा, जबकि पंजाब की लुधियाना सीट पर मौजूदा सदस्य गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के कारण उपचुनाव होगा। पश्चिम बंगाल में कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव मौजूदा विधानसभा सदस्य नसीरुद्दीन अहमद के निधन के कारण आवश्यक हो गया है।

### बसव कॉलेज के समय...

सबसे बड़ा लीडर बसव राजू के भाई नबाला राम प्रसाद एवं अन्य परिजन उसका शव लेने पहुंचे हुए हैं। हरिभूमि की टीम को बसव राजू के छोटे भाई ने बताया कि 18 साल की उम्र से ही कॉलेज के दौरान कॉलेज की छात्रा की लड़ाई झगड़े में मौत होने से जेल गया था। जेल से बेल मिलने के बाद कुछ समय तक घर में ही बिताया, फिर अचानक घर से बिना बताए बाहर निकाला। उसके बाद कभी दोबारा घर लौट कर नहीं आया। बसवा राजू पिता के देहांत होने पर भी घर नहीं आया। बसवा राजू की मां खबर मिलने आखिरी बार देखने का उम्मीद है।

**एमटेक तक की पढ़ाई :** बसवा राजू की छोटे भाई नबाला रामप्रसाद ने कहा कि 10वी की पढ़ाई तक साथ रहे। उसके बाद वह कॉलेज करने गया, बाहर बसवा राजू ने एमटेक तक की पढ़ाई की है और पढ़ाई करते कॉलेज में लड़ाई झगड़ा चलते जेल गया। उसके बाद घर से बाहर चला गया। कुछ टाइम बात पता चला कि वह नक्सली संगठन में है।

## पेज एक के शेष

### रायपुर एयरपोर्ट पर ...

रेस्टोरेंट बार शुरू करने का लक्ष्य है। खास बात ये है कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष यानी 2024-25 में विमानतल पर रेस्टोरेंट बार का लाइसेंस जारी करने का प्रावधान रखा था। अब वर्ष 2025-26 के लिए एफएल 3(घ) विमानपत्तन रेस्टोरेंट के लिए अनुज्ञप्ति स्वीकृति के साथ यहां नया कारोबार शुरू होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर पर ...

राज्यों के लगभग 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे प्रमुख नेता भी मौजूद थे। सूत्रों का कहना है कि बैठक में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन तथा बिहार चुनाव के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही विभिन्न राजग शासित सरकारों की ओर से अपनाए गए सर्वोत्तम कदमों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुति भी दी। सम्मेलन शुरू होने से पहले भाजपा नेता विनय सहस्त्रबुद्धे, जो पार्टी के सुशासन विभाग के प्रमुख हैं, ने कहा था कि सम्मेलन में सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई देने वाले प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। एक अन्य प्रस्ताव अगली जनगणना में जाति-आधारित डेटा संग्रह करने के केंद्र के फैसले की सराहना करेगा। सहस्त्रबुद्धे ने कहा, सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एनडीए शासित राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए समर्पित होगा, जिसमें संबंधित मुख्यमंत्री अपनी शासन पहल प्रस्तुत करेंगे। चर्चाओं में मोदी 3.0 की पहली वर्षगांठ, 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ जैसे आगामी मील के पत्थर भी शामिल होंगे।

### छग के 'बस्तर मॉडल' ...

जा रही है, जिससे शिकायतों का समाधान निर्धारित समय में संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर पर ईमानदारी व संवेदनशीलता से लागू करना है। बैठक में केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को छत्तीसगढ़ में ग्रामसभा, जनसंवाद और तकनीक के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया गया है। बैठक का सबसे प्रेरक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम पर विशेष प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'खेलोगे इंडिया, जीतोगे इंडिया' मंत्र को उद्धृत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने इसे धरातल पर साकार किया है। बस्तर ओलंपिक अब सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति बन चुका है- जिसने युवाओं के हाथों से बंदूकें छीनकर गेंद, भाला और तीर थमा दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया इस आयोजन में 7 जिलों के 32 विकासखंडों से 1.65 लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीन चरणों- विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित यह प्रतियोगिता 11 पारंपरिक खेलों जैसे तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी, दौड़, रस्साकसी आदि पर केंद्रित थी। चार श्रेणियों-जूनियर, सीनियर, महिला और दिव्यांग में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्यमंत्री साय ने दोरनापाल के पुनेन सन्ना का उदाहरण साझा किया, जो कभी नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र से थे, पर आज व्हीलचेयर दौड़ में पदक जीतकर पूरे समाज के लिए प्रेरणास्तंभ बन गए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की प्रशंसा करते हुए कहा था कि यह आयोजन केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा का उत्सव है।

### बस्तर पंडुम उत्सव से...

बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक को जोड़ते हुए बस्तर की एकता, पहचान और विकास का प्रतीक बन गया। सरकार द्वारा 2.4 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इस आयोजन ने उत्सव और खेल के माध्यम से सकारात्मक भविष्य की नई चेतना जगाई है।

### भारत अब दुनिया की...

साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। भारत 2024 तक दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। उन्होंने कहा, अगर हम अपनी योजना और सोच-समझ पर कायम रहे, तो 2.5-3 साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

### पिकनिक मनाने के ...

बिलासपुर रेलवे विभाग में जेई सिग्नल एण्ड टेलीकाम के पद पर पदस्थ हैं। रविवार को छुट्टी होने पर वे अपने विभाग के अन्य 4 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने कोटा कोरी डेम गए थे। बताया जाता है सत्येंद्र सिंह को तैरना आता था। शाम 6 बजे नौका विहार के पास सभी दोस्त डेम में उतरकर नहा रहे थे। नहाने समय श्री सिंह तैरते हुए बहुत दूर चले गए और गहराई में जाकर डूब गए। उन्हें डूबते देखकर दोस्तों ने आवाज लगाई। ग्रामीण मछुवारों ने डेम में छलांग लगाकर उन्हें खोजने का प्रयास किया, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया। दोस्तों ने घटना की सूचना कोटा पुलिस को दी।

### हाईवा के पीछे घुस...

की दरम्यानी रात हुई घटना में एक ही परिवार के 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये हादसा रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि तकरीबन 1 बजे का है।

### 6 महीने के भीतर...

दिन 19 सीटर फ्लाइट चलाने का शेड्यूल जारी किया था। शेड्यूल के अनुसार फ्लाइ बिग रायपुर से अम्बिकापुर, अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं अम्बिकापुर से रायपुर तक फ्लाइट संचालित कर रही थी। इस दौरान बिना पूर्व सूचना दिए अचानक फ्लाइट निरस्त करने एवं घंटों विलंब से फ्लाइट का संचालन करने एवं बेस फेयर का किराया कई गुना अधिक बढ़ाने के कारण कंपनी को काफी आलोचना का भी सामना करना पड़ा।
इस बीच प्लेन में गड़बड़ी आने का हवाला देकर कंपनी ने 14 फरवरी से लगातार 14 दिनों तक फ्लाइट का संचालन बंद रखा तथा दोबारा 27 फरवरी से फ्लाइट का नियमित संचालन प्रारंभ किया। पूर्व में कंपनी गुरूवार, शुक्रवार एवं शनिवार को फ्लाइट चला रही थी।

## परिवार को खत्म करने आग लगाने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** पश्चिमी मुंबई में एक महिला और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाने के लिए कथित तौर पर घर में आग लगाने के मामले में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस तीन अन्य लोगों की तलाश कर रही है। एमएचबी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 14 मई को बोरीवली पश्चिम क्षेत्र में जूली केवट के घर में आग लग गई थी। उन्होंने बताया कि आग शुरू में एक दुर्घटना लग रही थी। बाद में सीसीटीवी फुटेज से साजिश का पता चला। अधिकारी ने कहा, इसमें चार लोग घर और बाहर खड़े दोपहिया वाहन को आग लगाते हुए दिखायी दे रहे हैं।

## छात्र-छात्राओं को देने वाले 330 टैबलेट स्ट्रांग रूम से गायब

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को वितरित किए जाने वाले 330 "टैबलेट" देवरिया सदर तहसील में बनाए गए स्ट्रांग रूम से गायब पाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच में कस्टोडियन (संरक्षक) नायब नाजिर राकेश श्रीवास्तव की लापरवाही सामने आई है। तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्र की तहरीर पर सदर कोतवाली में रविवार को नायब नाजिर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी और कोतवाली पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कौंडिल्य को दिए गए अपने बयान में श्रीवास्तव ने दावा किया कि 19 मई की रात में किसी ने स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ दिया था।

परिशिष्ट IV-A
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– नीलामी बिक्री सूचना।
सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **सम्मान कैपिटल लिमिटेड (पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) [CIN : L65922DL2005PLC136029] (''सुरक्षित लेनदार द्वारा'')** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, **12.06.2025** को **शाम 05.00 बजे से 06.00 बजे** तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLRPR00336631** के लिए **रु. 31,77,681 (रुपए इकतीस लाख सतहत्तर हजार छह सौ इक्यासी मात्र)** के लिए **15.05.2025** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **16.05.2025** से प्रभावी जो **कृष्ण कांत तिवारी और तृष्णा कृष्णकुमार तिवारी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।
अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 29,00,000/- (रुपए उनतीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(''ईएमडी'') रु. 2,90,000/- (रुपए दो लाख नब्बे हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट बेअरिंग नंबर 67 के सभी भाग और खंड, क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर 68 क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर 69 क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर 70 क्षेत्रफल 1250 वर्ग फीट, कुल क्षेत्रफल 5000 वर्ग फीट, खसरा नंबर 3/2 और 3/1, ब्लॉक–एच, आस्क सिटी, मौजा छाछन पैरी, पीएच. नंबर 3, तहसील अभनपुर, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़।**
**सीमाबद्ध है :–**
**पूर्व : ब्लॉक–एच, भूमि नंबर 47, 48, 49, 50 — उत्तर : ब्लॉक–एच, भूमि नंबर 66**
**पश्चिम : सड़क — दक्षिण : सड़क**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.sammaancapital.com देखें; संपर्क का नंबर : 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी : auctionhelpline@sammaancapital.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही/–
प्राधिकृत अधिकारी
सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
दिनांक : 19.05.2025
स्थान : रायपुर

**कार्यालय नगर पंचायत गुण्डरदेही, जिला - बालोद (छ.ग.)**

क्र./382/लो.नि.शा./न.पं./2025-26 — गुण्डरदेही, दिनांक 23/05/2025

**// मेनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत गुण्डरदेही में एकीकृत पंजीयन प्रणाली मे पंजीकृत सक्षम ठेकेदारो /फर्म /संस्था से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लघुत्तर निर्माण, मरम्मत- संधारण / पेयजल उपकरण मरम्मत-संधारण/ विद्युत उपकरण मरम्मत सामग्री क्रय कार्य / स्टेशनरी एवं टेंट किराया आदि हेतु ठेकेदारों/ सप्लायरों / निर्माताओं से आईटम दर एवं वर्तमान में प्रचलित **CGPWD SOR 01.01.2015 (Building/Road)** पर प्रतिशत दर (कम/ अधिक/ बराबर) पर निविदाऐं त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 03/06/2025 को समय 10:30 से 05:30 तक**
**परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि :- 10/06/2025 समय 10:30 से 05:30 तक**
**निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 12/06/2025 समय 10:30 से 03:00 तक**
**निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 12/06/2025 शाम 04:00 बजे से**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार/फर्म की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 10 मुस्लिम कब्रिस्तान में आर.सी.सी. चबुतरा निर्माण कार्य | 9.52 | 7500.00 | 750.00 | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |
| 2 | वार्ड क्र. 15 चैनगंज मुक्तिधाम में समतलीकरण एवं शेड निर्माण कार्य | 3.00 | 3000.00 | 750.00 | |
| 3 | वार्ड क्र. 03 रामसागर तालाब पार में मलखम ठाकुर घर पास सीढ़ी एवं रैम्प निर्माण एवं वार्ड क्रं 03 मोहन मानिकपुरी घर से जगतपाल सिन्हा घर पास गली में नाली निर्माण कार्य | 1.00 | 1000.00 | 300.00 | |
| 4 | वार्ड क्र.01-07 विभिन्न लघुत्तर निर्माण, मरम्मत संधारण कार्य (पार्षद / निकाय निधि / योजना मद) | 8.00 | 6000.00 | 750.00 | |
| 5 | वार्ड क्र.08-15 विभिन्न लघुत्तर निर्माण, मरम्मत - संधारण कार्य (पार्षद / निकाय निधि / योजना मद) | 8.00 | 6000.00 | 750.00 | |
| 6 | पेयजल उपकरण मरम्मत - संधारण कार्य | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | |
| 7 | जलप्रदाय हेतु सामग्री क्रय | 9.00 | 7000.00 | 750.00 | |
| 8 | सफाई कार्य हेतु सामग्री क्रय (पार्षद/ निकाय निधि/ योजना मद ) | 8.00 | 6000.00 | 750.00 | |
| 9 | विद्युत उपकरण मरम्मत सामग्री क्रय (पार्षद /निकाय निधि /योजना मद ) | 7.00 | 5500.00 | 750.00 | |
| 10 | कार्यालय हेतु विभिन्न स्टेशनरी सामग्री क्रय (निकाय निधि ) | 1.50 | 1500.00 | 300.00 | |
| 11 | विभिन्न टेंट सामग्री किराया दर (निकाय निधि) | 2.50 | 2500.00 | 750.00 | |

**नोटः-** (1) निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में निर्धारित समय में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुण्डरदेही**

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5878



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5877 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| य | ह | ■ | ■ | म | ■ | य | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल - 5888

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5887 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली और पामोलीन में गिरावट




**नई दिल्ली।** कमजोर आवक और मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल-तिलहन, मूंगफली तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। वहीं गिरावट आने के बावजूद मौजूदा दाम ऊंचा रहने की वजह से मांग प्रभावित होने के चलते कच्चे पामतेल एवं पामोलीन तेल की कीमतों में कमी आई।

### स्कोडा ट्यूब्स 220 करोड़ का आईपीओ 28 मई को लाएगा

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स का 220 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 28 मई को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 130-140 रुपये प्रति शेयर तय किया। आईपीओ 30 मई को बंद होगा। गुजरात की कंपनी ने एक बयान में कहा कि एंकर (बड़े) निवेशक 27 मई को बोली लगा सकेंगे।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान रिलायंस को हुआ




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 78,166.08 करोड़ रुपये की गिरावट आई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संसेक्स 609.51 अंक या 0.74 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक या 0.66 प्रतिशत टूट गया।

### ग्रासिम का शुद्ध लाभ बढ़कर पहुंचा 2,973 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 9.23 प्रतिशत बढ़कर 2,973.26 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 17.33 प्रतिशत बढ़कर 44,267.26 करोड़ रुपये रही।

### रिजर्व बैंक ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया जुर्माना




**मुंबई।** आरबीआई ने कुछ नियामकीय मानदंडों के गैर-अनुपालन के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 1949 के कुछ प्रावधानों और 'कृषि कर्ज प्रवाह -संपार्श्विक मुक्त कृषि ऋण' पर निर्देशों के गैर-अनुपालन के लिए 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### बीईएमएल का मुनाफा मार्च तिमाही में 12 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की खनन उपकरण विनिर्माता बीईएमएल लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 287.55 करोड़ रुपये रहा। 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 256.80 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, "समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आमदनी बढ़कर 1,656.36 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 1,518.25 करोड़ रुपये थी।"

# निवेश के लिए बांड भरोसेमंद विकल्प, निश्चित आय की गारंटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार में अस्थिरता के बीच बांड एक भरोसेमंद निवेश विकल्प के रूप में उभरा है। देश में महंगाई के साथ अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंता और वैश्विक स्तर पर तनाव समेत अन्य कारणों से उत्पन्न अनिश्चितताओं से जहां एक तरफ शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है, वहीं बांड लगातार निश्चित रिटर्न प्रदान कर रहा है।

- जोखिम से बचने वालों के लिए बांड निश्चित रिटर्न प्रदान कर रहा

उनका यह भी कहना है कि जोखिम लेने से बचने वाले और निश्चित आय चाहने वाले लंबी अवधि के निवेशकों के लिए बांड सुरक्षित निवेश यानी स्थिर आय की गारंटी देता है। पिछले तीन माह (23 मई, 2025 तक) में निफ्टी 50 सूचकांक में 5.4 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## शेयर बाजार की अस्थिरता व वैश्विक तनाव के बीच बांड भरोसेमंद

### बीते वर्ष बांड ने 8.03 का दिया रिटर्न

बीते वित्त वर्ष 2024-25 में देखा जाए तो मुद्रास्फीति और वृहद आर्थिक चिंताओं के बीच सोने ने 41.5 प्रतिशत का रिटर्न दिया जबकि निफ्टी-50 ने 7.44 प्रतिशत का मामूली रिटर्न दिया है। वहीं 10 साल की सरकारी प्रतिभूतियों पर औसत रिटर्न 6.89 प्रतिशत जबकि उच्च श्रेणी के कॉरपोरेट बांड यानी 'एएए' रेटिंग वाले बांड पर 8.03 प्रतिशत का रिटर्न मिला।



*नए निवेशकों के लिए बांड एक सहारा : कई निवेशकों के लिए यह एक तरह का सहारा है जिसकी उन्हें अस्थिर वित्तीय माहौल में जरूरत होती है।*

*उल्लेखनीय है कि पिछले पांच साल (2020 से 2025) में निफ्टी 50 सूचकांक ने संचयी रूप से 19.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। हालांकि, यह इक्विटी बाजार के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है, लेकिन इसमें काफी उतार-चढ़ाव भी रहा।*

*सोने पर रिटर्न सालाना 16.32 फीसदी रहा : वहीं सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने पर रिटर्न संचयी रूप से सालाना 16.32 प्रतिशत रहा। दस साल की अवधि वाले सरकारी बांड पर रिटर्न औसतन 6.19 प्रतिशत और उच्च श्रेणी के कॉरपोरेट बांड (एएए रेटिंग वाले) पर संचयी रूप से सालाना रिटर्न 6.9 प्रतिशत रहा है।*

### बांड निश्चित रिटर्न दे रहा

वहीं बांड लगातार एक निश्चित रिटर्न दे रहा है। सरकारी प्रतिभूतियां सालाना 6.2 से 6.8 प्रतिशत रिटर्न दे रही हैं जबकि उच्च रेटिंग वाले कॉरपोरेट बॉन्ड सालाना 6.8 से 7.5 प्रतिशत रिटर्न दे रहे हैं। यानी कुल मिलाकर बॉन्ड एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा है।

*दीर्घकालिक निवेशकों के लिए बांड सुरक्षित*

*विशेषज्ञों ने कहा, "जोखिम से बचने वाले और दीर्घकालिक निवेशकों के लिए, शेयर बाजार में गिरावट की स्थिति में बांड एक सुरक्षा प्रदान करता है और विविधीकरण के माध्यम से निवेश के मोर्चे पर अस्थिरता को 30 प्रतिशत तक कम करते हैं।"*

## भारत के शहद निर्यात पर 10 फीसदी निर्यात शुल्क लगाया

# अमेरिका के साथ शहद निर्यात पर शुल्क का मुद्दा उठाए भारत सरकार : सीएआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत के शहद निर्यात पर फिलहाल 10 प्रतिशत के शुल्क के कारण देश के शहद निर्यातकों को काफी नुकसान हो रहा है और उन्होंने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से अमेरिका के समक्ष इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने और इसे पूर्वस्तर पर लाने की मांग की है।

इससे शहद निर्यातकों को अच्छा दाम मिल सकेगा और शहद उत्पादक किसानों को उचित लाभ मिल सकेगा। मधुमक्खीपालन उद्योग परिसंघ (कनफेडरेशन ऑफ एपीकल्चर इंडस्ट्री या सीएआई) के अध्यक्ष देवव्रत शर्मा ने बताया, शुल्क युद्ध शुरु होने से पहले, भारत से निर्यात होने वाले शहद पर शून्य शुल्क लगता था जिसे मौजूदा समय में 10 प्रतिशत किया गया है।

### अमेरिका 90 दिन बाद शुल्क 26 फीसदी करना चाह रहा

तीन महीने या 90 दिन तक यह शुल्क फिलहाल 10 प्रतिशत रहेगा लेकिन उसके बाद अमेरिका इसे 26 प्रतिशत करने की मंशा रखता है। इस वृद्धि के बाद भारतीय शहद निर्यात बुरी तरह प्रभावित होगा क्योंकि उसपर 520 डॉलर प्रति टन का शुल्क लागू हो जायेगा।

### समस्या सुलझाने की मांग

इससे भारतीय शहद निर्यात प्रभावित होता है और अंततः भारत के मधुमक्खीपालक किसान प्रभावित हो रहे हैं। मधुमक्खीपालक किसानों और उद्योग की ओर से सीएआई अध्यक्ष ने वाणिज्य मंत्री से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में देश के किसानों की इस समस्या को सुलझाने की मांग की है ताकि किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



### भारत का 90 फीसदी शहद अमेरिका को निर्यात

*शर्मा ने कहा कि भारत का सर्वाधिक 90 प्रतिशत शहद का निर्यात अमेरिका को किया जाता है। अमेरिका यदि शुल्क बढ़ाएगा तो हमारे देश का मधुमक्खीपालन उद्योग बुरी तरह प्रभावित होगा। उल्लेखनीय है कि सरसों से निकले शहद की उसके औषधीय गुण के कारण सबसे अधिक निर्यात मांग है।*

### प्राकृतिक शहद के मुकाबले फिल्टर शहद सस्ता

सीएआई के अध्यक्ष ने बताया कि प्राकृतिक शहद के मुकाबले फिल्टर किया गया शहद इसलिए भी सस्ता होता है क्योंकि शहद में पाये जाने वाले और 20 माइक्रॉन आकार के पोषक तत्व को अलग कर दिया जाता है। शुल्क के अलावा भारत पर डंपिंग-रोधी शुल्क 2.5 प्रतिशत लगता है और वियतनाम पर यह शुल्क 100 प्रतिशत है। लेकिन वियतनाम के फिल्टर शहद होने के कारण यह डंपिंग-रोधी शुल्क 'शून्य' हो जाता है।

- देश के शहद निर्यातकों को इससे काफी नुकसान हो रहा
- अमेरिका के समक्ष मुद्दे को गोयल से जोर शोर से उठाने की मांग
- पहले भारत से निर्यात होने वाले शहद पर शून्य शुल्क लगता था

*वियतनाम व अर्जेंटीना भी बड़ी चुनौती : सीएआई के अध्यक्ष ने कहा कि अभी देश के मधुमक्खीपालकों और शहद निर्यातकों के सामने वियतनाम और अर्जेन्टीना भी चुनौती पेश कर रहे हैं। ये देश शहद को फिल्टर कर उसे 1,500-1,600 डॉलर प्रति टन के भाव निर्यात कर रहे हैं। इन देशों की कम कीमत के कारण भारतीय शहद (2,000 प्रति टन) के समक्ष चुनौती पैदा हो रही है।*

### देश के निर्यातकों को 2000 डॉलर प्रति टन मिल रहा

शर्मा ने कहा कि देश के शहद निर्यातकों को पहले ही काफी कम दाम (लगभग 2,000 डॉलर प्रति टन) मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस शुल्क वृद्धि के कारण शहद निर्यात के लिए जो पहले 2,000 डॉलर प्रति टन का अधिकतम निर्यात मूल्य (एमईपी) अनिवार्य किया गया था और इसमें शहद निर्यातकों एवं किसानों के लाभ की कल्पना की गई थी, वे सब बेअसर हो जाएंगे।

# आरबीआई के लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति होगी बेहतर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- एसबीआई ने अपने जारी रिपोर्ट में यह बात कही
- रिजर्व बैंक ने 2.7 लाख करोड़ रुपए का बंपर लाभांश दिया

भारतीय रिजर्व बैंक के लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों की रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के अपने बजट में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर 2.56 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान लगाया था। आरबीआई के लाभांश हस्तांतरण के बाद यह आंकड़ा अब बजट अनुमान से कहीं ऊंचा रहेगा।

"हमारा अनुमान है कि इससे राजकोषीय घाटा बजट के स्तर से 0.2 प्रतिशत कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.2 प्रतिशत रहेगा। वैकल्पिक रूप से यह लगभग 70,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च का रास्ता खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा।

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपये के लाभांश की घोषणा की है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश हस्तांतरण की तुलना में 27.4 प्रतिशत की वृद्धि है।

### विदेशी मुद्रा भंडार शिखर पर पहुंचा

सितंबर, 2024 में, विदेशी मुद्रा भंडार 704 अरब अमेरिकी डॉलर के शिखर पर पहुंच गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बाद केंद्रीय बैंक ने मुद्रा को स्थिर करने के लिए 'ट्रक भरकर डॉलर' बेचे थे।" आरबीआई के लिए अधिशेष की स्थिति इसके एलएएफ (तरलता समायोजन की सुविधा) परिचालन और घरेलू और विदेशी प्रतिभूतियों की होल्डिंग से ब्याज आय द्वारा तय की गई थी।

# पीएनबी का 16,000 करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक चालू वित्त वर्ष में यह वसूली करेगा

देश के दूसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक पीएनबी ने चालू वित्त वर्ष में 16,000 करोड़ रुपये की वसूली और एक प्रतिशत से कम 'स्लिपेज' का लक्ष्य तय किया है।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बैंकिंग में नियमित रूप से किस्त अदायगी वाले अच्छे कर्ज के फंसे हुए ऋण में बदलने की दर को स्लिपेज कहते हैं।
बैंक की कुल वसूली चौथी तिमाही में 4,733 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में 14,336 करोड़ रुपये रही। इस दौरान कुल स्लिपेज अनुपात 0.73 प्रतिशत था। पीएनबी के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक चंद्रा ने कहा, "आने वाले वक्त में वसूली को अधिकतम करना और नए 'स्लिपेज' को रोकने की प्राथमिकता होगी। हम वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 14,000 करोड़ रुपये की वसूली के मुकाबले इस साल 16,000 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य बना रहे हैं... हमें उम्मीद है कि तिमाही आधार पर हमारी स्लिपेज लगभग 1,500 करोड़ रुपये से 1,700 करोड़ रुपये के बीच होगी।"

### एनपीए की वसूली पर ध्यान

चंद्रा ने कहा कि बैंक तकनीकी रूप से बट्टा खातों के जरिये वसूली पर ध्यान केंद्रित करने जा रहा है। उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि तकनीकी बट्टा खाते में 6,000 करोड़ रुपये की वसूली होगी।

## ओएनजीसी ने मुंबई अपतटीय में तेल और गैस की खोज की



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने मुंबई अपतटीय क्षेत्र में तेल और गैस की आशाजनक खोज की है। इससे निकट भविष्य में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। ओएनजीसी ने अपनी चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा में कहा कि ये खोज मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) व्यवस्था के तहत दिए गए ब्लॉक में की गई हैं। सूर्यमणि और वज्रमणि नाम की ये खोजें ओएएलपी-6 ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2020/2 और ओएएलपी-3 ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2018/1 में की गईं। दोनों ही अपतटीय मुंबई घाटी में हैं। मार्च तिमाही में किए गए परीक्षण के दौरान ब्लॉक एमबी-ओएसएचपी-2020/2 पर अन्वेषणात्मक कुआं एमबीएस202एचएए-1 से प्रतिदिन 2,235 बैरल तेल और 45,18 करोड़ घन मीटर गैस प्रवाहित हुई।

# गीतम डीम्ड यूनिवर्सिटी गीतम बिजनेस स्कूल ने अभिनव प्रबंधन कार्यक्रम किए शुरू



**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ बिजनेस(जीएसबी) ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रबंधन में कई अत्याधुनिक स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की शुरुआत की घोषणा की है, जिन्हें कॉर्पोरेट मांगों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों को बनाए रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह घोषणा जीएसबी के डीन प्रो. राजा पी. पप्पू ने की। उन्होंने बताया कि जीएसबी एसीसीए योग्यता के साथ बी.कॉम की पेशकश कर रहा है जो कि विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट प्रमाणन है, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अकादमी के सहयोग से बीबीए और ब्लूमबर्ग और एनएसई लैब्स के साथ बीबीए की पेशकश की जा रही है।

उन्होंने आगे घोषणा की कि जीएसबी आंध्र प्रदेश मेडटेक ज़ोन (एएमटीजेड) और एकेडमी ऑफ़ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एएचए) के सहयोग से हेल्थकेयर और हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एक नया एमबीए प्रोग्राम एमबीए भी शुरू कर रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसबी ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ नॉर्थ कैरोलिना विलमिंगटन (यूएनसीडब्ल्यू), यूएसए और यूनिवर्सिटी ऑफ़ सरे, यूके के सहयोग से इंटरनेशनल कंसल्टिंग इमर्शन प्रोग्राम (आईसीआईपी) भी पेश किया है।

# टाटा मोटर्स फिर ईवी बाजार पर अपना वर्चस्व चाह रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- यात्री इलेक्ट्रिक बाजार पर 50 फीसदी की हिस्सेदारी पाने का लक्ष्य
- बाजार मूल्य के आधार पर चार अलग-अलग खंड़ों में बटा है ईवी बाजार

घरेलू इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बाजार की अगुवा टाटा मोटर्स अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार और नवीनीकरण के माध्यम से मध्यम-से-दीर्घावधि अवधि में इस खंड में 50 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी फिर हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने यहां कहा कि घरेलू इलेक्ट्रिकयात्री वाहन बाजार मूल्य के आधार पर चार अलग-अलग खंड में बंटा हुआ है। कंपनी अपनी आगामी हैरियर.ईवी और सिएरा.ईवी के साथ 20 लाख रुपये से ऊपर के बाजार में उतरने जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने बेड़े में ईवी के स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) को सीएनजी वाहन के बराबर करने के लिए काम कर रही है ताकि मात्रा हासिल की जा सके। चंद्रा ने कहा, "हमारी आकांक्षा मध्यम से दीर्घावधि अवधि में 50 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने की है...हम बहुत व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो और ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्पाद पेशकर 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के लक्ष्य की आकांक्षा रखते हैं।"

### कंपनी के 20 मॉडल बाजार में

एमडी ने कहा कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आना काफी हद तक तय है, क्योंकि कई कंपनियां कई उत्पाद लेकर आ चुकी हैं। बाजार में लक्जरी कार सहित इस समय करीब 20 मॉडल हैं। उन्होंने कहा कि यात्री इलेक्ट्रिकवाहन बाजार अब चार खंड में बंटा हुआ है। यह हैं...8-12 लाख रुपये; 12 से 20 लाख रुपये; 20 लाख रुपये से अधिक और फ्लीट खंड।

### वर्तमान में 41 प्रतिशत भागीदारी

चंद्रा ने कहा कि कंपनी की बाजार हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 40-41 प्रतिशत है, जो पिछले वित्त वर्ष में लगभग 55 प्रतिशत थी, जिसका मुख्य कारण फ्लीट खंड में बिक्री में गिरावट और 12 से 20 लाख रुपये के खंड में तेज प्रतिस्पर्धा है। कंपनी अपनी कुल बाजार हिस्सेदारी को फिर से हासिल करने की तैयारी कैसे कर रही है।

# विदेशी कोषों के प्रवाह से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह कई वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं, वैश्विक रुख और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वैश्विक अनिश्चितताओ के बीच बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार गिरावट में रहे थे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, " वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा है।



- वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान का भी पड़ेगा असर
- बीते सप्ताह शेयर बाजार का प्रदर्शन सुस्त रहा

*बाजार की धारणा प्रभावित होगी : मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बांड बाजार के घटनाक्रम, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि मई के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान और कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों के अंतिम दौर का भी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा।*

*बजाज ऑटो व अरविंदो फार्मा के आएगे नतीजे : सप्ताह के दौरान बजाज ऑटो, अरविंदो फार्मा और आईआरसीटीसी जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 609.51 अंक नीचे आया। वहीं निफ्टी 166.65 अंक के नुकसान में रहा।*

## निर्गम से 6,600 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद

# इस सप्ताह आएंगे चार मुख्य कंपनियों के आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यह सप्ताह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार के लिए व्यस्त रहने वाला है। सप्ताह के दौरान चार मुख्य मंच के आईपीओ आने हैं। इनमें लीला पैलेस होटल्स एंड रिजॉर्ट्स की परिचालक श्लॉस बेंगलूर लिमिटेड और एजिस वोपैक टर्मिनल्स की सार्वजनिक शेयर बिक्री शामिल हैं।

- आईपीओ में लीला पैलेस होटल्स का निर्गम शामिल

इन आईपीओ से सामूहिक रूप से 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटने की उम्मीद है। सप्ताह के दौरान जिन दो अन्य कंपनियों के आईपीओ आने हैं उनमें प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स और स्कोडा ट्यूब्स शामिल हैं। इसके अलावा 28 मई को बोराना वीव्स और 29 मई को बेलराइज इंडस्ट्रीज के शेयर सूचीबद्ध होंगे।

### इस साल अब तक 57 आईपीओ को मंजूरी

एक्सिस कैपिटल की आईपीओ बाजार पर सूचना के अनुसार, मई, 2025 तक 57 कंपनियों को सेबी से आईपीओ के लिए अंतिम निष्कर्ष मिला है। वहीं 74 अन्य कंपनियां नियामक से अंतिम निष्कर्ष का इंतजार कर रही हैं।

### श्लॉस बेंगलूर का आईपीओ

सप्ताह के दौरान जो आईपीओ आने हैं उनमें श्लॉस बेंगलूर का सार्वजनिक निर्गम 3,500 करोड़ रुपये का है। इस आईपीओ में 2,500 करोड़ रुपये का नया निर्गम और प्रवर्तक प्रोजेक्ट डीआईएफसी शामिल है। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 413-435 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। यह आईपीओ 26 मई को खुलकर 28 मई को बंद होगा।





### प्रोस्टार्म इंफो सिस्टम्स

एकीकृत बिजली समाधान कंपनी प्रोस्टार्म इन्फो सिस्टम्स का आईपीओ में बुक-बिल्डिंग मार्ग से 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 1.6 करोड़ इक्विटी शेयरों का नया निर्गम है। कंपनी का 168 करोड़ रुपये का यह निर्गम 27 मई को खुलकर 29 मई को बंद होगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 95-105 रुपये प्रति शेयर है।

### इस साल आईपीओ का बाजार रहा सुस्त

2025 में आईपीओ का बाजार सुस्त रहा है और अभी तक सिर्फ 12 कंपनियां शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई हैं। वैश्विक और घरेलू कारकों की वजह से शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव से आईपीओ बाजार में सुस्ती रही है। इससे पहले 2024 में कंपनियों ने 91 आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।




## श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स में बने उपविजेता

**कुआलालंपुर।** भारतीय खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में चीन के विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग से सीधे गेम में हारकर उप विजेता रहे और लंबे समय से चला आ रहा उनके खिताब का सूखा खत्म नहीं हो सका। चोटों और मौकों को गंवाने के बाद वापसी करने वाले 32 वर्षीय श्रीकांत ने छह साल में पहली बार बीडब्लूएफ विश्व टूर फाइनल में जगह बनाई। क्वालीफायर से शुरुआत करने के बाद फाइनल तक पहुंचे इस भारतीय का शानदार अभियान 36 मिनट में दूसरे वरीय शी फेंग से 11-21, 9-21 से मिली हार से खत्म हो गया।


शी फेंग से मिली हार

## इंटर मियामी ने यूनियन को बराबरी पर रोका

**चेस्टर।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के प्रेरक भाषण ने खराब दौर से गुजर रहे इंटर मियामी ने एमएलएस लीग में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-3 की बराबरी पर रोका। मेसी ने इस दौरान 87वें मिनट में फ्री किक पर गोल कर मैच में टीम की वापसी कराई। क्वेन सुलिवन के गोल से यूनियन की टीम ने मैच के सातवें मिनट में बढ़त बना ली थी जबकि ताई बारिबो ने मध्यांतर से पहले टीम को 2-0 से आगे कर दिया। तादेओ अलेंदे ने दूसरे हाफ में गोल करके इंटर मियामी का खाता खोला लेकिन बारिबो ने मैच के अपने दूसरे गोल से यूनियन को एक बार फिर से दो गोल (3-1) से आगे कर दिया। मेसी ने फ्री किक को गोल में बदल कर स्कोर 2-3 किया जबकि स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) टेलास्को सेगोविआ के गोल ने टीम के लिए मैच से एक अंक सुनिश्चित कर लिया।


3-3 की बराबरी

गरज-चमक के साथ बरसे रन

## क्लासेन का शतक, हैदराबाद ने कोलकाता को 110 रन से रौंदा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हेनरिक क्लासेन के तूफानी शतक के बाद जयदेव उनादकट की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रन से रौंदकर अपने अभियान का अंत जीत के साथ किया।

प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को जीतकर सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है। क्लासेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 39 गेंद में नौ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 105 रन बनाने के अलावा हेड (76 रन) और इशान किशन (29) के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे विकेट के लिए समान 83 रन की साझेदारी भी की जिससे सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 278 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सर्वश्रेष्ठ और मौजूदा सत्र का दूसरा सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर है। हेड ने अभिषेक शर्मा (32) के साथ पहले विकेट के लिए भी 92 रन जोड़े।



### चार सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर अब सनराइजर्स के नाम

आईपीएल के इतिहास के चार सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर अब सनराइजर्स हैदराबाद के नाम हैं। टीम ने 15 अप्रैल 2024 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे जो आईपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। पैट कमिंस की टीम ने मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 मार्च को छह विकेट पर 286 रन का स्कोर खड़ा किया था।

### स्कोर बोर्ड

| हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का रिंकू बो नारायण | 32 | 16 | 4 | 2 |
| हेड का रसेल बो नारायण | 76 | 40 | 6 | 6 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 105 | 39 | 7 | 9 |
| किशन का नोर्किया बो अरोड़ा | 29 | 20 | 4 | 1 |
| अनिकेत वर्मा नाबाद | 12 | 06 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 24, कुल : 20 ओवर में 278/3

गेंदबाजी : अरोड़ा 4-0-39-1, नोर्किया 4-0-60-0, राणा 3-0-40-0, नारायण 4-0-42-2, चक्रवर्ती 3-0-54-0, रसेल 2-0-34-0.

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का मनोहर बो मलिंगा | 09 | 13 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण बो उनादकट | 31 | 16 | 3 | 3 |
| रहाणे का अभिषेक बो उनादकट | 15 | 08 | 3 | 0 |
| रघुवंशी का नितीश बो मलिंगा | 14 | 18 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह का नितीश बो दुबे | 09 | 06 | 0 | 1 |
| आंद्रे रसेल पगबाधा बो दुबे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पांडे का मनोहर बो उनादकट | 37 | 23 | 2 | 3 |
| रमनदीप सिंह बो दुबे | 13 | 05 | 0 | 2 |
| हर्षित राणा का एवं बो मलिंगा | 34 | 21 | 2 | 3 |
| वैभव अरोड़ा रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एनरिच नोर्किया नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 18.4 ओवर में 168/10

गेंदबाजी : कमिंस 2-0-25-0, उनादकट 4-0-24-3, हर्षल 2-0-21-0, मलिंगा 3.4-0-31-3, दुबे 4-0-34-3, नितीश 1-0-6-0, अभिषेक 2-0-25-0.

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| पंजाब | 13 | 8 | 4 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन 679 रन गुजरात | नूर अहमद 24 विकेट चेन्नई

## आईपीएल : गुजरात को 83 रन से रौंदा, टाइटंस के शीर्ष दो का सपना टूटा

# जीत का जश्न... पर चेन्नई का पहली बार अंतिम स्थान से अभियान का समापन

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस को 83 रन से शिकस्त दी। सीएसके के खिलाड़ियों ने प्लेऑफ की शीर्ष दो टीम को हराने की खुशी साफ तौर पर झलक रही थी। इससे टाइटंस को तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीदों को झटका लगा। गुजरात हार के बाद भी 14 मैच में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। सीएसके ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पर इस लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर सिमट गई।

शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए गुजरात की टीम उम्मीद करेगी कि अंतिम लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17 अंक) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से हार जाए। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम तालिका में गुजरात टाइटन्स से ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके पहली बार आईपीएल में तालिका में अंत में रहेगी। अनुभवी क्रिकेटर डेवोन कॉनवे (52 रन) और ब्रेविस (57 रन) ने विपरीत अंदाज में अर्धशतक जड़े। सीएसके के लिए आयुष म्हात्रे (34 रन) और उर्विल पटेल (37 रन) ने तेज शुरुआत की।



### 'अलविदा नहीं कह रहा, न ये कह रहा कि लौटूंगा...' धोनी

*आईपीएल के अपने आखिरी लीग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की गुजरात टाइटंस पर जीत के बाद एमएस धोनी ने अपने आईपीएल भविष्य को लेकर स्थिति साफ नहीं की है। धोनी ने कहा कि वह इस फैसले के लिए कुछ समय लेंगे और आने वाले कुछ महीनों में तय करेंगे कि वे अगला सीजन खेलेंगे या नहीं। मैच के बाद धोनी ने कहा, 'मेरे पास फैसला करने के लिए 4-5 महीने हैं। कोई जल्दी नहीं है कि क्या करना है। हर साल शरीर को फिट रखने में 50% ज़्यादा मेहनत लगती है। यह क्रिकेट का सर्वोच्च स्तर है। अगर खिलाड़ी प्रदर्शन के आधार पर संन्यास लेने लगें, तो कई तो 22 की उम्र में ही संन्यास ले लेंगे। ज़रूरी यह है कि आपके अंदर कितनी भूख है, आप कितने फिट हैं और टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं, और क्या टीम को आपकी ज़रूरत है। मेरे पास पर्याप्त समय है। मैं रांची वापस जाऊंगा, लंबे समय से घर नहीं गया हूं। कुछ बाइक राइड्स का आनंद लूंगा, फिर दो-तीन महीने बाद फैसला करूंगा। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं अब खत्म हो गया हूं और ये भी नहीं कह रहा कि मैं वापसी करूंगा। मेरे पास समय की सुविधा है।'*

### 10वें स्थान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स

*मौजूदा सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स का ये आखिरी मुकाबला रहा, यानी उसने जीत के साथ विदाई ली। 14 मैच खेलकर 4 में जीत हासिल की। चेन्नई अंकतालिका में 10वें एवं आखिरी नंबर पर रही। दूसरी ओर गुजरात टाइटन्स की 14 मैचों में ये 5वीं हार रही।*

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| म्हात्रे का सिराज बो कृष्णा | 34 | 17 | 3 | 3 |
| डेवोन कॉनवे बो राशिद | 52 | 35 | 6 | 2 |
| उर्विल का गिल बो किशोर | 37 | 19 | 4 | 2 |
| दुबे का कोएत्जी बो शाहरुख | 17 | 08 | 0 | 2 |
| ब्रेविस का बटलर बो कृष्णा | 57 | 23 | 4 | 5 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 21 | 18 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 230/5

गेंदबाजी : सिराज 4-0-47-0, अरशद 2-0-42-0, कृष्णा 4-0-22-2, कोएत्जी 3-0-34-0, किशोर 2-0-23-1, राशिद 4-0-42-1, शाहरुख 1-0-13-1.

| गुजरात | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का शिवम बो जडेजा | 41 | 28 | 6 | 0 |
| गिल का पटेल बो कम्बोज | 13 | 09 | 1 | 1 |
| बटलर का कम्बोज बो खलील | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रदरफोर्ड का म्हात्रे बो कम्बोज | 00 | 04 | 0 | 0 |
| शाहरुख का पाथिराना बो जडेजा | 19 | 15 | 0 | 2 |
| तेवतिया का शिवम बो नूर | 14 | 10 | 1 | 0 |
| राशिद खान का पटेल बो नूर | 12 | 08 | 1 | 1 |
| जेराल्ड कोएत्जी बो पाथिराना | 05 | 05 | 1 | 0 |
| अरशद खान बो नूर | 20 | 14 | 0 | 3 |
| किशोर का धोनी बो कम्बोज | 03 | 07 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 18.3 ओवर में 147/10

गेंदबाजी : जडेजा 3-0-17-2, खलील 3-0-17-1, कम्बोज 2.3-0-13-3, दुबे 2-0-33-0, नूर अहमद 4-0-21-3, पाथिराना 3-0-29-1, हुड्डा 1-0-15-0.

## हेजलवुड प्लेऑफ से पहले आरसीबी से जुड़े

**लखनऊ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड इंडियान प्रीमियर लीग के प्लेऑफ मुकाबलों से पहले रविवार को अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ गए। आरसीबी को प्लेऑफ से पहले लीग चरण में मंगलवार को यहां अपना आखिरी मुकाबला खेलना है। हेजलवुड की वापसी से टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत होगा। भारत और पाकिस्तान के सैन्य संघर्ष के कारण आईपीएल के एक सप्ताह तक निलंबित होने के बाद हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वह इस दौरान वह कंधे की मामूली चोट से भी जूझ रहे थे।

### खबर संक्षेप



### गिल को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा

**मुंबई।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा लेकिन युवा टीम का आकलन इतनी जल्दी नहीं किया जाना चाहिए। गिल को शनिवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत उनके उप कप्तान होंगे क्योंकि अगले महीने इंग्लैंड दौरे से नयी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। हरभजन ने कप्तान के रूप में गिल के चयन का स्वागत किया लेकिन कहा कि आगे काफी चुनौतियां हैं।

### अब भी भारत के लिए खेलने का सपना

**नई दिल्ली।** लगभग दो साल से भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से बाहर अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा अब भी टेस्ट टीम का हिस्सा बनने का सपना संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने करियर की दिशा को लेकर कोई पछतावा नहीं है। सैंतीस वर्षीय पुजारा ने आखिरी बार जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान भारत के लिए टेस्ट मैच खेला था। पुजारा ने कहा, 'अगर मुझे मौका मिलता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन निश्चित रूप से मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में रहना पसंद करता है।'



### पवन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** भारतीय मुक्केबाज पवन बार्तवाल ने रविवार को यहां कंबोडिया के साओ रेंगसा पर 5-0 की शानदार जीत के साथ चौथे थाईलैंड ओपन अंतराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता बर्तवाल ने बेहतरीन फुटवर्क और रणनीतिक कौशल के साथ मुकाबले पर अपना दबदबा बनाया और टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की।



5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला

## 10 खिलाड़ी पहली बार जाएंगे इंग्लैंड दौरे पर, तीन करेंगे डेब्यू



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है, जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। टीम में कई नए खिलाड़ियों को जगह दी गई है। ऐसे में 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।

करुण नायर की 8 साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा 20 जून से आगाज होगा। भारतीय टीम में रवींद्र जडेजा, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा अनुभवी हैं।

### तीन खिलाड़ी अनुभवी

*रवींद्र जडेजा ने 80 टेस्ट मैच अब तक खेले हैं। केएल 58 टेस्ट मैच में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। जसप्रीत बुमराह 45 और ऋषभ पंत 43 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। ऐसे में भारतीय टीम में अनुभव की कमी है। खासकर रोहित और कोहली के संन्यास लेने के बाद।*

### पहली बार इंग्लैंड दौरा

*भारतीय क्रिकेट फैंस को यह जानकर हैरानी होगी कि टीम इंडिया के 18 में से 10 खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे। अर्शदीप सिंह, अभिमन्यु ईश्वरन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतिश रेड्डी ये वो नाम हैं जो पहली बार इंग्लैंड का दौरा करेंगे।*

### तीन के पास डेब्यू का मौका

इसके अलावा 3 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनका अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू तक नहीं हुआ है। इनमें अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह शामिल हुए हैं। इन तीनों खिलाड़ियों को इंग्लैंड में अपने टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। हालांकि, इंग्लैंड की परिस्थितियों में इन युवा खिलाड़ियों की परीक्षा होगी।

## बहुत समय से वापसी का इंतजार था: नायर

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था। 33 वर्षीय नायर ने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। नायर को 2017 में टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर कर दिया गया था। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज है। टेस्ट टीम में चयन के बारे में उन्होंने कहा, 'बहुत शुक्रगुजार हूं कि मैं वापसी कर सका। खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला। मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। बहुत सारे बधाई के संदेश मिले हैं।'

## मिश्रित टीम ने जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में जीता रजत और कांस्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


फाइल फोटो

भारत ने रविवार को जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ जूनियर विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीता। भारत इस तरह दो दिनों में टूर्नामेंट में दूसरी बार दो पोडियम स्थान हासिल करने में सफल रहा। नारायण प्रणव और ख्याति चौधरी की जोड़ी ने रजत जीता जबकि हिमांशु और शांभवी क्षीरसागर की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया।

भारत इससे पदक तालिका दोहरे अंक (दो स्वर्ण, चार रजत, चार कांस्य) पर पहुंचने में सफल रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन दो और फाइनल होने हैं। ख्याति और नारायण की जोड़ी ने 38 टीमों के क्वालीफाइंग राउंड में 631.0 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। यह जोड़ी चीन के हुआंग युटिंग और हुआंग लिवानलिन की जोड़ी के पीछे रही। चीन की जोड़ी ने 632.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी। टीमें 15वीं सीरीज तक 14-14 अंक की बराबरी पर थी। चीन की जोड़ी ने 15वीं सीरीज को 0.5 से जीतकर 16 अंक हासिल किए और स्वर्ण पदक जीता।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराया

एजेंसी ▸▸ रोसारियो

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-1 से हराकर यहां चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारत के लिए सुखवीर कौर (39वें मिनट) और कनिका सिवाच (58वें मिनट) ने गोल किए, जबकि चिली के लिए जावेरीया सैन्ज (20वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। जावेरीया ने 20वें मिनट में गोल करके चिली को बढ़त दिलाई जिससे दूसरे हाफ में भारतीय टीम दबाव में रही। भारत ने हालांकि तीसरे क्वार्टर में सुखवीर के 39वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। फिर कनिका ने 58वें मिनट में गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। भारत का अगला मुकाबला अब रविवार (भारतीय समयानुसार सोमवार) को उरुग्वे से होगा।




### कार्लसन और नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी आज से पेश करेंगे चुनौती

# विश्व चैंपियन गुकेश नॉर्वे शतरंज के लिए तैयार

एजेंसी ▸▸ स्टावेंगर

क्लासिकल शतरंज शैली में सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देने की क्षमता रखने वाले विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगेसी सोमवार से शुरू होने वाले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे शीर्ष खिलाड़ी भी पेश करने को तैयार है।

शतरंज कैलेंडर पर सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक नॉर्वे शतरंज में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह खिलाड़ी शामिल हैं। इसे 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाता है। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार की महिला विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और आर वैशाली करेंगी। यह पहली बार है जब पुरुष वर्ग में भारत के दो खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे जिससे टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला खिताब जीतने की उम्मीद बढ़ गई हैं।



### वैश्विक चुनौती से पार पाना मुश्किल

पुरुष वर्ग में कार्लसन और अमेरिका के ग्रैंडमास्टर नाकामुरा जबकि महिला वर्ग में चीन की जू वेनजुन और ली टिंगजी की महिला जोड़ी को मात देना आसान नहीं होगा। नाकामुरा विश्व रैंकिंग में कार्लसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इसके बाद गुकेश (विश्व नंबर तीन) और एरिगेसी (नंबर चार) का स्थान है। इन दोनों को स्थानीय नायक कार्लसन और नाकामुरा के डिफेंस को भेदने के लिए बहुत धैर्य और एकाग्रता की आवश्यकता होगी। गुकेश हालांकि विश्व चैंपियन बनने के बाद सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं है।

### अब तक खिताब का इंतजार

यह टूर्नामेंट 2013 में पहली बार खेला गया था। उस समय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद सहित इसमें 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल थे। आनंद इस टूर्नामेंट में छह से अधिक बार खेले हैं और 2015 में उपविजेता रहे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि उन्हें इस टूर्नामेंट में 'बहुत रोमांचक मुकाबला' देखने की उम्मीद है, क्योंकि गुकेश और एरिगेसी दोनों में प्रेरणा की कमी नहीं होगी और वे पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे। कार्लसन छह खिताब के साथ इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता में चार भारतीयों की मौजूदगी भी देश में शतरंज के विकास का दर्शाती है।

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

सहायक है:
कब्ज़ गैस एसिडिटी

अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।




Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
Divisa
www.divisastore.com
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
UIN-A01-AY-PB-2025

## ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत

**बलिया।** बलिया जिले के रेवती थाना क्षेत्र के कुआंपीपर रेलवे फाटक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रेवती थाना पर कार्यरत होमगार्ड जवान श्रीभगवान पटेल (55) शनिवार अपराह्न कुआंपीपर गांव स्थित अपनी ससुराल पैदल जा रहा था, तभी रेलवे लाइन पार करते हुए बलिया-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत


**बरेली।** बरेली जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में भारी बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार बहेड़ी के ग्राम सकरस निवासी राजेंद्र श्रीवास्तव (40) रविवार को खेत में काम देखने गए थे तभी भीषण बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। बहेड़ी की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

### तेल रिसाव की आशंका, सरकार ने किया अलर्ट

# केरल तट के पास डूबा लाइबेरियाई जहाज

**भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने दिखाया कमाल, डूबते जहाज से 24 लोगों को बचाया**





एजेंसी ▸▸ कोच्चि/नई दिल्ली

केरल अपतटीय क्षेत्र में 640 कंटेनर ले जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज समुद्र में पलटकर डूब गया है, जिससे संभावित तेल रिसाव की आशंका पैदा हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जहाज पर कुल 640 कंटेनर लदे थे जिनमें से 13 में खतरनाक सामग्री थी। अधिकारियों ने बताया कि मालवाहक जहाज से चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अभी तक किसी तेल रिसाव की सूचना नहीं मिली है, क्योंकि भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, तटरक्षक बल भारतीय नौसेना के साथ मिलकर स्थिति पर नजर रख रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 25 मई की सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, एमएससी ईएलएसए 3 तेजी से झुका और पलटकर डूब गया, इसका कारण पानी भरना था। बयान में कहा गया कि जहाज पर रखे 640 कंटेनरों में से 13 में रासायनिक रूप से संवेदनशील सामग्री थी, जबकि 12 कंटेनर कैल्शियम कार्बाइड से भरे हुए थे इसके अलावा जहाज़ में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन 'फर्नेस ऑयल' लदा हुआ था। चालक दल के 24 सदस्यों में से 21 को शनिवार को ही भारतीय तटरक्षक बल द्वारा बचा लिया गया था, तथा शेष तीन को बाद में आईएनएस सुजाता द्वारा बचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि केरल के तट के आसपास का समुद्री पारिस्थितिक तंत्र बहुत संवेदनशील है, इसलिए भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

### असंतुलित होने से आया संकट

तटरक्षक बल ने पुष्टि की है कि जहाज में मरीन गैस ऑयल और अति निम्न सल्फर ईंधन तेल था। जहाज़ के असंतुलित होने के कारण संकट की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके बाद आपातकालीन सहायता का संदेश भेजा गया। कोच्चि स्थित भारतीय तटरक्षक बल के समुद्री बचाव उप-केंद्र ने तुरंत एक समन्वित बचाव अभियान शुरू किया।

### डोर्नियर विमान से की गई हवाई निगरानी

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि तटरक्षक बल का एक डोर्नियर विमान हवाई निगरानी के लिए भेजा गया, जिसने दो जीवनरक्षा नौकाओं (लाइफ राफ्ट्स) में मौजूद लोगों को देखा। शनिवार की शाम तक, जहाज़ पर सवार रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपीन के नागरिकों समेत कुल 24 में से 21 चालक दल के सदस्यों को बचा लिया गया था। तीन वरिष्ठ अधिकारी जहाज़ पर ही रुक गए थे ताकि बचाव व पुनःस्थापन कार्यों में सहायता कर सकें।

## सांसदों को बताया गया कि चल रहा काम लेकिन मौके पर एक मजदूर भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर



जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के रूके हुए स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य के संबंध में सांसदों ने जब अधिकारियों से कारण पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि वहां काम चल रहा है। कोई भी काम को बंद नहीं किया गया है, लेकिन मौके पर पहुंचने के बाद किसी को भी एक भी मजदूर तक मौके पर नजर नहीं। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य को जिस कंपनी ने लिया है, उसपर सीबीआई की कार्रवाई और जांच के कारण काम अभी भी अधर में लटका हुआ है।

■ स्टेशन डेवलपमेंट का काम लटका अधर में

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में 492 करोड़ की लागत से होने वाले स्टेशन डेवलपमेंट की राशि 100 करोड़ रुपए घटकर 392 करोड़ हो चुकी है। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य को करने से पहले जोनल और डिवीजन के अफसरों ने पहले पूरे स्टेशन एरिया का सर्वे किया, जिसके बाद इसका ठेका झांझरिया निर्माण कंपनी को दे दिया गया। करीब डेढ़ साल पहले बिलासपुर स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह बनाने के लिए काम की शुरुआत करते हुए कंपनी के कर्मचारियों और मजदूरों ने पहले चरण में गेट नम्बर चार के एफओबी में बने रैंप को तोड़ा, जिसके बाद गेट नम्बर तीन पर संचालित होने वाले अनारक्षित टिकिट काउंटर को गेट नम्बर एक पर संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय में शिफ्ट करते हुए गेट नम्बर तीन से लेकर जनआहार के बाहर तक का रास्ता शेड लगाकर चारों ओर से बंद कर दिया गया।

### चल रही है चर्चा

स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य को गतिशक्ति यूनिट की देखरेख में किया जा रहा है। इसके संबंध में गतिशक्ति यूनिट से लगातार संवाद चल रहा है, ताकि टाइम लाइन पर काम पूरा किया जाए। रेलवे का भी पूरा लक्ष्य है कि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसे देखते हुए नियत निर्धारित समय पर काम पूरा कर लिया जाएगा।

अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## केदारनाथ में 22 दिन में 5 लाख भक्तों ने किए दर्शन

**हरिद्वार।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा के शुरू होते ही तीर्थ यात्रियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों में से सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम में भक्तजनों ने अबतक दर्शन किए हैं। केदारनाथ में 22 दिन में पहुंचे 5 लाख भक्त दर्शन कर चुके हैं।

विदित हो कि केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को दर्शनार्थ खोले गए थे। चारधाम पर जाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। विदित हो कि गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट 30 अप्रैल को खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया था। चारों धामों में अबतक 13 लाख से ज्यादा भक्तजनों ने दर्शन कर चुके हैं। केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में अब इजाफा होने लगा है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड में यात्रियों का सैलाब उमड़ रहा है।

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

Hero
XTREME 125R
THE MOST ADVANCED 125CC
CHALLENGE THE EXTREME
NOW AVAILABLE IN SINGLE SEAT



SINGLE SEAT
First in Segment# SINGLE CHANNEL ABS
MONOSHOCK SUSPENSION BY SHOWA
SPRINT-EBT Engine
STARTING PRICE ₹98,807##
LOW DOWN PAYMENT ₹9,999~
Toll Free Number: 1800 266 0018
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ##Ex-showroom price of Xtreme 125R IBS Variant in Chattisgarh. #Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segments. **The discount is applicable on minimum transaction of Rs. 1,00,000, subject to the credit card company's T&Cs. T&C apply. ~Financial schemes are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs.
BANKING PARTNER HDFC BANK BOBCARD RBL BANK apno ka bank
pine labs PAY LATER
UPTO ₹9,500 INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD EMI**
अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोसिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, मनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, डोंगरगांव: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, सिमगा: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, कोंडागांव: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अम्बिकापुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, सुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, बैकुंठपुर: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, मगरलोड: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, तिल्दा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, पलोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, सुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जशपुर: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, सिहावा: भारत मोटर्स 9993417123, सिमगा: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, मोहला: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरफान: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.
FCB INTERFACE/2350/MAY25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com